जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, मंगलवार, 28 जनवरी, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 269 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.




स्मृति को दमदार बैटिंग का इनाम

पेज: 10

## उत्तराखंड में यूसीसी लागू : पहला राज्य बना उत्तराखंड

### सीएम धामी ने किया औपचारिक ऐलान

**देहरादून।** उत्तराखंड में सोमवार से यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू हो गया है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका औपचारिक ऐलान कर दिया है। सीएम ने यूसीसी को लेकर सोमवार को ही वेब पोर्टल भी लॉन्च कर दिया साथ ही साथ यूसीसी की नियमावली भी जारी की है। यूनिफॉर्म सिविल कोड शादी, तलाक, मेंटिनेंस, संपत्ति का अधिकार, गोद लेने और उत्तराधिकार जैसे क्षेत्रों को कवर करता है। उत्तराखंड सोमवार को यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। इससे पहले असम समेत कई राज्यों ने भी यूसीसी अधिनियम को एक मॉडल के रूप में अपनाने की इच्छा जताई है। उत्तराखंड सरकार का ये कदम ऐतिहासिक है क्योंकि इससे राज्य के सभी लोगों के लिए एक कानून होगा, जिससे उन्हें समानता का एहसास होगा। इससे राज्य को नई पहचान मिलेगी और वह सामाजिक और कानूनी न्याय के सुधार की दिशा में आगे बढ़ेगा।

### उपराष्ट्रपति ने की सराहना

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तराखंड में यूसीसी लागू होने पर खुशी जताते हुए इसे संविधान निर्माताओं के सपने को साकार करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है, जो न केवल देश के संविधान में निहित राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों को लागू करता है, बल्कि देश में लिंग समानता और सामाजिक सामंजस्य को भी बढ़ावा देगा। उपराष्ट्रपति ने यह टिप्पणी राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम के पांचवें बैच के उद्घाटन समारोह में की।

## 76वां गणतंत्र दिवस समारोह

# राष्ट्रपति मुर्मू ने फहराया तिरंगा

### पीएम नरेन्द्र मोदी और उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दी झंडे को सलामी

### पीएम मोदी ने पेश की मिसाल, कर्तव्य पथ पर उठाया कूड़ा

### उपराष्ट्रपति के स्वागत के लिए जाते वक्त पीएम ने उठाया कूड़ा

### पीएम की इस छोटी सी पहल ने लोगों को दिया बड़ा संदेश







**नई दिल्ली।** रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर तिरंगा फहराया। वहीं ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान भी गाया गया। इस खास मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित वहां मौजूद सभी गणमान्य लोगों ने झंडे को सलामी दी। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर कर्तव्य पथ पर परेड की शुरुआत हुई। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक जाकर शहीदों को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों रक्षा सेवाओं के प्रमुख भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत के 76वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर कचरा उठाकर स्वच्छ भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए एक सशक्त उदाहरण पेश किया। इंटरनेट सोशल पर भी यह वीडियो खूब प्रसारित हो रहा है और लोग जमकर सराहना कर रहे हैं। कर्तव्य पथ पर मोदी प्रोटोकॉल के अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत करने के लिए तैयार थे। जब उन्होंने धनखड़ के वाहनों को समारोह स्थल की ओर आते हुए देखा तो वे प्रवेश द्वार की ओर बढ़े, तभी उन्होंने जमीन पर कूड़ा पड़ा देखा। वे तुरंत वहां रुके और झुककर कूड़ा उठाया। उन्होंने उस कचरे के टुकड़े-टुकड़े करके उसे अपने एक सुरक्षाकर्मी को दे दिया। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

## राष्ट्रपति के 'एट होम' समारोह में दक्षिण भारत के व्यंजनों की खुशबू

### सांस्कृतिक विविधता पर आधारित रहा एट होम समारोह

राष्ट्रपति भवन में रविवार को द्रौपदी मुर्मु द्वारा आयोजित एट होम समारोह दक्षिण भारत के व्यंजनों की खुशबू महकी। सांस्कृतिक विविधता पर केंद्रित इस समारोह में इस क्षेत्र के व्यंजन, वस्त्र और कला को को प्रमुखता दी गई। एट होम समारोह में इस वर्ष के गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, सैन्य, पुलिस अधिकारी और राजनयिक शामिल हुए।

## पीएम मोदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर बलिदानी सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने रक्षा प्रमुख और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर मोदी का स्वागत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। प्रधानमंत्री ने कर्तव्य पथ पर सलामी मंच के लिए प्रस्थान करने से पहले आगंतुक पुस्तिका पर हस्ताक्षर भी किए।

### इन नेताओं ने भी दी बधाई

पूर्व नेपाली पीएम शेर बहादुर देउबा और मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह भी उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने गणतंत्र दिवस पर मोदी को बधाई संदेश दिए। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम और प्रधानमंत्री लारेंस वोंग ने सिंगापुर और भारत के बीच घनिष्ठ संबंधों की सराहना की तथा दोनों देशों के बीच साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने की इच्छा व्यक्त की। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने अपने संदेश में कहा कि उनका देश शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा, जहां संप्रभुता का सम्मान किया जाएगा।

### पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा धन्यवाद

इसके जवाब में मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत अपने गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। ऐसे में हम दोनों देशों के बीच दोस्ती के ऐतिहासिक बंधन को भी संजोकर रखते हैं। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में यह और मजबूत होता रहेगा।

### कर्तव्य पथ पर दिखा 'लघु भारत'

देश के विभिन्न भागों से आए पांच हजार कलाकारों ने रविवार को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर 45 विभिन्न नृत्य शैलियों का प्रदर्शन कर मन मोह लिया। हिमाचल प्रदेश से लेकर आंध्र प्रदेश और मणिपुर से लेकर गुजरात तक कर्तव्य पथ पर लघु भारत उतर आया, क्योंकि पारंपरिक वेशभूषा पहने कलाकारों ने एक टीम की तरह प्रदर्शन किया।

## 76वां गणतंत्र दिवस समारोह

# सीएम ने उदयपुर सर्किट हाउस पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार सुबह उदयपुर के सर्किट हाउस पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। सीएम भजनलाल शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को हवा सिंह के नेतृत्व में महाराणा प्रताप बटालियन की एक कम्पनी की टुकड़ी ने सलामी दी। कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएम शर्मा ने शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को उदयपुर के नगर निगम टाउन हॉल परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस दौरान उन्होंने यहां विजिटर्स बुक में संदेश लिखते हुए देश की रक्षा में वीरगति को प्राप्त सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर उच्च अधिकारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### सैफ को चार घंटे में मिला 25 लाख का क्लेम

**मुंबई।** एसोसिएशन ऑफ मेडिकल कंसल्टेंट ने भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण को पत्र लिखा है। इसमें पूछा गया है कि पिछले सप्ताह लीलावती अस्पताल बांद्रा में सैफ अली खान के कैशलेस ट्रीटमेंट के लिए 25 लाख रुपए की मंजूरी इतनी जल्दी कैसे मिल सकती है। एएमसी लेटर में कहा है कि यह आम पॉलिसीधारकों को मिलने वाले लाभों की तुलना में एक सेलिब्रिटी के लिए प्रिफरेंशनल ट्रीटमेंट दिखाता है।

### खाई में गिरी सेना की गाड़ी, चार घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना की गाड़ी खाई में पलट गई। हादसे में सेना के 4 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा सावजियां इलाके के गंतार मोड़ पर उस समय हुआ जब जवान पेट्रोलिंग के बाद अपने कैम्प में लौट रहे थे।

### मुडा जमीन घोटाला केस, नोटिस जारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी जमीन घोटाला केस में ईडी ने नोटिस जारी किया है। उन्हें ईडी के बेंगलुरु दफ्तर में मंगलवार सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले 17 जनवरी को ईडी ने सीएम सिद्धारमैया और अन्य की 300 करोड़ कीमत की अचल संपत्तियां जब्त की थी।

## अंतरिक्ष से दिखा अद्भुत महाकुंभ का नजारा



नासा के अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट ने अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से महाकुंभ की एक अद्भुत तस्वीर साझा की है, जिसमें संगम नगरी प्रयागराज रोशन नजर आ रही है।

## वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी की बैठक

# एनडीए के सभी संशोधन स्वीकार

### 44 प्रावधानों में सैकड़ों संशोधन वोटिंग से खारिज

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने सत्तारूढ़ भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को सोमवार को स्वीकार कर लिया और विपक्षी सदस्यों के संशोधन प्रस्तावों को खारिज कर दिया। समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने बैठक के बाद बताया कि समिति द्वारा स्वीकार किए गए संशोधनों से कानून बेहतर और प्रभावी होगा। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की निंदा की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को 'पलटने' का आरोप लगाया। समिति द्वारा प्रस्तावित अधिक महत्वपूर्ण संशोधनों में से एक यह है कि मौजूदा वक्फ संपत्तियों पर 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' के आधार पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है, जो वर्तमान कानून में मौजूद है। नए संस्करण में इसे हटा दिया जाएगा, जहां संपत्तियों को केवल धार्मिक इस्तेमाल के उद्देश्यों के लिए लंबे समय तक उपयोग के आधार पर वक्फ माना जा सकता है।

### विपक्ष के सैकड़ों संशोधन खारिज

पाल ने कहा कि विधेयक के 14 प्रावधानों में एनडीए सदस्यों द्वारा पेश संशोधनों को स्वीकार कर लिया गया है। विपक्षी सदस्यों ने सभी 44 प्रावधानों में सैकड़ों संशोधन पेश किए और उनमें से सभी को मत विभाजन से खारिज कर दिया गया। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजिजू ने गत 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया था और इसके बाद इसे संयुक्त समिति को भेज दिया गया था।

### जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया 76वां गणतन्त्र दिवस

# जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने फहराया राष्ट्रीय परचम



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** 76वां गणतंत्र दिवस जिले में समारोहपूर्वक और हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला स्तरीय गणतंत्रा दिवस समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित आरएसी परेड ग्राउण्ड पर किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड में शामिल राजस्थान पुलिस, राजस्थान सशस्त्र पुलिस, राजस्थान गृह रक्षा दल, एनसीसी, स्काउट गाइड कब बुलबुल दल, सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज एवं सीनियर डिवीजन गर्ल्स उमादत्त कॉलेज, एनसीसी जूनियर डिवीजन उमादत्त स्कूल की टुकड़ियों का निरीक्षण किया। समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन धीरेन्द्र सिंह ने राज्यपाल महोदय के प्रदेश के नाम संदेश पढ़कर सुनाया। गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। मयूरी विशेष विद्यालय की छात्राओं की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी लोगों ने विशेष बच्चों के सम्मान में करतल ध्वनि से अभिनंदन किया। विशेष बच्चों ने समारोह में मौजूद दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय एवं पंडित उमादत्त विद्यालय, बाड़ा हैदरशाह विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा दी गई सहासिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को विस्मित कर दिया।

**हैरतंगेज कारनामों ने किया अचंभित :** समारोह के दौरान मोटरसाइकिल पर आरएसी छठी बटालियन के जवानों ने साहसिक हैरतंगेज प्रदर्शन किये। मोटरसाइकिल पर प्राणायाम, शीर्षासन, मोटरसाइकिल के मध्य सेतु का निर्माण, अग्नि चक्र से मोटरसाइकिल का प्रवेश, मोटरसाइकिल पर पिरामिड जैसे साहसिक कृत्यों का प्रदर्शन किया। हैरतंगेज कलाबाजियों ने दर्शकों को अचम्भित कर दिया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने आरएसी टुकड़ी के कमाण्डर हरेन्द्र सिंह को मय टीम उनकी प्रस्तुति के लिये शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर तत्क्षण सम्मानित किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद कमल सिंह की पत्नी सुशीला देवी, शहीद कम्मोद सिंह की पत्नी उर्मिला देवी, शहीद राघवेन्द्र सिंह की पत्नी अंजना सिकरवार, शहीद भागीरथ की पत्नी रंजना देवी, शहीद रणजीत सिंह की पत्नी रेखा तौमर को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर जिला कलक्टर ने सम्मानित किया और उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में झांकी प्रदर्शन के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा स्पेडेक्श मिशन का प्रदर्शन किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, वन विभाग द्वारा वन संपदा संरक्षण, कृषि विभाग द्वारा नैनो यूरिया एवं उन्नत सिंचाई प्रणाली, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मतदाता जागरूकता, महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर समारोह में धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह, जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, नगर परिषद सभापति धौलपुर खुशबू सिंह, उपखण्डाधिकारी धौलपुर डॉ. साधना शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र पाराशर, भाजपा कार्यकर्ता डॉ. शिवचरण कुशवाह, सहित अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक तथा मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। मंच संचालन गोविन्द गुरु ने किया।

## नगर श्री में खूब जमीं काव्य गोष्ठी




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री में रविवार शाम को साहित्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। सचिव श्यामसुन्दर शर्मा ने बताया कि हर माह के अंतिम रविवार को होने वाली पं. कुंजविहारी शर्मा स्मृति साहित्य गोष्ठी की 170वीं कड़ी का आयोजन शिक्षाविद् देवकिशन सैनी अध्यक्षता व शिक्षक साहित्यकार राजेन्द्र शर्मा 'मुसाफिर' के विशिष्ट सान्निध्य में हुई। गोष्ठी के प्रारंभ में संयोजक प्रो. कमलसिंह कोठारी ने गणतंत्र दिवस की पृष्ठभूमि पर संगोपांग प्रकाश डाला। काव्य-कलश गोष्ठी का शुभारंभ मंगल व्यास भारती के देश भक्ति कविता-गीत देश के गाता हूं....से प्रारंभ हुई। अब्दुल मन्नान 'मजहर' की कविता- माटी मेरे देश की महके जैसे फूल.... आओ मिल कर करें हिफाजत भारत के संविधान की..... मोहम्मद इदरीस खत्री 'राज' की गजलों-ऐसी छवि बनाओ ऐ दोस्तों जहां में अपना भी नाम आए..., प्यार से नफरतों को जीतेंगे.... मैं बला हूं टालकर देखों...., ने खूब समां बांधा। मनमीत सोनी की कविता व गजल धूप के हाथ में नहीं....., जमीं पर अगर चोर के निशान नहीं.... ने खूब तालियां बटोरी। कमल सिंह कोठारी की कविता- श्रद्धा के दो फूल चढ़ाना मातृभूमि की धूल चढ़ाना..., शहीद की सीहत, फौजी आदि क्षणिकाओं को खूब सराहा गया। राजेन्द्र शर्मा मुसाफिर की कविता- राजनीति के रंगमंच फूहड़ता से श्रृंगारित है...., विजयकांत शर्मा की हास्य रस की कविता व पिंटू शर्मा की कविता- अपनों से कई जख्म खाएं हैं.... पर खूब वाहवाही मिली। मोतीलाल सोनी भी उद्बोधन दिया। डी.के. सैनी ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। संचालन प्रो. कमलसिंह कोठारी ने किया।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर कल

**सादुलपुर।** राजगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मुंदी ताल में श्री तेजाजी महाराज के दिवस के पावन अवसर पर ग्राम मुंदीताल की धरती पर निशुल्क चिकित्सा शिविर बुधवार 29 जनवरी को लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत मुंदी ताल सरपंच रतनी देवी ने बताया कि सामुदायिक भवन भगत सिंह चौक में आयोजित किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर धौलपुर में किया गया ध्वजारोहण

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सतीश चंद द्वारा 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि 26 जनवरी को हर साल मनाया जाने वाला गणतंत्र दिवस भारत के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। गणतंत्र दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था और हमारे देश भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया। गणतंत्र दिवस के दिन हम महान पुरुषों के बलिदान को याद करते हैं। हमें महापुरुषों के आदर्शों का अपने जीवन में अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान माननीय रालसा जयपुर के निर्देशानुसार भारत के संविधान के अनुच्छेद 51क मूल कर्तव्यों का वाचन कराते हुए विधिक जानकारी प्रदान की गई एवं कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बालिकाओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई।

### अब आधार से जुड़ेगी जमाबंदी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभाग के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्टर एग्रीस्टैक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे देश में किसानों के लिए एक व्यापक और एकीकृत रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। यह रजिस्ट्री किसानों के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उनका लाभ सभी लाभार्थियों तक कुशलता एवं शीघ्रता से पहुंचाने के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। जिले की समस्त ग्राम पंचायतां पर फार्मर रजिस्ट्री के शिविर 5 फरवरी से आयोजित किये जायेंगे। शिविरों में इस योजना के अन्तर्गत किसान की जमाबंदी भू-अभिलेख को उसके आधार कार्ड से जोड़कर एक यूनिक आई.डी. बनाई जाएगी जिससे भविष्य में किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं कृषि विभाग की अन्य योजनाओ का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। फार्मर रजिस्ट्री के कैम्प 5 फरवरी को तहसील धौलपुर की ग्राम पंचायत तगावली, तहसील मनियां की ग्राम पंचायत मनियां, तहसील सैपऊ की ग्राम पंचायत निधेरा कलां, तहसील बसईनबाब की ग्राम पंचायत नंदपुरा, तहसील राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत बसईघीयाराम, तहसील बाड़ी की ग्राम पंचायत धनौरा, तहसील बसेड़ी की ग्राम पंचायत नादनपुर, तहसील सरमथुरा की ग्राम पंचायत पिपरेंट में आयोजित किये जायेगे। फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. हेतु जिले के समस्त किसान अपने आधार कार्ड को वर्तमान में उपलब्ध मोबाईल नम्बर से जुडवाये एवं फार्मर रजिस्ट्री कैम्प के दौरान किसान अपने आधार कार्ड की कॉपी, जमाबंदी की नकल एवं मोबाईल फोन साथ लायें, जो आधार कार्ड से जुडा हो जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविर के दौरान फार्मर आई.डी. सुगमता से बनाई जा सके जिससे भविष्य में केन्द्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाली योजनाओ का लाभ निरन्तर प्राप्त हो सकें।

### बैंक चैयरमेन डूडी ने किया ध्वजारोहण



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** जिला सहकारी भूमि विकास बैंक में बैंक के चैयरमेन ईश्वर राम डुडी ने गणतन्त्र दिवस पर बैंक पर ध्वजारोहण किया। इस मोके पर डुडी ने कहा कि हमें तिरंगे की आन बान और शान को अक्षुण बनाए रखना है और संविधान का मान बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम में उप रजिष्टार सहकारी समिति के सचिव सुनिल मांडिया ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर लियाकत अली, डॉ. फुलसिंह पुनिया, सुरेन्द्र सोलंकी, राजेश व रामनिवास आदि उपस्थित रहे।

### प्रशासक अधिकारी व आयुक्त ने किया ध्वजारोहण



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** नगर परिषद में 76 वें गणतंत्र दिवस पर आयुक्त अभिलाषा सिंह व परिषद की प्रशासक अधिकारी अर्पिता सोनी ने ध्वजारोहण किया। प्रशासक अधिकारी अर्पिता सोनी ने कहा कि देश की आजादी में देश के वीरों ने जो सहादत दी उसको सदैव याद रखा जायेगा। देश के महा पुरूषों के कारण ही हमें देश को आजादी मिली है। जिनकी वजह से हम लोग आजादी की सांस ले रहे है। इस अवसर पर नगर परिषद के सफाईकर्मियों व कार्मिको उल्लेखनीय कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** शहीद हरफूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा में गणतंत्र दिवस पर विभिन्न सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन के साथ हुआ, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सीताराम सिंघल ने की प्रधानाचार्य ने ग्रामवासियों से शिक्षा को लेकर जागरूकता के साथ कार्य करने व नामांकन बढ़ाने के सहयोग की अपील की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत अध्यापक रामेश्वर लाल पूनिया ने शिक्षा अनुशासन व बोर्ड परीक्षाओं के लिए कठिन मेहनत, लगन के साथ तैयारी करने पर बल दिया इस अवसर पर भामाशाहों का सम्मान, बोर्ड परीक्षा 2024 में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सुरेन्द्र गोठवाल की तरफ से प्रतीक चिन्ह व अध्यापक सुनिल बैरासर की तरफ से प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। ग्रामवासियों ने विद्यालय में सहयोग का आश्वासन दिया इस अवसर पर ग्रामवासी रामेश्वर पूनिया, मुरारी लाल शर्मा, हवलदार पन्नेसिंह शेखावत ओमप्रकाश शर्मा, काशीराम जांगिड़, विजेन्द्र रॉयल,पूर्व सरपंच कृष्ण राठौड़, प्रभुराम महला, दुलीचंद मुहाल, महेंद्र श्योराण, तनसुख पंघाल,नानूराम पूनिया, राजेंद्र जाखड़, सांवरमल जांगिड़, सूबेदार अर्जुन राम, रोहताश गोठवाल, गंगासिंह राठौड़, जगमाल सिंह राठौड़,धर्मपाल पूनिया, रामकिशन पूनिया,उगम सिंह राठौड़,रघुवीर सिंह राठौड़,भूपसिंह सिहाग,महेंद्र ढाका करण सिंह राठौड़ व विद्यालय स्टाफ व्याख्याता सुशीला, अध्यापक धर्मवीर खीचड़, शीशराम राव,देवेन्द्र काजला, मनोज सैनी,पवन फौगाट,अजय पूनिया आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तरीय साक्षरता प्रशिक्षण का आयोजन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** आधारभूत साक्षरता, संख्या ज्ञान ,जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा के उद्देश्य से नवभारत साक्षरता व उजास शिक्षण कार्य के संबंध में पंचायत समिति सभागार में एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण के आयोजक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमदत्त सारण ने प्रशिक्षण लेने आए चूरू ब्लॉक के सभी 40 पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी तथा यूसीईईओ को इस प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं को समझने तथा साक्षरता के सम्बन्ध दिए गए लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद गहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के क्रियान्वयन के लिए अप्रैल 2022 से शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लास ऐप, डिजिटल साक्षरता लर्नर्स, स्वयंसेवी शिक्षकों के चयन एवं महात्मा गांधी वाचनालय के माध्यम से चुरू को वर्ष 2030 तक पूर्ण साक्षर करने की योजना तैयार की गई है। दक्ष प्रशिक्षक व्याख्याता धर्मेंद्र कुमार सोलंकी और कपिल वर्मा ने नवभारत साक्षरता पर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक कल्पना फगेडिया, श्याम सुंदर पूनिया, प्रधानाचार्य महेश सोनी, सत्यनारायण सैनी, भंवरलाल गुर्जर, विजय कुमार धुंधवाल, प्रमेंद्र शर्मा सहित ब्लॉक के सभी पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी तथा यूसीईईओ उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



**धौलपुर।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग धौलपुर में 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए कहा। परिवहन विभाग की ओर से जिला स्तरीय मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों के मध्य राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात नियमों से संबंधित विद्यार्थियों के अधिकार, स्कूल प्रबंधन के अधिकार और सड़क सुरक्षा को लेकर पंपलेट का वितरण किया गया। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने छात्रों को पंपलेट वितरण करते हुए कहा कि इसे ध्यान पूर्वक पढ़ें और पढ़ने के बाद अपने साथी छात्रों को दें। इससे पूर्व विभाग द्वारा नगर परिषद टाउन हॉल में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम समारोह में स्कूली बच्चों के बीच विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत द्वारा शपथ दिलाई गई।

## लखवीर सिंह लख्खा के भजनों पर झूमें लोग



**चूरू।** निकटवर्ती गांव ढ़ांढ़ंण में अखिल भारतीय माँ टीडा गेला बसंतोत्सव परिवार की ओर से टीडा गेला दादी के 25वें अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव के तहत रविवार सुबह से चल रहे भजन-कीर्तन में अकोला की नेतल शर्मा, कोलकाता के मोनू मोर, कोलकाता के मूलचंद बजाज, नवीन जोशी, राजू मेहरा, कोलकाता, के शुभम-रूपम बाजोरिया, लखवीर सिंह लख्खा, विशाल बजाज, सिलीगुड़ी की स्वाति अग्रवाल सहित अनेक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान शुभम-रूपम ने दादी थारां टाबरिया थाने याद करें, दादी-दादी बोल दादी सुन ले सी...और लखवीर सिंह लख्खा ने किजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा ये काम मेरी राम जी से कह देना जय सियाराम, प्यारा सजा है तेरा द्वार दादी, मैया का चोला है रंगला जैसे अनेक भजनों पर श्रोता भाव विभोर हो गये।

## गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों, छात्रा छात्राओं, भामाशाहों व स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें प्रसाविका व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरेली वंदना शर्मा, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीना, सीनियर नर्सिग ऑफिसर सतीष चन्द शर्मा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लाखनसिंह, आचार्य अंग्रेजी राजकीय महाविधालय सोहराब शर्मा, संस्थाप्रधानअध्यापक एल-2 पीएम श्री महात्मा गांधी रा.वि. रहल ब्लॉक बाड़ी पारसराम, अध्यापक एल-2 रा.उ.मा. वि. मत्सूरा बाडी दिलीप कुमार मंगल, अध्यापिका, बालिका आश्रम छात्रावास आंगई दुर्गेष परमार, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक षिक्षा अधिकारी बसेड़ी राजेन्द्र कुमार मीना, ए.पी.सी. कार्यालय अति. जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा बबिता पाराशर, व्याख्याता रा.बा.उ.मा.वि. धौलपुर भगवान सिंह मीना, अति.प्रशा. अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी भूपेष कुमार शर्मा, शशिकांत भास्कर, रामबेटी, राकेश गिरी, अंकित गर्ग, राजेष तिवारी, पिंटू पोसवाल, अंकुर कौशिक, नीलम मिश्रा, गीता विश्नोई, मौहरसिह, सरोज कुमारी, शहीद अहमद, दीपक शर्मा, राजकुमार मीना, संदीप कुमार शर्मा, कोहिनूर, रामदीन, भगवान शुक्ला, राधाकृष्ण शर्मा, बृजमोहन शर्मा, मनोज कुमार, ममता जैन, मांगीलाल आर्य, सुधा गर्ग, नौषाद, सागर, शिवदत्त गोस्वामी, मंजू अग्रवाल, वृजेश कुमार शर्मा, मनोज कुमार वर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, राजीव शर्मा, सोमी जैन, नरेन्द्र कुमार यादव, भूपेश, सुनील कुमार, देवेन्द्र तिवारी, किशन लाल मीणा, दीन दयाल, ईश्वर दयाल, मनोज शर्मा, चंद्रभान इत्यादि को सम्मानित किया जायेगा। छात्र, छात्रा व खिलाड़ी वर्ग में अनन्या यादव, अभिनव सिंह, सुहानी शर्मा, साक्षी रावत, समीर खान, नेहा, अनीता, साक्षी परमार, कृष्णा, दक्ष शर्मा, अमन शर्मा को सम्मानित किया जायेगा। भामाशाह, समाजसेवक, स्वयंसेवी संस्था व कलाकार व्यक्तियों में अनवार अहमद, सूरज सैनी, मंजरी फाउडेंषन, मिनहाज उल हक, कनुप्रिया कौषिक, रामनिवास गर्ग, मृदुल कृष्ण भारद्वाज, शमसुददीन कुरैशी को एवं पत्रकार वर्ग में भानू शर्मा व रोहित शर्मा आदि को जिला कलक्टर द्वारा सम्मानित किया गया।

## सीएमएचओ डॉ. मीणा ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

### गंदगी देख जताई नाराजगी, चिकित्सा अधिकारी को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तसीमो और कैंथरी का औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने साफ-सफाई और चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पीएचसी तसीमो पर गंदगी पाए जाने और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि साफ-सफाई के कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र पर कई कमरों में सीलन आ रही थी, जिस पर उन्होंने चिकित्सा अधिकारी को सुधार हेतु एस्टीमेट बनवाकर भिजवाने के निर्देश दिए ताकि आगामी कार्यवाही की जा सके। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैंथरी के निरीक्षण के दौरान यह संज्ञान में आया कि भवन के अभाव में पीएचसी उप उपस्वास्थ्य केंद्र में संचालित है। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को नवीन भवन के लिए भूमि आवंटन हेतु पटवारी और सरपंच से मिलकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुचारू रूप से संचालित हो सके और राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन को उनके घर के नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना, मुफ्त जांच और दवा वितरण जैसी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्मिकों को निर्धारित ड्रेस कोड में नियमित समय पर मुख्यालय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, प्रसूता वार्ड, और जांच केंद्र का निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने किया ध्वजारोहण



**चूरू।** कोर्ट परिसर में 76 वें गणतंत्र दिवस पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रविन्द्र कुमार ने ध्वजारोहण किया।जिला एवं सेशन न्यायाधीश रविन्द्र कुमार ने कहा कि। आज के दिन हमें सुभाष चंद्र बोस डॉ बीआर अंबेडकर और महात्मा गांधी जैसे हमारे कई महान नेताओं की दूरदर्शिता और योगदान को याद करना चाहिए। आज हम 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं जो 26 जनवरी, 1950 को हमारे संविधान को अपनाने का प्रतीक है। यह दिन इसलिए भी बहुत खास हो जाता है क्योंकि इस दिन ही हमने अंग्रेजों के नियम-कायदों से हटकर अपना अलग संविधान तैयार करने के बाद लागु किया गया। इस अवसर पर जिला विविध सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ.शरद कुमार व्यास, सीजेएम हरीश कुमार, सीएम कनिष्का यादव, एजेएम सिवानी, प्रोटोकॉल ऑफिसर राजकुमार स्वामी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, अपर लोक अभियोजक रोशन सिंह राठौड़, न्यायिक कर्मचारी संघ के सचिव प्रकाश सिंह राव, सचिव फिरोज खान, एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह, एडवोकेट विवेक सोनी, सुमेर सिंह आदि मौजूद रहे।



## नेहरू सहकार भवन में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** 76वां गणतंत्र दिवस रविवार को नेहरू सहकार भवन परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अतिरिक्त रजिस्ट्रार (प्रथम) शिल्पी पांडे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। सहकारिता विभाग, राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सहकारी संस्थाओं के अधिकारी व कर्मचारी इस दौरान उपस्थित रहे। विभिन्न अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों और कविताओं की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर सभी को मिष्ठान वितरित किया गया।

## राजफैड प्रबंध निदेशक ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**जयपुर।** राजस्थान राज्य सहकारी विपणन संघ लि. (राजफैड) के प्रबंध निदेशक नारायण सिंह ने रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजफैड परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने इस अवसर पर सभी को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। राजफैड के अधिकारी व कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी को मिष्ठान वितरित किया गया।



## वेद विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री नरवर आश्रम सेवा समिति श्री खोले के हनुमानजी मंदिर की ओर से संचालित पं. श्री राधेलाल चौबे वेद विद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को राष्ट्र ध्वज फहराया गया। समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर मंदिर परिसर में संचालित वेद विद्यालय के विद्यार्थियों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्र ध्वज फहराकर गया। वहीं विद्यार्थियों की ओर से राष्ट्र सूक्त का पाठ किया गया।



## दृष्टिहीन बालकों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री अग्रसेन शिक्षण समिति (रजिस्टर्ड) ने विश्वकर्मा एरिया में स्थित लुई ब्रेल दृष्टिहीन विकास संस्थान में दृष्टिहीन बालकों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया।

समिति के महामंत्री स्वतंत्र मित्तल एवं संयोजक महेंद्र बैराठी ने बताया की समारोह के मुख्य अतिथि समिति अध्यक्ष एडवोकेट ओपी गुप्ता एवं स्कूल के संरक्षक एमपी गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। समिति के संरक्षक मुरारी लाल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष विट्ठल दास अग्रवाल ने संस्था के सचिव ओम प्रकाश अग्रवाल का सम्मान किया। समिति की ओर से संस्थान का एवं मेधावी छात्रों साहिल गुर्जर व सौरभ सेन का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर दृष्टिहीन बालकों ने जोशीले अंदाज में देश भक्ति गीतों एवं सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

समिति की ओर से बच्चों को भोजन कराया गया एवं आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई।

इस दौरान कार्यक्रम में सुमन गर्ग, रामावतार गोयल, अशोक अग्रवाल, मुकेश बंसल, अंकुर मित्तल, श्याम सुंदर गर्ग, बसंत जलेवा, विनोद गुप्ता, विजय अग्रवाल, मोहनलाल गुप्ता, दिनेश गुप्ता व मातृशक्ति की ओर से विमलेश गुप्ता, सरोज मित्तल, मोनिका बैराठी एवं संतोष गुप्ता ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# जिला स्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया झंडारोहण

### चौगान स्टेडियम में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस, पुलिस बैंड की देशभक्ति धुनों ने बांधा समां, स्कूली बच्चों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जयपुर के चौगान स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समारोह में झंडारोहण किया। तिरंगा फहराने के बाद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह ने राज्यपाल के संदेश का वाचन किया। इसके बाद स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा शारीरिक व्यायाम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में पुलिस बैंड की देशभक्ति धुनों ने समां बांध दिया। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भांकरोटा सड़क दुर्घटना के दौरान साहसिक कार्य करते हुए बचाव कार्य करने वाले 9 आम नागरिकों का भी सम्मान किया गया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में लोकसभा सांसद मंजू शर्मा, नगर निगम जयपुर ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर, नगर निगम जयपुर हैरिटेज की मेयर कुसुम यादव, जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा, विधायक बालमुकुन्द आचार्य सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगण, भारतीय प्रशासनिक सेवा के उच्चाधिकारी, भारतीय पुलिस सेवा के उच्चाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों एवं कार्मिकों के साथ-साथ बड़ी तादाद में आमजन ने शिरकत की।

## गणतंत्र दिवस पर दिखी जयपुर के पंच गौरव की छटा



**जयपुर।** जयपुर जिला प्रशासन ने एक अभिनव पहल के तहत गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंच गौरव प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के प्रत्येक राजकीय एवं निजी विद्यालय में आयोजित समारोह में पोस्टर एवं व्याख्यान के माध्यम से स्कूली बच्चों को जिले के पंच गौरव से रूबरू करवाया गया। जिला प्रशासन के आदेशों की अनुपालना में जिले की 2 हजार 651 राजकीय एवं 2 हजार 194 निजी विद्यालयों सहित 4 हजार 445 विद्यालयों में पंच गौरव पोस्टर प्रदर्शन एवं व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन की इस अभिनव पहल से 2 लाख 20 हजार 592 राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं 2 लाख 75 हजार 745 निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों सहित कुल 4 लाख 96 हजार 337 विद्यार्थियों को जयपुर जिले के पंच गौरव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से रूबरू करवाया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर जिले के लिए पंच गौरव के तहत एक जिला एक उत्पाद में रत्नाभूषण, एक जिला एक वनस्पति प्रजाति में लिसोड़ा, एक जिला एक पर्यटन स्थल में आमेर महल, एक जिला एक खेल में कबड्डी एवं एक जिला एक उपज में आंवला शामिल किया गया है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हुआ सम्मान



**जयपुर।** जयपुर के चौगान में स्टेडियम में रविवार को आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान हुआ। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अतिरिक्त जिला कलक्टर के निजी सहायक मुकेश कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, समारोह में सहायक अभियंता विजय कुमार, सहायक प्रबंधक आरटीडीसी तेज सिंह राठौड़, छात्रावास अधीक्षिका शबनम खान, परिवहन निरीक्षक मुकुंद राठौड़, सहायक सांख्यिकी अधिकारी अखिलेश यादव, सूचना सहायक नैना जोशी, होमगार्ड आनंद परसोया, प्रशासनिक अधिकारी प्रशांत सक्सेना, ग्राम विकास अधिकारी राकेश सिंह निर्वाण, कनिष्ठ सहायक हर्षित शर्मा एवं चंचल शर्मा सहित विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों के 15 अधिकारियों एवं कार्मचारियों का सम्मान हुआ। इस मौके पर भांकरोटा सड़क दुर्घटना के दौरान साहसिक कार्य करते हुए बचाव कार्य करने वाले 9 आम नागरिकों का भी सम्मान किया गया। समारोह में वीर गाथा प्रोजेक्ट 4.0 की विजेता छात्राओं के साथ साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सुधर्मा जाट, सदाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिनेश कुमार जैन, योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले आशुतोष शर्मा, पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले सृष्टि मंगल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रीकृष्ण शर्मा एवं सुजस सांस्कृतिक सेवा संस्थान का सम्मान किया गया।

## राष्ट्र और समाज का सर्वांगीण विकास ही संघ का ध्येय है: दीपक विसपुते





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख दीपक विसपुते ने कहा कि राष्ट्र और समाज का सर्वांगीण विकास ही संघ का ध्येय है। प्रत्येक स्वयंसेवक का कार्य गुणवत्ता युक्त होना चाहिए। उन्होंने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन और स्वदेशी जागरण जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्य किया जा रहा है। विसपुते रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवीय भाग के गुणवत्ता संचलन एवं भाग एकत्रीकरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर पथ संचलन में अनुशासन और एकता का अद्वितीय प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भारत गौरव पुरस्कार विजेता गौरव शर्मा ने अपने माउंट एवरेस्ट अभियान के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपने मन के एवरेस्ट पर विजय प्राप्त कर लेता है, उसके लिए कोई भी बाधा असंभव नहीं रहती।

कार्यक्रम के दौरान अनुशासित स्वयंसेवकों ने घोष के साथ संचलन करते हुए समाज के सामने संघ के उद्देश्यों और कार्यों को प्रस्तुत किया। पथ संचलन कार्यक्रम स्थल प्रताप नर्सरी से शुरू होकर कैलास टावर, टोंक रोड, नगर निगम और विधानसभा के सामने से मुख्य मार्गों से होते हुए स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकता का संदेश दिया। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर मालवीय भाग संघ चालक राम मोहन गर्ग ने उपस्थित नागरिकों और मातृशक्ति का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां समाज में एकता, अनुशासन और संगठन के महत्व को रेखांकित करती हैं।

## खाटूनरेश का हुआ गुणगान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जयपुर।** शट्तिला एकादशी पर छोटीकाशी स्थित सभी श्याम मंदिरों में अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर खाटूनरेश का भक्तिभाव से गुणगान किया गया कांवटियों का खुर्रा रामगंज बाजार स्थित श्री श्याम प्राचीन मंदिर में श्री श्याम भरोसे संस्था परिवार की ओर से एकादशी अरदास कीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर महंत. पंकज जी महाराज के सान्निध्य में श्याम प्रभु का दरबार सजाकर पं.हिमांशु मिश्र द्वारा अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गई। कार्यक्रम संयोजक एकादशी संकीर्तन परिवार के सदस्यों ने बताया कि पुष्प और इत्र वर्षा के बीच जयपुर के प्रख्यात भजन गायकों ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो हैं, दरबार सांवरिया ऐसो सज्यो प्यारो..., झोली भर दे सांवरिया... जैसे भजन सुनाकर श्याम प्रभु का गुणगान किया। एकादशी संकीर्तन में हाजिरी लगाने आए गणमान्य लोगों का मंदिर महंत पं. पंकज जी मिश्र ने दुपट्टा धारण कराकर सम्मान किया।

## जोन-13 अवैध व्यावसायिक निर्माण को किया सील

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-13 में चौंमू कस्बा में कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने बेसमेंट व उसके उपर दो अवैध दुकानों के निर्माण की की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-13 में चौंमू कस्बा में कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बने बेसमेंट व उसके उपर दो अवैध दुकानों के अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता की धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांक 27.01.2025 को उक्त अवैध निर्माण इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से ईटों की दीवारों से चुनवाकर सील चपड़ी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।




## नाबार्ड द्वारा राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक को 60 करोड़ रुपए का पुनर्वित्त जारी

**जयपुर।** नाबार्ड द्वारा राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के पक्ष में 60 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त जारी किया गया है। यह राशि विगत करीब 6 माह से लम्बित थी। इसी प्रकार, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ने राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के लिए दीर्घावधि सावधि ऋण की ब्याज दर 10.07 प्रतिशत से घटाकर 9.50 प्रतिशत कर दी है। राज्य सरकार द्वारा नाबार्ड से पुनर्वित्त जारी करवाने एवं एनसीडीसी से ब्याज दर कम करवाने के लिए निरन्तर प्रयास किये गए थे, जिसके परिणामस्वरूप यह संभव हो पाया। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक को नाबार्ड से पुनर्वित्त जारी होने से किसानों को दीर्घकालीन साख संरचना के तहत कम ब्याज दर पर ऋण वितरण किया जाना आसान होगा। साथ ही, एनसीडीसी द्वारा ब्याज दर घटाये जाने से प्रदेश में दीर्घकालीन साख संरचना सुदृढ़ होगी।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच, मिला उपचार

### मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिले सोनोग्राफी के लिए वाउचर

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी



प्रदान की गई। स्वस्थ नारी चेतना अभियान के अंतर्गत ब्रेस्ट व सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग करने के साथ ही मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए वाउचर प्रदान किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि सोमवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई और मां वाउचर योजना के तहत सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर प्रदान किए गए। इसके साथ ही स्वस्थ नारी चेतना अभियान के अंतर्गत उनकी ब्रेस्ट व सवाईकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। गर्भवती महिलाओं के रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया।

## 'चांदनी चीखती है चीड़ों पर आंच आती है आशियाने से'

### मानसरोवर मीडिया क्लब द्वारा काव्य संगम का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** गणतन्त्र दिवस पर मानसरोवर मीडिया क्लब के तत्वावधान में प्रतिष्ठित कवियों और व्यंग्यकारों ने ओजस्वी स्वरों देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव से ओतप्रोत रचनाएँ प्रस्तुत की। वरिष्ठ कवि गोविंद माथुर मुख्य अतिथि रहे और ख्यातनाम व्यंग्यकार फारूक आफरीदी ने अध्यक्षता की।

आफरीदी ने गणतन्त्र की स्थापना के बाद आमजन के टूटे सपनों और भुजबल और धनबल के बढ़ते वर्चस्व को लेकर ''मैं भ्रष्ट हूँ'' और मनोज वार्ष्णेय ने इवीएम के खेल पर व्यंग्य रचना सुनाई। वरिष्ठ कवि गोविन्द माथुर ने सामाजिक मूल्यों मे आई गिरावट पर अपनी रचना दर्द, प्रेम और श्रद्धा प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि युवा शायर एमआई ज़ाहिर ने अपनी शानदार गज़ल ''चाँदनी चीखती है चीड़ों पर आंच आती है आशियाने से'' सुनाकर वाहवाही लूटी राघवेंद्र रावत ने किसानों की पीड़ा उद्घाटित करती कविता 'किसान', ओमेन्द्र मीना ने साधो जग ये चंडूखाना, डॉ प्रह्लाद गुप्ता ने मेरा देश महान कविता सुनाई। योगेश कानवा ने 'राजनीति को वारांगना ना बनाइये' और सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने राजनीति पर 'वही लोग चुने जाएंगे चंबल के डाकू जिन्हें चाहेंगे' कविता सुनाई । कन्हैया भ्रमर, ओपी चंद्रोदय ने सस्वर कविता पाठ किया। डॉ. राधा गुप्ता और साकार श्रीवास्तव ने देशभक्ति की रचनाएँ सुनाई। डॉ प्रशांत शर्मा ने बांसुरी पर मधुर स्वर लहरियों से सबका मन मोह लिया। प्रारम्भ मे क्लब के निदेशक जयदेव शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि जयपुर में शीघ्र ही विशाल साहित्य एवं संस्कृति उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दो घंटे चले काव्य संगम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार, संस्कृतिकर्मी और जनसंपर्ककर्मी मौजूद थे।



## कॉनफेड एवं भण्डार को हुआ आरजीएचएस की बकाया 59 करोड़ की राशि का भुगतान

**जयपुर।** सहकारिता विभाग द्वारा किये गए प्रयासों के परिणामस्वरूप राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी ने राजस्थान राज्य उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) एवं भण्डार को बकाया 59 करोड़ रुपये की राशि के भुगतान हेतु आदेश जारी कर दिया है। यह भुगतान आरजीएचएस के अंतर्गत लाभार्थियों को उपलब्ध करवाई गई निःशुल्क दवाओं के पेटे किया गया है। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि उक्त राशि लम्बे समय से बकाया चल रही थी। कॉनफेड एवं भण्डार को बकाया राशि का भुगतान हो जाने से संस्था का कार्य और गति पकड़ेगा एवं आरजीएचएस योजना के अंतर्गत मरीजों को निर्बाध दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

# 'भारत की जनता को संविधान के अंगीकरण के बाद असल आजादी मिली'

## जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा, विभिन्न विभागों ने किया विभागीय योजनाओं पर आधारित झांकी प्रदर्शन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिले में 76 वां गणतंत्र दिवस रविवार को जोश व उल्लास के साथ मनाया गया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला मुख्यालय पर स्थानीय पुलिस लाईन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। इस दौरान विधायक हरलाल सहारण, पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, पुलिस अधीक्षक जय यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी नागरिक, विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के आरंभ में जिला कलक्टर ने मार्च पास्ट का निरीक्षण कर सलामी ली। अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया। समारोह में आरआई सतवीर मीणा के नेतृत्व में राजस्थान पुलिस, महिला पुलिस, होम गार्ड एवं एनसीसी, स्काउट-गाइड ने मार्च पास्ट किया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला प्रमुख वंदना आर्य, विधायक हरलाल सहारण, पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, एसपी जय यादव ने सर्वश्रेष्ठ गौशाला के लिए श्रीजुबली पिंजरापोल गौशाला सादुलपुर व गांधी विद्या मंदिर गौशाला सरदारशहर, रक्षा मंत्रालय व शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित वीर गाथा प्रतियोगिता में जिला स्तर पर टॉप करने वाली दिव्या चौहान, रौनक, अंकिता चौहान व पूजा सहारण और जिले में उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर उपलब्धियों पर जिले के 58 अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं नागरिकों को प्रशस्ति -पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने शहीद वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि भारत की जनता को संविधान के अंगीकरण के बाद असल आजादी मिली। अब भारत की जनता के पास उनका स्वयं का संविधान था, जिससे जनकल्याणकारी नीतियां बनीं और राष्ट्र उन्नति पथ पर आगे बढ़ा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ भीमराव अंबेडकर समेत देश के सभी महान नेताओं की दूरगामी सोच व कठोर परिश्रम के बाद भारत एक लोक कल्याणकारी और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों वाला सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न राष्ट्र बना। आज भारत सम्पूर्ण विश्व में अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होंने जिलेवासियों को 76 वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह पर्व आजादी और अधिकारों का द्योतक है। उन्होंने शहीद परिवारों एवं शहीद वीरांगनाओं को नमन करते हुए कहा कि हम संकल्पित होकर संविधान व राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करते हुए अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने स्वाधीनता और स्वाभिमान की लड़ाई में चूरू जिले के सेनानियों के संघर्ष के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इसी के साथ उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकसित भारत व विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी निर्णयों से संसाधनगत विकास को सुदृढ़ किया जा रहा है। आज केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक इनका लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ आमजन को सक्षम, समृद्ध एवं विकसित बनाने की दिशा में विभिन्न नवाचारों के माध्यम से काम किया जा रहा है। इसी दिशा में सर्म्पूण कर्तव्यनिष्ठा के साथ हम जिले के संसाधनगत विकास एवं आमजन को बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए संकल्पित होकर और बेहतर प्रयास करेंगे। केन्द्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने व्यायाम प्रदर्शन किया। अभिचेतना ग्रुप, राजकीय गर्ल्स बागला उमावि, मधुर स्पेशल शिक्षण संस्थान, आदर्श विद्या मंदिर उमावि, लॉर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल, केजीबीवि, जैन श्वेतांबर तेरापंथी उमावि, केन्द्रीय विद्यालय व सिंघानिया उमावि के बालक-बालिकाओं ने जोरदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। झांकी प्रदर्शन में जिला परिषद की स्वच्छ भारत मिशन थीम पर झांकी ने प्रथम तथा चूरू नगरपरिषद की आरआरआर व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की जननी शिशु सुरक्षा आधारित झांकी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परेड में राजस्थान पुलिस की महिला टुकड़ी प्रथम, राजस्थान पुलिस की पुरूष टुकड़ी द्वितीय व लोहिया महाविद्यालय की एनसीसी टुकड़ी तृतीय स्थान पर रही। संचालन डॉ मूलचंद एवं शिवकुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर आईआरएस निष्ठा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल, एएसपी सतपाल सिंह, एएसपी कृष्णा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचन्द राहड़, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, तारानगर एसडीएम राजेन्द्र, चूरू तहसीलदार अशोक गोरा, प्रशिक्षु आरएएस साक्षी पुरी, एसीईओ दुर्गा ढाका, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, अभिषेक चोटिया, बंसत शर्मा, ओम सारस्वत, निकिता गुर्जर, विक्रम कोटवाद, सुशील लाटा, विमला गढ़वाल, गोपाल बालाण, सुरेश सारस्वत, नारायण बेनीवाल, सीपी शर्मा, रवि आर्य, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, आदित्य सुराणा, डीईओ (प्रारंभिक) संतोष महर्षि, डॉ हेमंत मंगल, एसजेईडी उपनिदेशक नगेन्द्र राठौड़, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, जसवंत मेड़तिया, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी एवं गणमान्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सिधमुख में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सिधमुख मे 76वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षाउल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस थाना में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र चारण द्वारा ध्वजारोहण किया। पुलिस द्वारा ध्वजारोहण को सलामी दी। पूरा स्टॉफ उपस्थित रहा। आईटीआई केंद्र के अंदर सरपंच महावीर जांगिड़ द्वारा ध्वजारोहण किया गया। गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्री चनानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य ममता वर्मा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि सरपंच महावीर जांगिड़ रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं पूर्व विद्यार्थियों ने उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर विद्यालय में विकास में योगदान देने वाले 25 भामाशाह एव 100 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच रामकुमार असगर अली कुरैशी। डॉ.संजय खुडिया, ओमप्रकाश किरोड़ीवाल, अन्य गणमान्य नागरिक की मौजूद रहे। संस्था प्रधान ममता वर्मा एवं विद्यालय स्टाफ ने सभी का आभार प्रकट किया। तहसील मुख्यालय में तहसीलदार द्वारा ध्वजारोहण किया। सभी पधारे हुए अतिथिगण,कर्मचारी का मार्गदर्शन करने वाले गणमान्य का मान सम्मान और माला अर्पण के साथ स्वागत किया गया उसके बाद बारी-बारी से सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# अंचल में दिन में तेज धूप एवं रात्रि में पाला पड़ने से रबी फसलों में नुकसान की आशंका



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** अंचल में हो रहे मौसम में एकाएक बदलाव रबी फसलों के लिए भारी पड़ रहा है कभी तेज ठंड कभी तेज हवाएं एवं अब लगातार दो दिनों से दिन में तेज धूप के साथ रात्रि में साफ आसमान के साथ कड़ाके की ठंड के साथ पाला पड़ने से रबी फसलों में नुकसान की आशंका के साथ ही किसानों की चिंता बढ़ा दी है तहसील के हरियाणा निकटवर्ती ग्रामीण सिंचित क्षेत्र भाकरां सुधिवास खैरु बड़ी छोटी बीरान बालाण जीराम बास आदि गांवों में 25 जनवरी एवं 26 व 27 जनवरी रात्रि को रबी फसल सरसो गेहूं पाला पडने् से प्रभावित हुई है ग्रामीण नरेंद्र सिंह मेहरा भालसिह बीरान सुरेंद्र गुर्जर चंद्रभान मितड आदि ने बताया कि दिसंबर के आखिरी पखवाड़े एवं जनवरी में हुई मावठ से फसलों में ग्रोथ बढवार बनी हुई थी जो अचानक से हुए मौसम परिवर्तन तेज धूप एवं पाले से सत प्रतिशत नुकसान की आशंका बनी हुई है किसानों ने बताया कि सुबह 8:30 बजे एवं 9:00 बजे के बीच में तेज धूप होने के बावजूद रात्रि में फसलों पर गिरा पाले से सरसों की फसल की टहनियों ऊपर से मुड़ी हुई थी किसानों ने बताया कि तेज ठंड एवं पाला पड़ने से फसल की पत्तियों का रंग मिट्टी के रंग जैसा हो जाता है एवं पौधों में पारओलीन नामक अमीनो अम्ल हारमोंस की मात्रा बहुत बढ़ जाती है तथा फसल पर पाला पड़ने से वृद्धि पौधों में रुक जाती है जो बहुत ही चिंता का विषय है किसानों ने प्रशासन से ग्रामीण क्षेत्र में पाले से प्रभावित हुई फसलों के नुकसान का आकलन कर तुरंत गिरदावरी करने की मांग की है।

# लॉयंस क्लब ने मनाया गणतंत्र दिवस



**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा पंसारी लॉयंस अस्पताल पर लॉयंस क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत के द्वारा 76वें गणतंत्र दिवस पर लॉयंस सदस्यों की गरिमामय में उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद लॉयंस क्लब की बोर्ड मीटिंग क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बोर्ड मीटिंग में क्लब सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता द्वारा गत कार्यकारिणी की रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं कोषाध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड़ द्वारा माह दिसंबर—2024 के व्यय बिलों का ब्यौरा सदन मे प्रस्तुत किया गया किया। लॉयंस क्लब के सदस्यों ने आदर्श बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय चूणा चौक रानी रोड एवं जीबी मोदी विद्या मंदिर विद्यालय बाकरा में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, पीडीजी एमजेएफ लॉयन एसके केजड़ीवाल, सचिव लॉयन गोपाल कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड़, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, लॉयन डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, लॉयन डॉ. एनएस नरुका, लॉयन महिपालसिंह, लॉयन शिवकुमार जांगिड़ आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेट आज के समय का सबसे पसंदीदा खेल, छोटा या बड़ा सभी क्रिकेट खेलना पसंद करते हैं : न्यांगली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** मोहता पब्लिक स्कूल राजगढ़ में सोमवार को क्रिकेट एकैडमी का शुभारंभ किया गया । सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में में सादुलपुर विधायक मनोज कुमार न्यांगली व विशिष्ट अतिथि मोहता संस्थानों के सीईओ डॉ. प्रताप सिंह राठौड़ ने अपने कर कमलो से क्रिकेट अकेडमी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मोहता अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर अजीत सिंह, रामावतार बैरासरिया, यासीन बेग, डीपी वर्मा, राहुल पारीक, अनिल कंदोई, सुनील सहारन, मोहता हवेली लेखाकार मनीष शर्मा, पवन बिंदल, भंवर सिंह गहलोत, देवेंद्र मित्तल, अजय अग्रवाल, राजगढ़ शहर के समस्त पत्रकार, प्राचार्य मनीष शर्मा, उपप्राचार्य इंद्रसिंह, अदरीश मोहम्मद आदि उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य मनीष शर्मा ने बताया कि आज बड़ी खुशी का अवसर हैं कि हमारे विद्यालय में क्रिकेट एकेडमी का शुभारंभ हुआ जिसके माध्यम से को बच्चों पढाई के साथ -साथ खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा और प्रैक्टिस के लिए राजगढ़ से बाहर नहीं जाना पड़ेगा । इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्रा पलक तथा नियति बिंदल ने भी खेलो के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि मनोज कुमार न्यांगली ने बताया कि क्रिकेट आज के समय का सबसे पसंदीदा खेल बन चुका है। आज हर बच्चा चाहे छोटा हो या बड़ा सभी क्रिकेट खेलना पसंद करते है।

# राजगढ़ उपखण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस सामारोह हर्षोल्लास से मनाया



## उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा ने किया ध्वजारोहण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ खेल ग्राउंड में ब्लॉक स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा अध्यक्ष विधायक मनोज न्यांगली, विशिष्ट अतिथि आईपीएस निश्चल प्रसाद, एडिशनल एसपी किशोरी लाल, राजगढ़ थाना अधिकारी सीआई राजेश सिहाग, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, सी आई राजेश सिहाग, यू सी ई ई ओ प्रधानाचार्य सुरेंद्रसिंह पूनिया, अतिरिक्त विकास अधिकारी अशोक कुमार, प्रधानाचार्य उर्मिला पूनिया, तहसीलदार धीरज झाझडिया थे। अतिथियों ने एनसीसी कैडेट के राष्ट्रध्वज के समक्ष गुजरते हुए मार्च पास्ट की सलामी ली, उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रगीत प्रस्तुत किया। विभिन्न स्कूलों से आए हुए विद्यार्थियों ने सामूहिक व्यायाम डंबल और लेजियम के सुर ताल लय सहित प्रदर्शन के साथ देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने स्वागत उदबोधन दिया। उपखंड अधिकारी मीनू वर्मा ने सभी को देश के अमर शहीदों के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट हित के लिए आगे आने के आह्वान के साथ ही देश को विकसित बनाने के लिए सभी को व्यक्तिगत व सामूहिक प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। विधायक मनोज न्यांगली ने संविधान के आदर्श मूल्य विचारों को आत्मसात कर तदनुसार जीवन में आचरण करने तथा विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण कर देश सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनों से वंदे मातरम भारत माता की जय घोष लगवाई। समारोह में उपखंड क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागी स्कूलों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजवीर सुड्डा ने आभार धन्यवाद प्रकट किया। अंत में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गया गया इस मौके पर उपखंड व नगरपालिका प्रशासन के कार्मिक जनप्रतिनिधि पुलिस बल के जवान मीडिया कर्मी एनसीसी स्काउट के जवान विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षक विद्यार्थी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# राजस्थानी शिशु मंदिर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**झुंझुनूं।** गणतंत्र दिवस के मौके पर स्थानीय मोदी रोड स्थित राजस्थानी शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में संस्था अध्यक्ष डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत ने ध्वजारोहण किया। निदेशक विवेक शर्मा ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सुशील कुमार जोशी, सत्यदेव दड़िया, जयप्रकाश शर्मा, किशोरीलाल टीबड़ा, एडवोकेट अनुपम शर्मा, महेंद्र सैनी, एडवोकेट मदनसिंह गिल रहे। इस अवसर पर शाला के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से सरोबार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कवि राजेश शर्मा ने देशभक्ति काव्य पाठ किया। छात्रा खुशी ने शहीदों की शहादत को याद करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। संस्था सचिव सज्जन कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों एव अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, विकास शर्मा, राजेश शर्मा, राहुल शर्मा, सुशील सोनी, गोविंद सोनी, धनन्जय श्रीवास्तव, अशोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एक दिवसीय पीईईओ/यूसीसीओ साक्षरता प्रभारी आमुखीकरण और संदर्भ व्यक्ति प्रशिक्षण संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा की अध्यक्षता में एक दिवसीय पीईईओ/यूसीईईओ संदर्भ व्यक्ति आमुखीकरण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त पंचायत से एक एक पंचायत संदर्भ व्यक्ति ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। राजेंद्र सिंह सहायक प्रोग्रामर जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा चूरु ने जिला स्तर से प्रतिनिधित्व किया। ब्लॉक साक्षरता समन्वयक रामनिवास जांगिड़ , आरपी श्रीमती कलावती खीचड़ , कृष्णदत्त शर्मा ने साक्षरता के महत्व पर अपने विचार प्रकट किया। प्रशिक्षण केआरपी गोपी कृष्ण निमिवाल द्वारा साक्षरता से संबंधित है विभिन्न पहलुओं पर संभागीयों को बताया गया। ऑनलाइन कार्यक्र म की जानकारी केआरपी पवन नेहरा ने दी । विभिन्न पंचायत की प्रगति रिपोर्ट ब्लॉक साक्षरता समन्वयक रामनिवास जांगिड़ ने साझा की।

### स्कूल का वार्षिक उत्सव मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** रतननगर कस्बे से सटे ग्राम थैलासर की शहीद जितेन्द्र सिंह राठौड़ राजकीय उमावि का वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि शिव गोस्वामी, विशिष्ट अतिथि पूर्व सैनिक अधिकारी विजय गोठवाल, बजरंगसिंह राठौड़, पूर्णमल व कासम खान एवं अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के कार्यवाहक प्रिंसिपल श्रवणकुमार गुर्जर आदि ने सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर तथा शहीद जितेन्द्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए इसके बाद उद्घोषक निशा राठौड़ ने विद्यालय की संक्षिप्त में उपलब्धिया बताई। तत्पश्चात बच्चों द्वारा स्वागत गान व रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विद्यालय के होनहार छात्र छात्राओं को पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ वंदना शर्मा, अनीता लाम्बा, मंजू शर्मा, कविता शेखावत, अंजू सैनी, पीटीआई शारदा बेनीवाल, सावित्री दनेवा आदि ने विशेष सहयोग दिया। विद्यालय कॉर्डिनेटर श्रीराम व शिव कुमार ने आये हुए मेहमानों का आभार जताया।

### 76वें गणतंत्र दिवस पर बालिकाओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** गीता देवी सरावगी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में रामावतार बैरासरिया की अध्यक्षता में हुए 76 वें गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काशीराम जड़िया थे। इस अवसर पर बालिकाओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी । काशीराम जडिया ने विद्यालय की छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रम व विद्यालय की प्रशंसा की । इस अवसर पर काशीराम जडिया ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए 21000 रूपये भेंट किये। विद्यालय के मंत्री नंदकिशोर मित्तल ने कहा कि विद्यार्थियों को मोबाइल छोडकर पढाई मे ज्यादा ध्यान दे। और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें । ब्लॉक स्तर पर हुए कार्यक्रम परेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया । जो विद्यालय के लिए गौरव का विषय है । इस अवसर पर मंत्री का जन्मदिवस भी विद्यार्थियों और अध्यापक गणों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राधेश्याम वर्मा, ओमप्रकाश बैरासरिया, मंगतुराम शर्मा, चांदमल कंदौई, ओमप्रकाश शर्मा, सांवरमल मल आदि कार्यकारिणी सदस्य व अभिभावकगण विधालय का स्टॉफ मौजुद रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुस्तफा कमाल पाशा ने बाहर से आए हुए अभिभावकगणों का स्वागत किया।

### डिफेंस स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** न्यू कॉलानी स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था चेयरमेन जीएल कालेर थे। कालेर ने ध्वाजारोहरण कर परेड की सलामी ली। कालेर ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को अध्ययन में सफलता कैसे अर्जित करें, विषय पर अपना व्याख्यान दिया तथा देश के समक्ष वर्तमान चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुती दी। छात्राओं ने सामुहिक नृत्य, गायन एवं भाषण प्रस्तुत किए। छात्राओं द्वारा विद्यालय में रंगोली भी बनाई गई। प्रधानाचार्य रामसिंह राहिला ने विद्यार्थियों अभिभावकों एवं स्टाफ को संविधान की उद्देशिका एवं कर्तव्यों का वाचन करवाया। इस अवसर पर राकेश बेनीवाल, सुरेंद्रसिंह शेखावत, अनिल, बाबूलाल सैनी, मुकेश सैनी, कैलाश, बबिता, पुष्पा, प्रमिला, सारिका, ममता, मुकेश, देवीदत्त, दलीप सिंह, ओमप्रकाश सैनी आदि उपस्थित थे।

### जीवनी स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ विधिवत रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरपर्सन सांवरमल मील, सचिव भगवती मील, निदेशक रितेश मील एवं सिद्धि ने की। प्रधानाचार्य राजेश वर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने अनेक आकर्षक रंगारंग प्रस्तुतियां दी। सुंदर नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें अभिभावक भी नृत्य कर झूम उठे। निदेशक रितेश मील ने सभी का आभार व्यक्त किया। चेयरपर्सन सांवरमल मील ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामना एवं बधाई दी। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री वैष्णव ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह समारोह 2 फरवरी को खेडली में

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** वैष्णव ब्राह्मण समाज समिति खेरली अलवर के तत्वाधान में आगामी 2 फरवरी बसंत पंचमी रविवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमोहन वैष्णव और पूर्व ब्लाक एवं जिला उपाध्यक्ष मनोहर लाल वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम 2 फरवरी बसंत पंचमी रविवार को वैष्णव ब्राह्मण धर्मशाला खेड़ली का उद्घाटन एवं प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है वैष्णव ब्राह्मण समाज के ब्लॉक अध्यक्ष रूपराम वैष्णव ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कलश यात्रा, मंगल कलश, पंचायत मंदिर से बारात प्रस्थान प्रात 9 बजे,धर्मशाला उद्घाटन प्रात सवा दस बजे, मुख्य अतिथियों का सम्मान सवा 11 बजे, वरमाला कार्यक्रम दोपहर सवा 12 बजे, पाणिग्रहण संस्कार सवा बजे,प्रति भोज सवा 2 बजे एवं विदाई सायं 4 बजे होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में केन्द्रीय रेल एवं दूरसंचार विभाग मंत्री अश्विनी वैष्णव, भारत सरकार केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, भारत सरकार डॉक्टर किरोड़ी मीणा कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार जवाहर सिंह वैडम, गृह राज्य मंत्री राजस्थान सरकार ,संजय शर्मा वन एवं पर्यावरण मंत्री राजस्थान सरकार पूर्व सांसद एवं तिजारा विधायक,महंत बालक नाथ, निवर्तमान सांसद भरतपुर रंजीता कोली, कठूमर विधायक रमेश खीची खेड़ली नगर पालिका अध्यक्ष,संजय गीजगडिया,अति विशिष्ट अतिथि जयंतीभाई वैष्णव, राम चंद्र वैष्णव न्यायाधीश,बृजेष कुमार शर्मा, आईएएस राज सिंह स्वामी, प्रवीण स्वामी, आईपीएस राहुल प्रकाश शर्मा,करण शर्मा, मुकुन्द बिहारी श्रीमती प्रियंका वैष्णव,गणेश वैष्णव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदगुरू राजेन्द्र दास अग्रवात पीठ रेवासा धाम सीकर करेंगे। इस मौके पर वैष्णव समाज के 8 जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा। यह कार्यक्रम समिति द्वारा पहला कार्यक्रम है

### एसएमएल एलुमनी गेट टूगेदर का आयोजन अप्रेल में होगा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सेठ मोतीलाल कॉलेज एलुमनी की कार्यकारिणी सभा का आयोजन शनिवार अको सीए पवन केडिया की ऑफिस में अध्यक्ष श्रवण केजड़ीवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यकारिणी सभा में अब तक की संपन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बात कर आगे होने वाले कार्यक्रमों में चर्चा की गई तथा अब तक का आय व्यय का हिसाब प्रस्तुत किया गया। सभा में उपस्थित अध्यक्ष श्रवण केजड़ीवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, सचिव सीए पवन केडिया, कोषाध्यक्ष सीए मनीष मित्तल, सह सचिव डॉ. डीएन तुलस्यान, सदस्य संपत्त चुड़ैलेवाला एवं हरीश तुलस्यान उपस्थित थे। जिन्होंने सर्वसम्मति से आगे होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विचार विमर्श करते हुए अप्रेल 2025 में एलुमनी गेट टूगेदर का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया। जिसके लिए कन्वीनर हरीश तुलस्यान एवं प्रमोद खंडेलिया को बनाया गया।

### स्टार एकेडमी में नन्हें मुन्नों ने जोश, उत्साह और हर्षोल्लासपूर्वक मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रीय ध्वज फहराया कर राष्ट्रीय गान किया। जिसके बाद नन्हें स्टार किड्स ने देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता, भाषण आदि अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हिंदी व्याख्याता हरिशचंद्र कालोईया ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान निर्माताओं के उल्लेखनीय योगदान व ऐतिहासिक घटनाओं तथा भारतीय संविधान की विशेषताओं से अवगत करवाया। संगीत शिक्षिका ज्योति ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों' देशभक्ति गीत की प्रस्तुति देकर सभी श्रोताओं को भाव-विह्वल किया। एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार वे बेहतर नागरिक बन देश के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं तथा विद्यालय परिवार को गणतंत्र दिवस की बधाइयां दी।

### ऑक्सफोर्ड अस्पताल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सुलताना।** ऑक्सफोर्ड अस्पताल सुलताना में गणतंत्र दिवस को बड़ी धूम धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कप्तान सेवानिवृत पृथ्वीसिंह व डॉ. इमरान अहमद एमडी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित नागरिक गणों ने सलामी देते हुए राष्ट्रगान गया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. इमरान अहमद द्वारा तथा मुख्य अतिथि कप्तान सेवानिवृत पृथ्वीसिंह तथा विशिष्ट अतिथि सूबेदार रणवीर सिंह, राजकुमार तोगड़िया, बजरंगसिंह, फजर अली और डॉ. पिंकी रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के मैनेजर रमेश कुमार बुंदेला ने किया। इस अवसर पर अस्पताल के जनरल फिजीशियन डॉ. असलम, डेंटल सर्जन डॉ. गितिका, आर्थो डॉ. फिरोज, नर्सिंग सुप्रीडेंट संदीप भार्गव, नर्सिंग स्टाफ अनिल, मनीष, अनिता, फार्मास्टि इस्लाम, रिहान आदि मौजूद थे।

### तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को किया नमन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** गणतंत्र दिवस के मौके पर एनएसयूआई के प्रदेशव्यापी आह्वान पर अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर से प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित कर अंबेडकर पार्क से शहीद स्मारक तक तिरंगा रैली निकाली गई। प्रदेश महासचिव मोहित जनेवा एवं पंकज देग के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई। शहीद स्मारक पर पहुंचने के बाद शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया। इस दौरान अमर शहीदों के जयकारे भी लगाए गए। इस मौके पर आशीष पूनियां, मोनू शर्मा, रोहित बराला, राहुल खारिया, दिनेश दत्तुसरिया, पूनमचंद खिलेरी, आकाश झाझड़िया, सचिन मीणा, प्रवीण जांगिड़, ऋतिक, मोहित, केशव, आदित्य, रक्षित इत्यादि एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छोटे-छोटे बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**गुढ़ागौड़जी।** कस्बे में सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में गणतंत्र दिवस पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गुढ़ा इंटरनेशनल स्कूल में छोटे छोटे बच्चों ने देश भक्ति गानों पर प्रस्तुतियां दी। स्कूल की यूकेजी क्लास के नन्हें बच्चों ने भारत माता के जयकारों के साथ मंच पर भारत माता की ड्रेस में नजर आए। इतने छोटे बच्चों की कलाकारी देखकर हर कोई ताली बजाकर प्रशंसा की। कॉर्डिनेटर मैडम और क्लास टीचर मैडम द्वारा बच्चियों को तैयारी किया गया था। कुछ ही दिनों की तैयारी में बच्चियों की शानदार कला की प्रस्तुति दी। स्कूल डायरेक्टर सम्पत बेनीवाल और प्रिंसिपल रोहिताश डूडी, जीआईएस स्कूल के प्राइमरी स्कूल कोऑर्डिनेटर निशा वर्मा, सुनिता सिंह यूकेजी क्लास टीचर ने बच्चों को धन्यवाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में उर्वी चौधरी, महला, श्रेया, आर्वी, प्रियांशी, सूर्या और ऋतिका ने शानदार प्रस्तुति दी।

### अंबेडकर भवन में किया ध्वजारोहण

**झुंझुनूं।** अंबेडकर भवन में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, डॉ. महेंद्र सानेल, श्रीचंद माहिच थे।

# जिला कलेक्टर ने ली जलदाय विभाग की समीक्षा बैठक

**आगामी 15 दिन तक जलदाय विभाग के अधिकारी रहेंगे फील्ड में,गांव व वार्ड का बनाएंगे समग्र प्लान, जनसुनवाई भी करेंगे**

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जलदाय विभाग की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में जिले में पेयजल आपूर्ति सुगमता से होवे इसके लिए फरवरी माह में ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने जिले में पदस्थापित जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता से लेकर कनिष्ठ अभियन्ता की उनके क्षेत्राधिकारवार जलापूर्ति से जुडे प्रत्येक बिन्दु की बारिकी से समीक्षा कर निर्देश दिये कि आगामी ग्रीष्म ऋतु के समय जिले के शहरी व ग्रामीण किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न नहीं होवे इसके लिए कार्य योजना बनाकर उसे एक माह में अमल में लाने के लिए युद्ध स्तर से जुट जाएं। जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जावेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आगामी 15 दिवस तक जिले के प्रत्येक गांव में जाकर जलदाय विभाग के अधिकारी वहां की पेयजल व्यवस्था की पूरी रिपोर्ट तैयार करेंगे। ग्रामीणों की पेयजल से संबंधित समस्याओं की जनसुनवाई कर एक माह में सभी पेयजल व्यवस्थाएं सुचारू कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि योजना के तहत 703 गांवों में स्वीकृत कार्यों को एक माह में पूर्णतः चालू करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता भी फील्ड में रहकर पेयजल योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण करने के साथ जनसुनवाई भी करेंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं कनिष्ठ अभियन्ता को 15 दिवस के पश्चात भी निरन्तर फील्ड में रहकर संचालित पेयजल योजनाओं के कार्यों की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करेंगे। जिला कलक्टर ने अलवर शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर निर्देश दिये कि शहर में स्थित बोरिंग, पानी की टंकी आदि को दर्शाता हुआ मैप तैयार करें जिसको लाइव ही देखा जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि कंटीजेन्सी प्लान एवं अन्य योजनाओं के तहत स्वीकृत पेयजल बोरिंगों को एक माह में चालू कराना सुनिश्चित करावे तथा नलकूप को गहरा करने के कार्य को एक माह में पूर्ण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में ट्यूबवैल, पाइप लाइन आदि के मरम्मत के कार्यों को समयबद्ध रूप से कराने के लिए निविदा के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि राइजिंग मेन लाइन से अवैध कनेक्शन को काटे तथा अवैध कनेक्शन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के तीनों कनिष्ठ अभियन्ता व अधिशाषी अभियन्ता भी आगामी 15 दिन तक फील्ड में रहकर शहर की एक-एक गली की पेयजल आपूर्ति की रिपोर्ट तैयार करने के साथ एक माह में पेयजल आपूर्ति को सुचारू करना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर के निर्देशन पर जिले की पेयजल समस्याओं के निराकरण हेतु अधिशाषी अभियन्ता श्री कमल नारंग की अध्यक्षता में अक्टूबर माह में गठित शिकायत निवारण प्रकोष्ठ से शहर की कई कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हुआ है। नारंग ने बताया कि 16 अक्टूबर से प्रकोष्ठ प्रभावी हुआ था और आज दिनांक तक प्रकोष्ठ में 254 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिसमें से 212 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। शेष पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इस प्रकोष्ठ में प्राप्त अलवर शहर की फ्रेंड्स कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, केशव नगर, स्कीम नं. 10-ए, स्कीम नं. 2 व 3, अशोका सिनेमा के आसपास का क्षेत्र, ब्रह्मचारी मौहल्ला व विवेकानन्द नगर में पेयजल आपूर्ति में सुधार हुआ है तथा चूडी मार्केट, मालन की गली, दिल्ली दरवाजा, विकास पथ व विवेकानन्द नगर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के सुधार हेतु तीन नए नलकूप स्वीकृत कराए गए हैं जो फरवरी माह में चालू हो जाएंगे।

# अलवर में अब महिलाओं की सुरक्षा करेगी 'कालिका'



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** राजस्थान के अलवर में जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने सोमवार को महिलाओं की सुरक्षा के लिए कालिका गश्त इकाई का शुभारंभ किया गया। पुलिस उपाधीक्षक प्रियंका ने बताया कि इसके तहत रात्रि में कोई भी महिला सडक़ पर अकेली खड़ी है या कोई उसे परेशान कर रहा है, उसकी सहायता के लिए यह गश्त इकाई काम करेगी। पुलिस उपाधीक्षक प्रियंका ने बताया कि अलवर में इसके लिए 20 महिला कांस्टेबल काम करेंगी, जो डे-नाइट शिफ्ट में होगी। इनके लिए 5 स्कूटी उपलब्ध कराई गई हैं। यह 12-12 घंटे की शिफ्ट में काम करेंगी। पुलिस उपाधीक्षक प्रियंका ने बताया कि रात में कोई महिला अकेली खड़ी है या किसी को कोई परेशान होती है तो यह कालिका गश्त इकाई के तहत काम करने वाली महिला कांस्टेबल उन तक पहुंचेगी। राजकैप में एक नीड हेल्प ऐप है उसके माध्यम से सहायता मांगी जाएगी। यह शिकायत स्टेट कंट्रोल रूम जाएगी। जहां से जिला कंट्रोल रूम जाकर महिला की सहायता की जाएगी। लोकेशन के आधार पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर मदद करेंगे। पुलिस उपाधीक्षक प्रियंका ने बताया कि राजकैप में नीड हेल्प एप्लीकेशन को अब तक 1100 महिलाओं ने डाउनलोड कर लिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। हर तरीके की मदद की जाएगी, इसका नोडल प्रभारी अलवर शहर पुलिस उपाधीक्षक होंगे।

# कुचामन नगर परिषद की लापरवाही बन रही बेजुबानों की मौत का कारण

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**कुचामनसिटी।** जहां एक तरफ राजस्थान सरकार और गौसेवक भामाशाह निराश्रित गौवंश की सेवा के लिए कृत संकल्प है वहीं दूसरी ओर कुचामन नगरपरिषद की लापरवाही निराश्रित गौवंश के लिए दर्दनाक अकाल मृत्यु का कारण बन रही है। जहां कभी कुचामन शहर सफाई व्यवस्था के मामले में जिले में सर्वोच्च स्थान रखता था आज उसकी हालत दयनीय है। कुचामन की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।यहां नगरपरिषद भवन से गुजरने वाली रिंगरोड के किनारे पिछले काफी दिनों से प्लॉस्टिक कचरे के ढेरों अंबार लगे हुए हैं। जिसका नगर परिषद् द्वारा निस्तारण का कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। हालात यह है कि यहां विचरण करने वाली निराश्रित गौवंश कचरे में मुंह मार रहे हैं ओर प्लास्टिक की थैलियां खा जाते है जो उनकी दर्दनाक अकाल मृत्यू का कारण बन रहा है। ओर उनकी दयनीय स्थिति हो रही है उनके पीछे से मांस के लोथड़े लटक जाते है। इन गौवंश की ये दर्दनाक स्थिति देखने के बाद भी शहर का प्रशासन इस गंभीर समस्या का समाधान करने को लेकर कोई रुचि लेता नहीं दिख रहा है। जबकि कचरा संग्रहण करवाकर उसके निस्तारण करवाने तक की जिम्मेवारी नगरपरिषद की होती है। लेकिन कुचामन में सफाई की बिगड़ी स्थिति को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। वहीं जिला कलक्टर पुखराज सेन भी समय-समय पर कुचामन में निरीक्षण के लिए आते हैं। तथा सफाई व स्वच्छता को लेकर जागरूक करते हैं, लेकिन यहां तो नगरपरिषद कलक्टर के निर्देशों की पालना करती नजर आ रही ओर ना ही प्रशासन सफाई व स्वच्छता के मामले में गंभीर है।जिसका दंश निराश्रित गौवंशों को अपनी जान गंवा कर झेलना पड़ रहा है।

# श्री जे. डी. जैन विद्यालय हुआ उपखण्ड स्तर पर सम्मानित

### डिजिटल डिटॉक्स अभियान के तहत 131 बच्चों ने मोबाइल देखना छोड़ा



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** शहर के श्री जे. डी. जैन विद्यालय पलटन गेट में 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूम-धाम से मनाया गया। इस समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यालय का मिशन डिजिटल डिटॉक्स रहा। इस अभियान के तहत मोबाइल देखना छोड़ने वाले बच्चों की फोटो गैलेरी प्रदर्शनी एवं उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शशि सोनी को मिशन डिजिटल डिटॉक्स अभियान का सूत्रधार होने के कारण उपखण्ड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रमाण-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शशि सोनी महिला उत्थान एंव बाल उत्थान जैसे अन्य सामाजिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहती है। श्री मती सोनी ने बताया कि लगातार तीन महीने से अधिक समय से मोबाइल नहीं देखने वाले विद्यालय के 131 बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अन्य बच्चों को प्रेरणा देने के लिए मोबाइल नहीं देखने वाले बच्चों की फोटो गैलेरी विद्यालय प्रांगण में लगाई गई, जिससे विद्यालय के अन्य बच्चों को प्रेरणा मिले। संस्था के उपाध्यक्ष लालचंद पहाड़िया व सचिव सन्तोष कुमार पहाड़िया एवं सभी कार्यकारिणी सदस्य व समस्त विद्यालय स्टॉफ समारोह में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता सुरेश कुमार व मन्जू गंगवाल ने की तथा मुख्य अतिथि डॉ. विजय गुप्ता व डॉ. कल्पना जैन रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पुलकित व डॉ. साक्षी ने समारोह की शोभा बढ़ाई। डॉ. कल्पना जैन ने शहर के विद्यार्थियों को मोबाइल के दुष्प्रभाव से अवगत करवाकर अपने करियर पर फोकस करने का सुझाव दिया। शहरवासियों ने विद्यालय के इस कार्यक्रम की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

# एबीएन स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

**झुंझुनूं।** चूणा चौक राणी सती रोड स्थित झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सैकंडरी स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय पहुंचने पर सभी अतिथिगणों एवं कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्यजन का विद्यालय छात्राओं द्वारा तिलकार्चन कर स्वागत किया गया। अतिथिगण एवं अन्यजन द्वारा विद्यालय प्रांगण में स्थित मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नेहा सीए प्रशांत तुलस्यान, कार्यक्रम अध्यक्ष भावना कपिल केजड़ीवाल, विशिष्ट अतिथि खुशबू राहुल खंडेलिया एवं प्रीति विशाल अग्रवाल थी। विद्यालय अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता, सचिव परमेश्वरलाल हलवाई, स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य अमित जगनानी, डॉ. ममता जालान, डॉ. डीएन तुलस्यान, हरीश तुलस्यान, नीरज शर्मा एडवोकेट, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. अजय शर्मा, प्रधानाचार्या अनिता महमिया व अन्य प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में झंडारोहण व राष्ट्रगान के साथ किया गया। विद्यालय विद्यार्थियों द्वारा पीटीआई अनिल गौड़ के मार्गदर्शन में बैंड की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी गई। विद्यालय सचिव ने अपने स्वागत भाषण के माध्यम से समस्त अतिथिगण एवं अभिभावकों का स्वागत किया।

# झुंझुनूं एसपी रहे दो सीनियर आईपीएस को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

जागरुक टाइम्स संवाददाता





**झुंझुनूं।** जिले में एसपी के पद पर कार्यरत रहे दो सीनियर आईपीएस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा गया है। जिसके बाद झुंझुनूं में खुशी की लहर है। गणतंत्र दिवस के उदयपुर में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित तमाम आला अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। जिसमें 17 पुलिसकर्मियों सहित 35 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एडीजी (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) एवं साइबर क्राइम हाल कार्मिक सचिन मित्तल तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस हाल निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस. सेंगाथिर को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। सचिन मित्तल एवं एस. सेंगाथिर दोनों अधिकारियों को उनकी पुलिस में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भारत की राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू का विशिष्ट सेवा पदक समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने प्रदान किया। विदित है कि सचिन मित्तल एवं एस. सेंगाथिर दोनों ही अधिकारी झुंझुनूं एसपी रह चुके हैं। दोनों के कार्यकाल में झुंझुनूं जिला पुलिस प्रशासन ने नए आयाम स्थापित किए। उनको मिले राष्ट्रपति पदक के लिए झुंझुनूं से श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी श्रवण केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, रोहिताश्व बंसल, सुनिल तुलस्यान, डॉ. डीएन तुलस्यान, संतोष भगेरिया सीकर एवं संदीप बेरीवाला सूरत ने बधाई प्रेषित की है।

# सूचना केंद्र पार्क में हुई किसान संघर्ष समिति की बैठक, जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

जागरुक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति की बैठक सोमवार को जिला सूचना केंद्र परिसर के पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड मूलचंद खरींटा ने की। जिलेभर से किसानों के प्रतिनिधियों ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा अब तक हुए आंदोलन व आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर विचार विमर्श व प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्यवाही का जवाब लेने को लेकर रहा। बैठक को संबोधित करते हुए कॉमरेड मूलचंद खरींटा व महावीर देवगांव ने कहा कि जिला प्रशासन को आठ जनवरी व 20 जनवरी को दस सूत्री मांग पत्र दिया जा चुका है। अब हम चाहते हैं कि प्रशासन किसानों को लिखित में जवाब पेश करें कि अब तक किसानों के मांग पत्र को लेकर क्या कार्यवाही की गई है। बैठक के दौरान कॉमरेड अरविंद गढ़वाल व इंद्राजसिंह ने कहा कि अब इस आंदोलन को हम और मजबूती देने के उद्देश्य से गांवों में किसानों को संगठित करेंगे और प्रशासन के इस लचर रवैये के खिलाफ तहसील मुख्यालयों पर मजबूती से आंदोलन को मजबूत करेंगे। समिति के प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा व मदन यादव ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि एक फरवरी से 15 फरवरी तक फिर से जनसंपर्क अभियान चलाने के बाद प्रत्येक तहसील पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। तहसीलों पर प्रदर्शन के बाद किसान विचार विमर्श कर जिला कलेक्ट्रेट पर पड़ाव डालने को लेकर फैसला लेंगे। बैठक के दौरान कॉमरेड बजरंग बराला, महिपाल पूनियां, रोहिताश सोनासर, जयसिंह गाडाखेड़ा, सतीश कप्तान, आशुतोष, मनोज डाबड़ी, दीनू जाट, प्रवीण, गिरधारी महला, बिलाल कुरैशी, पोकरसिंह, योगेश कटारिया, सुभाष सोनासर, सुरेंद्र सिंह सहित काफी किसान मौजूद रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष....76वां गणतंत्र दिवस समारोह....

**पुतिन ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं**-रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन समेत दुनियाभर के तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के 76वें गणतंत्र दिवस पर शुभकामना दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी को भेजे अपने संदेश में पुतिन ने कहा कि कृपया गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई स्वीकार करें। आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और अन्य क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां व्यापक रूप से जानी जाती हैं। भारत अंतरराष्ट्रीय स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों का समाधान निकालने में अहम योगदान दे रहा है।

**अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दी शुभकामनाएं**-अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने संदेश में कहा कि अमेरिका की ओर से मैं भारत के लोगों को गणतंत्र दिवस पर बधाई देता हूं। दोनों देशों की जनता के बीच स्थायी मित्रता हमारे सहयोग का आधार है और यह हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हम आने वाले वर्षों में अपने सहयोग को और प्रगाढ़ करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मोदी को गणतंत्र दिवस पर बधाई दी और कामना की कि लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के आदर्श हमेशा फलते-फूलते रहे, ताकि दोनों देशों के बीच दोस्ती प्रगाढ़ हो।

**मोहम्मद मुइज्जू ने भी बधाई संदेश दिया**-मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि मालदीव हमेशा भारत के साथ दोस्ती और सहयोग के मजबूत बंधन को संजोकर रखेगा, जो आपसी विश्वास, सम्मान और समझ पर आधारित है और समय की कसौटी पर खरा उतरा है। इसके जवाब में मोदी ने मुइज्जू से कहा कि वह मालदीव के साथ दोस्ती और सहयोग को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## सुविचार

मत कर इतना गुमान अपने आप पर कि कोई साथ रोने वाला भी ना मिले।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### उत्तराखंड ने रचा इतिहास

देश के पहले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बिल में किसी धर्म विशेष का जिक्र तो नहीं लेकिन कई नियमों के बदलाव में रूढ़ि, परंपरा और प्रथा को खत्म करने का आधार बनाया गया है। इद्दत, हलाला को भी प्रत्यक्ष तौर पर कहीं नहीं लिखा गया। हालांकि एक विवाह के बाद दूसरे विवाह को पूरी तरह से अवैध करार दिया गया है। विधेयक में शादी, तलाक, विरासत और गोद लेने से जुड़े मामलों को ही शामिल किया गया है। इन विषयों, खासतौर पर विवाह प्रक्रिया को लेकर जो प्राविधान बनाए गए हैं। उनमें जाति, धर्म अथवा पंथ की परंपराओं और रीति रिवाजों से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। इस कानून के लागू होने से लिव-इन रिलेशनशिप की व्याख्या पूरी तरह से बदल गई। अब एक लिव-इन रिलेशनशिप में युगल तभी रह पाएगा जब वो एक माह के अंदर रजिस्ट्रेशन लेगा। लिव इन रिलेशन में आने के बाद एक माह के भीतर अगर पंजीकरण नहीं कराया तो कानून सजा देगा। समान नागरिक संहिता में इसके प्रावधान किए गए हैं। लिव इन के दोनों साथियों में से कोई भी इस रिश्ते को खत्म कर सकता है, जिसकी सूचना सब रजिस्ट्रार को देनी होगी। यूसीसी में लिव इन रिलेशनशिप को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। इसके मुताबिक सिर्फ एक वयस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे। वे पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप या प्रोहिबिटेड डिग्रीस ऑफ रिलेशनशिप में नहीं होने चाहिए। लिव इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अनिवार्य पंजीकरण एक रजिस्टर्ड वेब पोर्टल पर कराना होगा। लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाला नोटिस जारी होने के बाद सहवासी संबंध का कथन प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसे छह माह कारावास या 25 हजार जुर्माना या दोनों का दंड मिलेगा। अगर किसी महिला को पुरुष छोड़ देता है, तो महिला को अधिकार होगा कि वह भरण पोषण की मांग करते हुए न्यायालय के सामने पक्ष प्रस्तुत कर सकेगी। लिव इन पंजीकरण के बाद उन्हें रजिस्ट्रार पंजीकरण की रसीद देगा। उसी रसीद के आधार पर वह युगल किराए पर घर या हॉस्टल या पीजी ले सकेगा। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार को उनके माता-पिता या अभिभावक को देनी होगी। लिव इन के दौरान पैदा हुए बच्चों को उस युगल का जायज बच्चा ही माना जाएगा और उस बच्चे को जैविक संतान के समस्त अधिकार प्राप्त होंगे। लिव इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को संबंध विच्छेद का पंजीकरण कराना भी अनिवार्य होगा। समान नागरिक संहिता में गोद लिए बच्चों, सरोगेसी द्वारा जन्म लिए गए बच्चों व असिस्टेड रीप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी द्वारा जन्म लिए गए बच्चों में कोई भेद नहीं होगा। उन्हें अन्य की भांति जैविक संतान ही माना गया है।

### दिल्ली के मतदाताओं को

# झकझोर पाएगा शीशमहल का वीडियो?



वीना गौतम

अब जबकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए सिर्फ अंतिम 7 दिन बचे हैं तो राजधानी में सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी सारी राजनीतिक और रणनीति ताकत झोंक दी है। भाजपा ने चुनाव प्रचार के इस उत्तरार्द्ध में दिल्ली के सीएम हाउस का, जिसे वह इन दिनों शीशमहल कह रही है, फिर से एक नया वीडियो जारी किया है। इस उम्मीद से कि मतदान के पहले इन अंतिम घड़ियों में यह वीडियो दिल्ली के मिडिल क्लास मतदाताओं को झकझोर देगा और वे भाजपा को भारी तादाद में मत देकर जीता देंगे। मगर क्या सचमुच ऐसा होगा? इसमें कोई दो राय नहीं है कि वीडियो को कमेंट्री के जरिये जितना सनसनीखेज बनाया जा सकता है, वह बनाया गया है। वीडियो के मुताबिक तथाकथित शीशमहल में 4 से 5.6 करोड़ के तो महज बॉडी सेंसरयुक्त 80 पर्दे ही लगाए गए हैं।

इमेज

ये पर्दे रिमोट वाले हैं और इनके नजदीक जाते ही ये स्वतः एक तरफ होकर आने वाले को रास्ता देते हैं। यही नहीं इस वीडियो में सीएम हाउस उर्फ शीशमहल के भीतर 64 लाख रुपये के 16 टीवी सेट, 10 से 12 लाख रुपये की टॉयलेट शीट, 36 लाख रुपये के सजावटी खंभे आदि भी लगाए गए हैं। भाजपा का अनुमान है कि मतदान के ठीक पहले ये वीडियो दिल्ली के मिडिल क्लास मतदाताओं के अंतर्मन को झकझोर डालेगा और वे भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में एकमुश्त मतदान करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। लेकिन अगर कहा जाए कि यह महज खामख्याली है कि शीशमहल का यह वीडियो मतदाताओं का हृदय परिवर्तन कर देगा तो अतिश्योक्ति न होगी, क्योंकि अगर भारतीय मतदाताओं के लिए भ्रष्टाचार उतना ही संवेदनशील मुद्दा होता तो क्या लोकसभा चुनावो के दौरान इलेक्ट्रोरल बांड का मुद्दा उन्हें परेशान न करता? शीशमहल वीडियो तो 34-35 करोड़ से लेकर 60 करोड़ तक की फिजूलखर्ची का ही मुद्दा है, जबकि 17वीं लोकसभा चुनाव के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा पर लगा इलेक्टोरल बांड का 8 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के भ्रष्टाचार का मुद्दा था। विपक्ष ने खुलेआम भाजपा को मिले इन इलेक्टोरल बांड को फिरौती करार दिया था, इसके बावजूद अगर कहा जाए कि भाजपा की लोकसभा चुनाव में जो सीटें अनुमान से कम आईं थीं, उसका कारण यह इलेक्टोरल बांड का भ्रष्टाचार था, तो इस बात को कोई नहीं मानेगा और मानने का ठोस आधार भी नहीं है। दरअसल भारत में मध्य और उच्च मध्यवर्ग के लिए भ्रष्टाचार का मुद्दा अब कोई मुद्दा ही नहीं है, जो उन्हें झकझोर सके। सच बात तो यह है कि न सिर्फ भारतीय मतदाताओं ने बल्कि हर भारतीय ने अब इस बात को बहुत सहजता से स्वीकार कर लिया है कि भ्रष्टाचार हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा है। भ्रष्टाचार के प्रति भारतीयों की धारणा बदल गई है। बहुत तेजी से हम भारतीय अब इसे व्यवस्था का हिस्सा मानने लगे हैं और जो ऐसा नहीं करता, उसे सिरफिरा या व्यवहारिक समझ में कमजोर माना जाने लगा है। देश के मिडिल क्लास और उच्च मध्यवर्ग के साथ-साथ आम लोग भी अब इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि सरकारी कार्यालयों में काम करवाने के लिए रिश्वत न देना नासमझी और खुद अपने आपका दुश्मन होना है, क्योंकि उसके बिना तो काम चल ही नहीं सकता। ऐसे में लगता नहीं है दिल्ली भाजपा मुख्यमंत्री आवास को जिस तरह भ्रष्टाचार का मुद्दा बना रही है, वह किसी तरह से दिल्ली के मतदाताओं को झकझोरेगा। दिल्ली में करीब 37 फीसदी मतदाता मध्य या उच्च मध्यवर्ग से नाता रखते हैं। भाजपा इन्हें अपना पक्का वाला मतदाता मान रही है, क्योंकि आम आदमी पार्टी पर गरीब समर्थक होने का ठप्पा लगा है। भाजपा को लगता है कि दिल्ली का मिडिल क्लास मतदाता आप से चिढ़ा हुआ है, क्योंकि उसे लगता है कि उसके टैक्स से आम आदमी पार्टी गरीबों का वोट खरीद रही है। निकाले गए अपने इसी निष्कर्ष के कारण विधानसभा चुनाव के इस आखिरी चरण में पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल को महाभ्रष्ट साबित करने में तुली है। लेकिन दिल्ली के मतदाताओं का जो रुझान कैमरे के सामने देखने में आ रहा है, उससे साफ पता चलता है कि दिल्ली के मध्य या उच्च मध्यवर्ग के मतदाताओं को पूर्व मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार की यह कहानी प्रभावित नहीं कर रही। अव्वल तो केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास पर कितना ही पैसा खर्च करके उसे अभिजात्य महल बना दिया हो, लेकिन कहीं न कहीं इसमें यह सच्चाई तो है ही कि मुख्यमंत्री आवास केजरीवाल की निजी प्रॉपर्टी नहीं है, आज नहीं तो कल उन्हें किसी और के लिए इसे छोड़ना ही पड़ेगा। सवाल है क्या तब भी यह लोगों को केजरीवाल के निजी भ्रष्टाचार की तरह महसूस होगा? जाहिर है इस मुद्दे के मतदाताओं को परेशान न कर पाने की वजह सिर्फ यही नहीं है, असली वजह यह भी है कि लोगों को अब यह विश्वास हो चला है कि बिना भ्रष्टाचार के जीवन नहीं जीया जा सकता और राजनीति भ्रष्टाचार रहित होगी, इसकी तो आम मतदाता अब कल्पना ही नहीं कर पाते। क्योंकि रोजमर्रा की जिंदगी में कदम कदम पर मतदाताओं को इस सच्चाई से दो-चार होना पड़ता है। यही वजह है कि अगर हम हाल के दशकों में मतदाताओं के मतदान पैटर्न को देखें तो साफ पता चलता है कि उनके लिए भ्रष्टाचार कोई मुद्दा नहीं है। यह किसी एक दो पार्टी या कुछेक नेताओं की ही बात नहीं है, देश के लगभग हर कोने के मतदाताओं ने सभी क्षेत्रीय व राष्ट्रीय पार्टियों को भ्रष्टाचार के चलते घेरने या उसकी बिना पर उन पर सवाल उठाना ही छोड़ दिया है। मतदाता अब मानकर चलते हैं कि हर पार्टी भ्रष्ट है, हर राजनेता भ्रष्ट है, अब तो सारी समझदारी कम भ्रष्ट या कम बुरा विकल्प चुनने की तरफ बढ़ गई है। अब तो पिछले कुछ सालों से सत्तारूढ़ पार्टियों को एंटी इनकम्बेंसी जैसी स्थिति भी प्रभावित नहीं करती भ्रष्टाचार की तो बात ही क्या की जाए। मतदाताओं की मनःस्थिति यहां तक पहुंचने के लिए इस वजह से बाध्य हुई है क्योंकि अपवाद के तौर पर भी कोई ऐसी पार्टी नहीं बची, जिस पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भ्रष्टाचार के आरोप न लगे हों। माना कि भाजपा के नेता कुछ दूसरे नेताओं की तरह रंगे हाथ नहीं पकड़े गए, लेकिन भ्रष्टाचार भाजपा के शासनकाल में भी घटने की बजाय बढ़ा ही है, इसे तो धुर भाजपा के समर्थक भी मानते हैं। यही वजह है कि आज भ्रष्टाचार को लेकर कोई भी राजनीतिक पार्टी मतदाताओं को आकर्षित नहीं करती। मतदाता अब इस बात को भलीभांति जान गये हैं कि भ्रष्टाचार को लेकर भाषण देना या चुनावी नेरेटिव गढ़ना तो सिर्फ पाखंड है। सच्चाई यह है कि चाहे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी हो या राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियां, सब पर कोई न कोई भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। अगर 2012-13 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए पर जबर्दस्त भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे, तो पिछले आम चुनाव में भाजपा पर इलेक्टोरल बांड के जरिए कई गुना ज्यादा भ्रष्टाचार करने का आरोप लगा था। ममता बनर्जी और उनकी तृणमूल कांग्रेस पार्टी पर शारदा चिट फंड घोटाले के आरोप हैं, तो तमिलनाडु में पलानीस्वामी पर भी कई सौ करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोप हैं।

## पंचांग

28 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| • विक्रम संवत् | - | 2081 |
| • शक संवत् | - | 1946 |
| • ऋतु | - | शिशिर |
| • माह | - | माघ |
| • पक्ष | - | कृष्ण |
| • तिथि | - | चतुर्दशी 19.37 तक |
| • वार | - | मंगलवार |
| • नक्षत्र | - | पूर्वाषाढ़ा 08.59 तक |
| • योग | - | वज्र 23.52 तक |
| • करण | - | विष्टि 08.11 तक |
| • सूर्योदय | - | 07.15 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - | 06.27 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - | 07.26 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - | 06.22 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - | धन 14.53 तक |
| • अभिजित् मुहूर्त | - | 12.29 से 13.14 |
| • राहु काल | - | 15.40 से 17.04 |
| • व्रत, त्यौहार | - | भद्रा 08.11 तक, लाला लजपतराय जयंती, वज्रमूशल योग 08.59 से सूर्योदय |
| • दिशा शूल | - | उत्तर |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




### यूपी के इस मंदिर में तोते के स्वरूप में विराजमान हनुमान जी

धर्म नगरी चित्रकूट में आज हम आप को एक ऐसे मंदिर के बताने जा रहे हैं, जहां हनुमान जी तोते के स्वरूप में विराजमान हैं। हनुमान जी की ऐसी प्रतिमा शायद आपने कहीं नहीं देखी होगी। लेकिन चित्रकूट के इस मंदिर में यह प्रतिमा वास्तव में विराजमान है। तोते के स्वरूप में विराजमान हनुमान जी के दर्शन के लिए भक्त इस मंदिर में दूर-दूर से पहुंचते हैं और उनकी पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। माना जाता है कि हनुमान जी एक मात्र ऐसे देवता हैं, जो आज भी देश में भ्रमण करते हैं। ऐसा माना जाता है, जो कोई व्यक्ति पूरी श्रद्धा से हनुमान जी की स्तुति करता है, उस पर बजरंगबली अपनी कृपा बरसाते हैं।

**रामघाट में मौजूद तोता मुखी हनुमान मंदिर**

हम बात कर रहे हैं चित्रकूट के रामघाट में स्थित तोता मुखी हनुमान मंदिर की, जहां तोते के स्वरूप में बजरंग बली इस मंदिर में विराजमान हैं। अगर इसके पीछे की कहानी की बात की जाए तो जब प्रभु श्री राम वनवास काल के दौरान चित्रकूट आए थे, तो तुलसीदास जी उनके दर्शन के लिए भी चित्रकूट आए थे। लेकिन तुलसीदास जी को श्री राम के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। तभी तुलसीदास जी की परेशानियों को देखते हुए बजरंगबली तोते के स्वरूप में प्रकट होकर गोस्वामी तुलसीदास जी के पास पहुंचे थे और उनको प्रभु श्री राम के चित्रकूट के रामघाट पहुंचने के बारे में जानकारी दी थी। इसके बाद गोस्वामी तुलसीदास जी को प्रभु श्री राम के दर्शन हुए थे। अगर आप भी तोता मुखी हनुमान जी के दर्शन करने की इच्छा रखते हैं, तो आप को इसके लिए चित्रकूट आना होगा।

**पुजारी ने दी जानकारी**

मंदिर के पुजारी मोहित महाराज ने बताया कि यहीं पर गोस्वामी तुलसीदास जी को भगवान श्री राम के दर्शन प्राप्त हुए थे। इस स्थान पर गोस्वामी तुलसीदास जी ने छह महीने तक राम नाम का भजन भी किया था। तभी एक दिन गोस्वामी तुलसीदास जी भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन चंदन घिस रहे थे। तब भगवान श्री राम खुद उनके सामने आए और तुलसीदास जी से चंदन लगाने के लिए मांगने लगे। लेकिन गोस्वामी तुलसीदास जी चंदन घिसने में मगन थे और उन्हें भगवान नहीं दिखाई दे रहे थे।

## तारीख विशेष

### डेटा गोपनीयता दिवस

गोपनीयता का सम्मान करना, डेटा की सुरक्षा करना और विश्वास को सक्षम बनाना डेटा गोपनीयता दिवस (डीपीडी) का विषय है, जो गोपनीयता के महत्व और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए 28 जनवरी को प्रतिवर्ष आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय प्रयास है। यूरोप में डेटा सुरक्षा दिवस मनाने के विस्तार के रूप में जनवरी 2008 में संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में डेटा गोपनीयता दिवस की शुरुआत हुई। डेटा सुरक्षा दिवस 28 जनवरी 1981 को कन्वेंशन 108 पर हस्ताक्षर किए जाने की याद में मनाया जाता है, जो गोपनीयता और डेटा सुरक्षा से निपटने वाली पहली कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय संधि है। डेटा गोपनीयता दिवस अब सभी के लिए एक उत्सव बन गया है, जिसे हर साल 28 जनवरी को मनाया जाता है। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा गठबंधन (एनसीएसए) ने 2011 में डेटा गोपनीयता दिवस का नेतृत्व संभाला। गोपनीयता पेशेवरों की एक प्रतिष्ठित सलाहकार समिति द्वारा सलाह दी गई एनसीएसए एक गैर-लाभकारी, सार्वजनिक-निजी साझेदारी है, जो अधिक सुरक्षित, अधिक संरक्षित और अधिक विश्वसनीय इंटरनेट को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। डेटा गोपनीयता दिवस गोपनीयता जागरूकता और शिक्षा के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पूरे साल NCSA उपभोक्ताओं को शिक्षित करता है कि वे अपनी ऑनलाइन उपस्थिति को कैसे अपना सकते हैं और संगठनों को दिखाता है कि गोपनीयता व्यवसाय के लिए कैसे अच्छी है। NCSA का गोपनीयता जागरुकता अभियान वैश्विक ऑनलाइन सुरक्षा, सुरक्षा और गोपनीयता अभियान, STOP. THINK. CONNECT का एक अभिन्न अंग है। ऊर्जा विभाग की गोपनीयता के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के भाग के रूप में, ऊर्जा विभाग गोपनीयता कार्यक्रम 2016 के दौरान विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगा, जिसमें डेटा गोपनीयता दिवस कार्यक्रम भी शामिल है, जिसके अंतर्गत फॉरेस्टल और जर्मनटाउन में सूचनात्मक बूथ लगाए जाएंगे।

### इसरो के नए प्रमुख वी. नारायणन

# चुनौतियों से भरे समय के मुखिया

**अपराजिता**

**आधुनिक स्पेस-टेक बहुआयामी है और उसमें बहुत तेज़ी से नए विकास हो रहे हैं, इसलिए नारायणन की नए पद पर नियुक्ति नुकसान के रूप में भी देखी जा रही है; क्योंकि वह अपने लम्बे करियर में अधिकतर एलपीएससी तक ही सीमित रहे हैं। इसरो के अनेक पूर्व प्रमुख बंग्लुरु मुख्यालय में आने से पहले एलपीएससी, वीएसएससी आदि में रहे हैं यानी उनके पास इसरो की सभी शाखाओं का अनुभव था।**

- इमेज


नए साल के सातवें दिन यानी 7 जनवरी 2025 को यह बड़ी खबर आई कि इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन (इसरो) के नए प्रमुख वी. नारायणन होंगे, जो कि राकेट व स्पेसक्राफ्ट प्रोपल्शन (प्रणोदन) के विशेषज्ञ हैं और चेयरमैन चुने जाने के पहले थिरुवनंतपुरम में इसरो के लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) का नेतृत्व कर रहे थे। लगभग 40 वर्ष पहले इसरो का हिस्सा बनने वाले नारायणन ने 14 जनवरी 2025 को एस सोमनाथ की जगह स्पेस एजेंसी का चेयरमैन पद संभाला। सोमनाथ जनवरी 2022 से इसरो का चेहरा थे। प्रभावी शख्सियत के मालिक सोमनाथ बहुत डायनामिक थे और उनका बहुत अधिक सम्मान किया जाता था, विशेषकर इसरो के युवा वैज्ञानिकों द्वारा। इसलिए इसरो के भीतर अधिकतर लोगों का मानना था कि उनके कार्यकाल को बढ़ाया जाएगा। लेकिन ऐसा हो नहीं सका। अब एक लीडर के रूप में उनकी तुलना उनके उत्तराधिकारी नारायणन से की जाएगी। इसरो में नेतृत्व परिवर्तन ऐसे नाजुक समय में किया गया है, जब उसका मार्गदर्शन स्पेस विजन 2047 से हो रहा है। एक तरफ हाई-प्रोफाइल मिशन की सीरीज पर काम हो रहा है, जैसे गगनयान मानव स्पेसफ्लाइट कार्यक्रम, चन्द्रयान-4 चांद मिशन, भारत के अपने स्पेस स्टेशन भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का विकास, 2040 तक चांद पर किसी भारतीय को उतारना आदि। दूसरी तरफ भारतीय स्पेस सेक्टर प्रवाह की स्थिति में है कि स्पेस पालिसी 2023 उसे प्राइवेट खिलाड़ियों के लिए खोल रही है। गौरतलब है कि नवम्बर 1963 में जब थुम्बा, थिरुवनंतपुरम से पहला अमेरिकी निर्मित नाइक-अपाचे साउंडिंग राकेट लिफ्ट हुआ था, तब से भारत का स्पेस कार्यक्रम सरकार की ही ज़िम्मेदारी में रहा है और इसे ऐसा रखने में बहुत अधिक सावधानी बरती गई है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि नारायणन वह व्यक्ति हैं, जो इसरो को बहुत अच्छी तरह से अंदर व बाहर से जानते हैं। उन्होंने स्पेस एजेंसी के थिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) को 1984 में ज्वाइन किया था, जहां वह सॉलिड प्रोपल्शन पर काम करते थे। फिर 1989 में वह एलपीएससी में आ गए ताकि क्रायोजेनिक प्रोपल्शन पर काम कर सकें और तभी से वह वहीं पर थे। शुरू में वह सिर्फ वैज्ञानिक के रूप में कार्य कर रहे थे, फिर बाद के वर्षों में वह लीड रोल में आ गये, इसरो मिशन के प्रोपल्शन पहलुओं के संदर्भ में। एलपीएससी निदेशक के रूप में नारायणन गगनयान कार्यक्रम के लिए प्रोपल्शन सिस्टम्स के विकास का नेतृत्व कर रहे थे कि तभी उनकी नियुक्ति सचिव, स्पेस विभाग और चेयरमैन स्पेस कमिशन के रूप में हो गई, दो वर्ष की अवधि के लिए। कई तरह से नारायणन की सफलता की कहानी एक कड़ी मेहनत करने वाले व्यक्ति की दास्तान है। यह एक ऐसी कहानी है, जिससे स्वतंत्र भारत में पैरेंट्स अपने बच्चों को प्रेरित करना पसंद करते हैं। तमिलनाडु के जिला कन्याकुमारी के छोटे से गांव मेलाकट्टुविलाई में एक मामूली परिवार में जन्मे नारायणन ने पास के ही एक तमिल मीडियम स्कूल में शिक्षा प्राप्त की। उनकी बचपन की एक याद यह है कि उनके स्कूल के अध्यापकों ने 1969 में घोषणा की थी कि नील आर्मस्ट्रांग चांद पर उतरने में कामयाब हो गए हैं। तभी उनका भी सपना स्पेस वैज्ञानिक बनने का हुआ। उन्होंने एम टेक किया क्रायोजेनिक इंजीनियरिंग में, आईआईटी खड़गपुर से। उनकी पहली रैंक आयी थी। इसके बाद 2001 में उन्होंने एरोस्पेस इंजीनियरिंग में पीएचडी की डिग्री हासिल की। इसरो में रहते हुए नारायणन ने अनेक प्रमुख मिशन व प्रोजेक्ट्स में अपना योगदान दिया है, जिनमें चंद्रयान सीरीज और जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट् लांच व्हीकल (जीएसएलवी) के लिए सफलतापूर्वक क्रायोजेनिक अपर स्टेज का विकास शामिल हैं। एलपीएससी वेबसाइट के अनुसार नारायणन उन चंद क्रायोजेनिक सदस्यों में शामिल हैं, जिन्होंने इस क्षेत्र में शुरू से काम किया है, बुनियादी शोध किया है, थ्योरी व प्रयोग अध्ययन किये हैं और क्रायोजेनिक सब सिस्टम्स के सफल विकास व टेस्टिंग में योगदान दिया है। नारायणन स्पेस एजेंसी के मंझे हुए अनुभवी सदस्य हैं। वह मिलनसार व सुसंस्कृत व्यक्ति हैं। इसरो समुदाय में उन्हें कड़ी मेहनत करने वाले ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा जाता है, जो इरादों के पक्के और काम को अंजाम तक पहंचाने की कला जानते हैं। बहरहाल, आधुनिक स्पेस-टेक बहुआयामी है और उसमें बहुत तेज़ी से नये विकास हो रहे हैं, इसलिए नारायणन की नये पद पर नियुक्ति नुकसान के रूप में भी देखी जा रही है; क्योंकि वह अपने लम्बे करियर में अधिकतर एलपीएससी तक ही सीमित रहे हैं। इसरो के अनेक पूर्व प्रमुख बंग्लुरु मुख्यालय में आने से पहले एलपीएससी, वीएसएससी आदि में रहे हैं यानी उनके पास इसरो की सभी शाखाओं का अनुभव था। लेकिन नारायणन से सबसे बड़ा फायदा यह है कि उनके पास विशाल अनुभव है।

## बोले तो...



जीएसटी आप देते हो, मेहनत आप करते हो। पैसा आप खर्च करते हो और चाइना का माल अडाणी-अंबानी हिंदुस्तान में बेचते हैं। चाइना के युवाओं को रोजगार मिलता है। अडाणी-अंबानी को फायदा होता है और आपके बच्चों का रोजगार छीना जाता है।

- राहुल गांधी



भाजपा, कांग्रेस या दूसरी पार्टियां चुनाव में जो भी घोषणाएं करती हैं, वो चुनावी जुमले होते हैं। हमने गारंटी शब्द इस्तेमाल करना शुरू किया तो इन्होंने भी गारंटी शब्द इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। गारंटी शब्द को भी इन्होंने बर्बाद कर दिया।

- अरविंद केजरीवाल



सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की जांच चल रही है। प्रत्येक मुद्दा अलग है। सरकार के मुखिया के तौर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस निर्णय लेने में पूरी तरह से सक्षम हैं। उनकी मानें तो आरोपों में दम है। वे जल्द ही कार्रवाई करेंगे और मुंडे को इस्तीफा देने के लिए कहेंगे।

- चंद्रकांत पाटिल

## कुछ अलग | अजब गजब

# अंग्रेज़ों ने भारत को गुलाम बनाया, गोवा कभी अंग्रेजों का गुलाम नहीं रहा

हम सभी जानते हैं कि अंग्रेज़ों ने किस तरह से पूरे भारत को अपना गुलाम बना लिया था और सैकड़ों साल तक इस पर शासन करते रहे। उन्होंने भारतीय जनता को खूब प्रताड़ित किया लेकिन अपने देश का एक राज्य ऐसा भी है, जहां राज करना उनका सपना ही रह गया। वे कभी इसे अपना गुलाम नहीं बना पाए। भारतीय विरासत और परंपरा बहुत समृद्ध रही है। यहां की संपन्नता का अंदाज़ा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि अंग्रेज़ों ने इसे सिर्फ लूटने के उद्देश्य से ही अपना उपनिवेश बना लिया। वे यहां पर 200 सालों तक राज करते रहे और यही वजह है कि उनके कल्चर की छाप भारतीय राज्यों पर गहरी पड़ी। हालांकि एक राज्य ऐसा भी था, जिसने अंग्रेज़ों की गुलामी कभी नहीं की।

**इस सुंदर राज्य पर नहीं हुआ अंग्रेज़ों का कब्ज़ा**

ऐसा नहीं है कि इस राज्य में संपदा नहीं थी या ये खूबसूरत नहीं था, ये तो आज भी अपनी सुंदरता के लिए पर्यटकों की नंबर वन पसंद है। हम बात कर रहे हैं समंदर के घिरे हुए बेहद खूबसूरत राज्य गोआ की। ये कभी भी अंग्रेज़ों का गुलाम नहीं रहा। ये राज्य अंग्रेज़ों के सितम से बचा रहा, उसकी वजह पुर्तगाली थे। वे अंग्रेज़ों से पहले ही साल 1498 में भारत पहुंच गए थे। वास्को डी गामा ने भारत की खोज की। उसके बाद ही पुर्तगालियों ने यहां व्यापार करना शुरू कर दिया था। इस दौरान अंग्रेज़ों और पुर्तगालियों के बीच कई युद्ध भी हुए, लेकिन कभी भी गोआ ब्रिटिशर्स के अधीन नहीं था।



**गुलाम रहा पर अंग्रेज़ों का नहीं**

अंग्रेज़ जहां 1608 में भारत के सूरत में पहुंचे थे। उन्होंने व्यापार करके भारतीय संसाधनों और संपत्ति को अपने देश तक पहुंचाया। धीरे-धीरे उन्होंने देश पर कब्ज़ा भी करना शुरू कर दिया। हालांकि उन्हें 1947 में उन्हें भारत को छोड़ना पड़ा। भारत का गोआ राज्य उनके अधीन नहीं रहा और जब सारा देश आज़ाद हो गया, तब भी गोआ पुर्तगालियों का गुलाम रहा। वे करीब 400 साल तक भारत में रहे। जब अंग्रेज़ों ने देश छोड़ दिया, तब भी पुर्तगालियों के हाथ में गोआ रहा। 1961 में यहां से पुर्तगालियों का राज खत्म हो गया।



## गीता सार

**श्रीभगवानुवाच बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन।
तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परन्तप॥४-५॥**

-: हिंदी भावार्थ :-

श्री भगवान बोले–हे परंतप अर्जुन! मेरे और तुम्हारे बहुत से जन्म हो चुके हैं, तुम उन सबको नहीं जानते, पर मैं जानता हूं॥5॥

## पाठक पाती

### कष्टों और निराशाओं का कारण जड़ता

आज अधिकांश मानव कष्टो में जी रहे हैं और निराशा से घिरे हुए हैं। एक दीनतापूर्ण जीवन जी रहे है। किंतु कोई यह जानने की कोशिश नही करता कि ऐसा क्यों है? जो लोग अभावग्रस्त हैं, वे ही दुःखी और निराश हैं। ऐसी बात नहीं है। हजारों संपन्न व्यक्ति भी अशांति की भट्टी में जल रहे हैं। इसका कारण अज्ञानता नहीं होकर जड़ता है। हम भारतीय अज्ञानी कम है, जड़ अधिक हैं। हम कुछ करना नहीं चाहते। सारे आदर्श हम औरों के लिए प्रयुक्त करते हैं किंतु हम स्वयं उन आदर्शों को चरितार्थ करने का कोई प्रयत्न नहीं करते। किसी तत्व को जान लेना महत्वपूर्ण हो सकता है किंतु उससे भी अधिक महत्वपूर्ण होता है, उसका आचरण। ढेरों ज्ञान के स्थान पर चुटकी भर आचरण अधिक श्रेष्ठ है। यह सत्य भी है किन्तु अपने जीवन में यही नहीं हो रहा है, यही हम भारतीयों की सबसे बड़ी कमी है। जैसा सोचते हैं, समझते हैं, कहते हैं, वैसा करना भी आवश्यक है किंतु करने का जब प्रश्न आता है तो हम लोग चूक जाते हैं। औरों ने नहीं किया हो तो हम आलोचना कर लेंगे किन्तु स्वयं के करने का समय आएगा तब हम पलट जाएंगे। जो चीज औरों में गलत है तो अपने में सही कैसे होगी। यह भी तो सोचिए। हम आदर्श की बड़ी-बड़ी बाते करते हैं लेकिन आचरण में नही लेते हैं।कथनी करनी समान नहीं है।

- कांतिलाल मांडोत, सूरत

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**

ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# जिले में मोर उद्यान की सुगबुगाहट, तैयारी में जुटा विभाग

## राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक बनर्जी पहुंचे पिण्डवाड़ा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** अजारी व बसंतगढ़ क्षेत्र की 150 बीघा से अधिक वन भूमि पर राष्ट्रीय पक्षी मोर उधान बनाने के लिए वन विभाग की ओर से सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने की मांग राज्य के प्रधान मुख्य संरक्षक अरिजित बनर्जी के समक्ष रविवार को वन्य जीव प्रेमी खुशवंतसिंह ने रखी। उन्होंने बताया कि अजारी में सरस्वती धाम के पास राष्ट्रीय पक्षी मोर बड़ी संख्या में निवास करते है। इसी को लेकर वहां मोर उधान बनाने के लिए करीब 12 वर्ष से प्रयासरत है। अजारी के युवा सिंह ने प्रदेश के प्रधान वन संरक्षक बनर्जी से मोरस वन चौकी पर भेंट कर उनको इस परियोजना की पूरी जानकारी दी। इस को लेकर जिले से लेकर प्रदेश तक सभी को मांग पत्र दे दिया है। इन सभी नेताओं ने मोर उधान जल्द से जल्द बनाने के इस विषय को आगे बढ़ाने के लिए राज्य के वन मंत्री को पत्र भेजकर अनुरोध किया है। उनकी मेहनत के बाद अब राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा ने सभी नेताओं से प्राप्त पत्रों पर वन विभाग को इस विषय का परीक्षण कर पूरी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए है। इस विषय पर वन मण्डल अधिकारी सिरोही श्रीमती कस्तूरी ने प्रारम्भिक रिपोर्ट वन विभाग को इसकी उपयोगिता को रेखांकित करते हुए भेजी है। जिस पर राज्य वन विभाग की सैद्धांतिक सहमति मिलने पर यह प्रस्ताव आगे बढ़ेगा। बनर्जी ने मौके पर उपस्थित वन सरक्षक सिरोही को निर्देश दिए है कि वे इस मामले में जिला कलेक्टर से आवश्यक एनओसी एवं अनुशंषा लेकर तथ्यात्मक विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करें ताकि क्षेत्र में मोर उधान बनाकर राष्ट्रीय पक्षी को संरक्षित किया जा सके। सामाजिक कार्यकर्ता व मोर उधान के लिए लम्बे समय से प्रयासरत सिरोही विकास मंच के सचिव महावीर जैन ने भी पीसीसीएफ बनर्जी को सोशल मीडिया के माध्यम से सैद्धांतिक स्वीकृति की बात कही।



### गुलाबगंज-माउंट आबू सड़क आज की आवश्यकता हैं

महावीर जैन ने सिरोही के वाड़ाखेड़ा वन अभायरण क्षेत्र के विकास कार्य शुरू करवाने, सालगाव बांध परियोजना की भूमि की स्वीकृति, गुलाबगंज से माउंट आबू अधूरी सड़क निर्माण को पूरा करवाने के लिए वन विभाग की स्वीकृति, अनादरा से माउंट आबू पैदल सीढियां की मरम्मत करवाने सहित जिले के वन विभाग के कार्यों का मौका देखने का अनुरोध किया।

## भामाशाह ने बाइक चालकों को भेंट किए हेलमेट



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** परिवहन विभाग की ओर से चल रहे अभियान के तहत आए दिन भामाशाह की ओर से वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए जा रहे है। रविवार को राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, रघुभाई माली, प्रधान हंसमुख कुमार, पूर्व सभापति ताराराम माली ने गणतंत्र दिवस पर श्रीमती पूरीबाई पूनमाजी माली चेरिटेबल ट्रस्ट की प्रेरणा तथा होटल बाबा रामदेव ग्रुप के सहयोग से सरजावाव दरवाजे के बाहर 61 बाइक चालकों को हेलमेट वितरित किए। एएसपी देवाराम चौधरी, डीटीओ आरपी वैष्णव, पुलिस उपाधीक्षक मुकेश चौधरी, परिवहन के वरिष्ठ निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह, सुजानराम चौधरी, मनीष खत्री, जुहारमल मीणा, हरिराम ढाका, योगेश माली, हिमांशु, दिव्यम, गोविन्द माली, महेन्द्र माली, हेमलता पुरोहित, राजूराम, नीरव मीणा उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में सोमवार को डीओआईटी सभागार में जिलास्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। एडीएम सापेला ने सभी स्थानांतरित होकर आए अधिकारियों कर्मचारियों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न निर्धारित पोर्टल्स पर अपनी आईडी मैप करवाने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों में 30 दिन से अधिक दिनों से लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने मंगला पशु बीमा योजना के लिए जिले के पशुपालन विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए जिले में योजना का अधिकतम प्रचार-प्रसार करते हुए बीमा प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, जिला आबकारी अधिकारी अजय जैन, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई, रिको के एआरएम चेतन कुमार, डीटीओ आरपी वैष्णव, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेन्द्र पुरोहित सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## स्वच्छता की दिलाई शपथ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्थान के तत्वावधान में डीबीएसई रेकिट द्वारा समर्पित डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम के तहत कुंई राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वच्छता जागरूक कार्यक्रम किया गया। डीबीसीई ब्लॉक समन्वयक खुशबू रानी को संस्था प्रधान पवन कुमार ने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुरारी, वार्ड पंच इंदिरा देवी मौजूद थे।

## हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, सरपंच परबतसिंह देवड़ा तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रेवदर अन्नाराम मोबारसा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। समारोह के दौरान बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। सांसद चौधरी ने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने की अपील की। जिला प्रमुख पुरोहित ने खेल मैदान की चार दिवारी के लिए जिला परिषद से दस लाख का बजट देने की घोषणा की। संस्था प्रधान महेश चौधरी, चेतन वाणिका, व्याख्याता करमीराम चौधरी, भाजपा मंडार ब्लॉक अध्यक्ष अमराराम चौधरी,अजय टांक,हरीश गोमतीवाल उपस्थित रहे।

## रास्ते से अतिक्रमण हटवाने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** समाजसेवी एडवोकेट बलवंत मेघवाल के नेतृत्व में उटकड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर रास्ते में किए अतिक्रमण को हटाने की मांग की। उटकड़ा के ग्रामीणों ने बताया कि सदियों से नदी मार्ग से हम लोग आवाजाही करते है। ऐसे में अतिक्रमणकर्ता द्वारा बबूल की झाड़ियों से पूरा मार्ग अवरुद्ध कर दिया। जिसको लेकर सैकड़ों रहवासी काश्तकार उपखण्ड कार्यालय पहुचे और उपखण्ड अधिकारी सुबोधसिंह चारण को अवगत करवा ज्ञापन सौंपा। जिस पर उपखण्ड अधिकारी ने तत्काल नायब तहसीलदार पुखराज रावल को मौका देखकर अति मण हटवाने को कहा। इस पर नायब तहसीलदार पुखराज रावल, जगदीश रावल, शंकर प्रजापत ने मौके पर पहुंचकर मानवीय संवेदना दिखाते हुए मौके पर अतिक्रमण हटवाया और लोगों के लिए नदी मार्ग की आवाजाही शुरू करवाई। मौके पर हुई कार्यवाही से उपस्थित सैकड़ो लोगो ने उपखंड अधिकारी और राजस्व टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कालन्द्री में विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** कालन्द्री ग्राम पंचायत में सोमवार को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं पट्टा वितरण समारोह आयोजित किया गया। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हसमुख मेघवाल, सरपंच महिपालसिंह देवडा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, विकास अधिकारी मंछाराम सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं आमजन उपस्थत थे। कार्यक्रम में 15वें वित्त आयोग में ग्राम पंचायत द्वारा माध्यमिक विद्यालय में ऑपन जीम, पुराना चडुआल मार्ग गोलुआ के पास पानी टंकी निर्माण कार्य, गोलुआ में विद्यालय की चार दीवारी, भील बिस्ती में पानी टंकी निर्माण कार्य, हस्तीनापुर स्कूल में ओपन जिम, रासीसैवि. में जिम, पशु आकरीया के पास पानी टंकी, राउप्रावि. मेघवाल बस्ती में जिम, पुराना पुलिस थाने के पास सार्वजनिक इन्टरलोकिंग एवं शेड निर्माण कार्य, बडे तालाब पर इंटरलोकिंग कार्य, मुस्लिम बस्ती में पानी टंकी निर्माण कार्य, महात्मा गांधी स्कूल में इंटरलोकिंग कार्य, जल जीवन मिशन के तहत पाइप्ड जल योजना का पुनर्गठन सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।



## अखंड दीप ज्योति कलश यात्रा का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** विश्व शांति, सद्भावना, बंधुत्व और जन जागरण के उद्देश्य के साथ निकाली अखंड ज्योति कलश यात्रा सोमवार को शिवगंज पहुंची। यहां ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया। इसको लेकर सैंकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धर कर एक समान परिधान में गायत्री मंत्र का जप करते हुए शोभा यात्रा निकाली। शहर में जगह जगह पर पूजा अर्चना की गई। दिव्य कलश रथयात्रा के जिला संयोजक कन्हैयालाल पुरोहित ने बताया कि यह दिव्य ज्योति कलश माता के जन्म शताब्दी के 100 वर्ष पूर्ण होने और गुरुदेव द्वारा वर्ष 1926 में अपने गुरु सर्वेश्वरानंद के मार्गदर्शन में अखंड दीप प्रज्वलित करने के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में होने पर देश में जनजागरण करने के लिए लिए भ्रमण कर रही है। गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी रमेश गोमतीवाल ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य हमारी वैदिक संस्कृति को घर-घर तक पहुंचाना तथा उनको दिव्य चेतना से जोड़ना एवं तमसो मा ज्योतिर्गमय के पथ पर सभी को अग्रसर करना है। उन्होंने बताया कि ये दिव्य ज्योति सिरोही जिले में 50 दिन का प्रवास करेगी जहां जिले कि पांचो तहसील के सभी गावों में से गुजरेगी। इस अवसर पर गायत्री परिवार पाली जॉन के उप जोन प्रभारी हरिगोपाल सोनी, डॉ श्रवण गर्ग, जगन्नाथ महादेव मंदिर के मंत्री गंगाराम गोयल, उषा सोनी मंडोरा अध्यक्ष जगन्नाथ महादेव महिला मंडल, हेमलता गर्ग, दुर्गा गहलोत आनंदी राजपुरोहित पंकु कुमावत आशा देवड़ा दीपिका हंसमुख लक्षिता सोनी योगिता मधु सोनी चंद्रा सुथार जीवीबाई, रमेश मिस्त्री, हरीश खंडेलवाल, गोविंद खंडेलवाल, वेनाराम, हितेश खंडेलवाल हसमुख सोनी शंकर भाटी,किस्तूर घांची, विनोद कुमार, संजय कुमार वर्मा सहित कई शहरवासी उपस्थित थे.।

## पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में करते है काम : एसपी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** केर गांव स्थित दियाणा जैन मंदिर परिसर में सोमवार को पत्रकार संगठन आइडब्ल्यूजे की सिरोही जिला इकाई का पत्रकार स्नेह मिलन समारोह एसपी अनिल कुमार के मुख्य आतिथ्य, एडीएम डॉ दिनेश राय सापेला एवं एएसपी प्रभुदयाल धानिया विशिष्ठ अतिथि की उपस्थिति में आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने कहा कि मेरे जीवन में 10 साल की नौकरी हुई हैं। मैंने प्रदेश के 6 जिलों में एसपी के रूप में सेवाएं दी हैं। ऐसे आयोजनों से पुलिस और पत्रकारों के बीच समन्वयन बढ़ता हैं। पत्रकार इस देश में लोकतंत्र के चौथे पीलर के रूप में काम करते हैं। विशिष्ट अतिथि एडीएम डॉ. सापेला ने कहा कि आज के इस सम्मेलन को देखकर खूब प्रसन्नता हुई। जिले के ग्रामीण अंचल के पत्रकारों से एक साथ मिलने का अवसर मिला। एएसपी धानिया ने कहा कि कई चीजें ऐसी होती हैं, जिसे हमें भी पत्रकारों के माध्यम से ही प्राप्त होती हैं। संगठन के प्रदेश कार्य समिति सदस्य वि मसिंह करनोत ने कहा कि आइएफडब्ल्यूजे देश का सबसे पुराना पत्रकार संगठन है। जिसकी देश के प्रत्येक राज्य में प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर तक कार्यकारिणी का गठन हो रखा हैं। जिले में 165 पत्रकार साथी जुड़े हुए हैं। स्नेह मिलन कार्य म के साथ साथ प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्रदेश के पत्रकारों के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर आगामी दिनों में जो विधानसभा घेराव की योजना बनाई जा रही हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बोहरा, परीक्षित मिश्रा, जीतेश रावल, मनोज चौरसिया, तरुण मीणा, अनिल चतुर्वेदी, मगन प्रजापत, मुकेशपालसिंह राव, राहुल रावल, संगठन के जिला प्रवक्ता हेमंत अग्रवाल पिंडवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष यूसुफ मेमन, रेवदर ब्लॉक अध्यक्ष लेहरचंद पुरोहित, आबूरोड ब्लॉक अध्यक्ष भागचंद लालवानी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अकरम मेहर, शिवगंज ब्लॉक महासचिव महेंद्र माली, माउंट आबू से दीपक त्रिपाठी, किशन दहिया, रेवदर से हाकिम खान, आबूरोड से दर्शन शर्मा, जगदीश कुमार पोसालिया सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

## क्रिकेट आयोजन समिति की बैठक आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** अग्रसेन प्रिमियर लीग-2025 के लिए अग्रवाल क्षेत्रीय सभा की क्रिकेट आयोजन समिति की बैठक अग्रवाल छात्रावास सिरोही में किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अग्रवाल क्षेत्रीय सभा आबूरोड अध्यक्ष गंगाराम गोयल ने आगामी आयोजन के लिए लाभार्थी बाबूलाल भूरमल बंसल परिवार सरुपगंज की घोषणा पर उनके पुत्र नितिन बंसल का स्वागत किया। इसके बाद विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्य लाभार्थी नितिन बंसल द्वारा अधिक से अधिक टीमे बनाकर इस क्रिकेट महाकुम्भ में भाग लेने का आह्वान किया गया। संयोजक श्रवण अग्रवाल ने बताया कि किसी भी टीम के लिए फ्रेन्चाइजी का प्रथम अधिकार-सम्बन्धित पंचायत का रहेगा। डॉ. महावीर बंसल आबूरोड, प्रवीण अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवगंज, नरेश अग्रवाल महामंत्री, श्रवण अग्रवाल संयोजक, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष रेवदर, संजय अग्रवाल जावाल, मितेष गोयल, दिलीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, दीपक बंसल, योगेश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल रेवदर, संजय अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, जितेन्द्र ऐरन, सुनिल गुप्ता, राकेश मित्तल आदि मौजूद थे

## वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना का शुभारंभ




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** पिंडवाड़ा रेलवे स्टेशन पर केंद्र सरकार की वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना तहत भारतीय रेलवे एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयासों से स्थानीय महिलाओं के हस्तनिर्मित उत्पादों से भरी स्टॉल (ट्रॉली) का स्टेशन अधीक्षक बी आर परमार ने शुभारंभ किया। राजीविका ब्लॉक परियोजना अधिकारी पिंडवाड़ा मनोज कुमार मीणा ने बताया कि इस योजना से ग्रामीण विकास विभाग के राजीविका स्वयं सहायता समूहों एवं वन धन विकास केंद्रो में जुड़ी हुई महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे हस्तनिर्मित उत्पादों को न सिर्फ बाजार उपलब्ध होगा अपितु आर्थिक संभल भी मिलेगा। जिसमे शहद, आचार, मसाले, मुखवास, चिप्स, मालकागनी तेल, धावडी गोंद, जुट बैग आदि शामिल है । कार्य म में क्षेत्रीय समन्वयक रामप्रसाद मैनेजर प्रेरणा खंडेलवाल, क्लस्टर मैनेजर शीला बैरवा, प्रवीणा कुमारी, कृषि सहायक सुरेश कुमार पशुधन सहायक भरत चौधरी आदि उपस्थित रहे ।

## 197 बजरंगियों ने ली देश धर्म रक्षार्थ शस्त्र दीक्षा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** वासा में बजरंग दल ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर भव्य शस्त्र दीक्षा का आयोजन किया गया। बजरंग दल जिला संयोजक सुरेश प्रजापति ने बताया कि कस्बे में शस्त्र दीक्षा कार्य म सुर्यनारायण मंदिर परिसर में मातृ शक्ति जिला संयोजिका इंद्रा खत्री के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें 82 मातृ शक्ति ने त्रिशूल दीक्षा ली वही 115 बजरंगियों ने शस्त्र दीक्षा ली। इस दौरान इंद्रा खत्री ने कहा कि आज जिस प्रकार की विकट स्थितियों में हम देश में देख रहे हैं आने वाले खतरों को हमें पहचाना होगा देश धर्म की रक्षा के लिए हम सभी को एक होकर एक जाजम पर आकर सामाजिक समरसता एकता और इस प्रकार के धार्मिक कार्य मों का आयोजन कर सभी को एक जाजम पर लाना होगा। दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका पिंकी राजपुरोहित ने देश के मठ मंदिरों की रक्षण जिम्मेदारी सभी बजरंगियों एवं दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति को सदैव तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख कन्हैयालाल, जिला मंत्री लक्ष्मण रावल, जिलाध्यक्ष सुभाषचंद्र अग्रवाल, मांगीलाल कलबी, प्रखंड धर्म प्रचार अध्यक्ष सुरेश प्रजापति, वीएसपी नगर संयोजक सोपाराम सुथार, मातृ शक्ति संयोजिका लीलादेवी माली,सह संयोजिका पुष्पा प्रजापति, भारत प्रजापत, हरीश माली, भीमाराम लखारा, रमेश छिपा, देवाराम मेघवाल, अशोक प्रजापत, नारायण रावल, राहुल सुथार, सुमेराराम देवासी, नरेश प्रजापत, गणेश सुथार सहित प्रखंड के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 24 बालिकाओं को मिली साइकिल



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य श्रीमती शशि चौरडिया एवं उप प्रधानाचार्य जैसाराम मीणा ने 24 बालिकाओं को साइकिन वितरित की। कांतिलाल माली, जब्बरसिंह चौहान, भंवर परमार, भरतसिंह, अरविंद कुमार छीपा, रौनक बामनिया, पारस मीणा एवं रामलाल आदि उपस्थित रहे।

## लकी ड्रॉ खुलने से पहले पहुंची पुलिस, आयोजक भागे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** निमतलाई में रविवार रात लकी ड्रॉ का आयोजन किया जाना था। लेकिन, पुलिस के आने पर सभी आयोजक मौके से फरारा हो गए। गुजरात में लक्की ड्रॉ पर पाबंदी होने के साथ पुलिस कर्रवाई होने से आयोजकों ने राजस्थान सीमा से सटे गांवों की ओर कुच किया था। गुजरात के बाद आयोजकों ने विरोल गांव को चुना। जहां पुलिस तथा प्रशासन से बचकर पांच सात दिन पहले ड्रॉ करने की तैयारी थी। लेकिन, पुलिस पहुंचने से आयोजक भाग गए थे। इसके बाद बीती रात पीथापुरा पंचायत के निमतलाई स्थित मामाजी मंदिर पर गुजरात के आयोजकों की ओर से भजन संध्या की आड में लक्की ड्रॉ खोला जाना था। इस बार जनवरी माह से ही ड्रॉ के नाम पर ठगी का खेल शुरू हो चुका था। गुजरात सीमा से जुड़े जालोर, सिरोही, पाली, बाड़मेर, जैसलमेर, सहित आसपास के जिलों के लोगों को महंगे और आकर्षक उपहार की लालच देकर रसीदें कटवा रहे हैं। ड्रॉ के आयोजक लोगों को गोशाला या अन्य धार्मिक आयोजन का हवाला देकर भरोसा जीत रहे हैं। जबकि ऐसे ड्रॉ की कानूनन अनुमति नहीं हैं। देर रात को थानाधिकारी रविन्द्रपालसिंह राजपुरोहित मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देख आयोजकों के होश फाख्ता हो गए। मौके से आयोजनकर्ता समेत भजन कलाकार मौके से गायब हो गए। मौके से साउंड व कैमरा वाले भी हुए गायब हो गए। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी ने भी रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई है।



### ड्रॉ गैरकानूनी, झांसे में ना आएं

अपने किसी भी परिचित, रिश्तेदार या किसी की बातों में आकर किसी भी ड्रॉ की रसीदें नहीं कटवाएं। हमें बताएं, कार्रवाई करेंगे

रविन्द्रपालसिंह राजपुरोहित

## आदर्श आचार संहिता प्रभावी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत उप चुनाव माह फरवरी 2025 के तहत ग्राम पंचायत छीबागांव के वार्ड पंच संख्या 2 में रिक्त पद पर उप चुनाव कराए जाने का कार्य म प्राप्त हुआ है। रिक्त पद में ग्राम पंचायत छीबागांव के वार्ड सं. 02 का संपूर्ण क्षेत्र समावेष्ट है। जिला निर्वाचन अधिकारी अल्पा चौधरी ने बताया कि पंचायत उप चुनाव की घोषणा के साथ ही निर्वाचन क्षेत्र में आदर्श आचरण सहिता प्रभावी हो गई है।

## ट्रोलर एवं टैंकर की टक्कर, फोरलेन पर बहा केमिकल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** उथमण टोल प्लाजा के पास ट्रोलर एवं टैंकर की टक्कर से टैंकर में छेद होने से काफी मात्रा में ज्वलनशील केमिकल फोरलेन पर बहने लगा। पुलिस के अनुसार टैंकर चालक गांधीधाम से नेप्था केमिकल भरकर उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जा रहा था। पालड़ी थाने से कुछ आगे एक पेट्रोल पंप के सामने ट्रोलर की टक्कर हो गई। जिससे टैंकर में बड़ा छेद हो गया। टैंकर में लगभग 30 हजार लीटर अत्यंत ज्वलनशील नेप्था केमिकल भरा हुआ था। टैंकर में छेद होने के कारण सड़क पर काफी मात्रा में केमिकल बहने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पालड़ी पुलिस और मौके पर पहुंची। आग का खतरा देखते हुए तुरंत अग्निशमन वाहन को भी बुलाया गया। पुलिस और हाईवे की टीम ने स्थिति को नियंत्रण में लेकर बड़े हादसे को टाल दिया।



# जैसलमेर : 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** 76वां गणतंत्र दिवस रविवार को जिले भर में हर्षोल्लासपूर्वक व गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह सोनार दुर्ग की तलहटी में स्थित शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया एवं खुली जिप्सी में परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड कमांडर रिजर्व पुलिस सब इंस्पेक्टर मीनाक्षी मालवीय के नेतृत्व में पुलिस, बॉर्डर होमगार्ड, अरबन होमगार्ड, एनसीसी, एनसीसी महिला विंग, स्कॉउट, गाईड गर्ल्स के साथ ही अन्य टूकडियों ने मार्च पास्ट किया एवं मुख्य अतिथि को सलामी देते हुए मुख्य मंच के आगे से गुजरे। इस मौके पर जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर पवन कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनिता चौधरी, पूर्व विधायक डा. जितेन्द्रसिंह, समाजसेवी पवन कुमार सिंह, हिम्मताराम चौधरी, गेमरसिंह, मूलाराम चौधरी, चुतराराम प्रजापत के साथ ही जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, नगरवासी उपस्थित थे।

### इनको किया पुरस्कृत


जिला कलेक्टर प्रतापसिंह, जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी व पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने गणतंत्र दिवस पर बधाई दी एवं उन्होंने इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 46 लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर गेलेंटरी अवार्ड विजेताओं एवं शहीदों की विरांगनाओं का भी जिला कलेक्टर ने बहुमान किया। इस मौके पर वीरगाथा प्रोजेक्ट 4.0 के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### राज्यपाल संदेश का पठन

अतिरिक्त जिला कलक्टर पवन कुमार ने समारोह में राज्यपाल के संदेश का पठन किया। कार्यक्रम में श्रीमती किशनी देवी मगनीराम मोहता राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा राजस्थान के पारम्परिक घूमर नृत्य की शानदार प्रस्तुति की गई। इस प्रस्तुति को शिक्षिका श्रीमती सायरी चौहान, श्रीमती रश्मि आचार्य एवं श्रीमती पूजा हरवानी द्वारा तैयार करवाया गया।

### शानदार रहा व्यायाम प्रदर्शन

समारोह में पुलिस बैंड की मधुर धुनों एवं बैंड के थाप पर नगर की 18 राजकीय एवं निजी विद्यालयों के 800 छात्र-छात्राओं द्वारा सामुहिक व्यायाम का प्रदर्शन कर सभी को मोहित किया गया। सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन प्रभारी विरेन्द्र सिंह एवं सह प्रभारी दीपसिंह के साथ ही शारीरिक शिक्षकों के निर्देशन में तैयार किया गया।



### झांकियों की प्रस्तुति

गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर स्टेडियम में नगर परिषद द्वारा स्वच्छता, अन्नपूर्णा रसोई, सदभावना केन्द्र से ओत-प्रोत शानदार झांकी की प्रस्तुति की गई। जलदाय विभाग द्वारा जल-जीवन मिशन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बालिका शिक्षा व स्वास्थ्य, जिला निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाता जागरुकता, पंचायत समिति सम द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण से ओत-प्रोत संजीव झांकी की प्रस्तुति की गई। निर्णायकों द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी प्रथम, नगरपरिषद की झांकी द्वितीय एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की झांकी तृतीय स्थान पर रही। झांकी के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### ये थे उपस्थित

गणतंत्र दिवस समारोह में उप पुलिस अधीक्षक रुपसिंह इंदा, कोषाधिकारी देरावरसिंह राठौड़, आयुक्त नगरपरिषद लजपाल सिंह सोढ़ा, तहसीलदार पारसमल राठौड़, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी शंकर सिंह उदावत, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक रामनिवास शर्मा, अधीक्षण अभियंता जलदाय के. सी. मीणा, उपनिदेशक महिला अधिकारिता अशोक गोयल, खेल अधिकारी राकेश विश्नोई भी उपस्थित थे। समारोह का संचालन व्याख्याता श्रीमती आरती मिश्रा व नरेन्द्र वासु ने किया।

# अनंतराम विश्नोई बाड़मेर भाजपा के नए जिलाध्यक्ष

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सोमवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर बाड़मेर पहुंचे। सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने फूल व गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान कलेक्टर, एसपी सहित जिले भर के अधिकारी पहुंचे। शिक्षा एवं पंचायती राज के अधिकारियों के साथ वार्ता भी की। जिलाध्यक्ष के दावेदारों के साथ वन-टू-वन मीटिंग भी की। इसके बाद सर्किट हाउस से अग्रवाल पंचायत भवन पहुंचे। वहां पर बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता के साथ मीटिंग की। वहां पर चुनाव प्रक्रिया में अनंतराम विश्नोई जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए। दरअसल, शिक्षा एवं पंचायती राज्य मंत्री मदन दिलावर के एक दिवसीय दौरे पर बाड़मेर पहुंचने पर सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उसके बाद पुलिस जवानों ने मंत्री मदन दिलावर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उसके बाद दिलावर ने जिला कलेक्टर टीना डाबी, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा सहित पंचायती राज पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद मंत्री ने भाजपा की जिलाध्यक्ष चयन चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत शाम को ट्रेन से वापस जयपुर के लिए रवाना होने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि संगठन के चुनाव हमारे कई दिनों से चल रहे हैं। सबसे मतदान केंद्र स्तर पर अध्यक्ष बनाया। उसके बाद वह सब मिलकर मंडल अध्यक्ष बनााया। मंडल के चुनाव हो गए। मंडल अध्यक्ष और प्रतिनिधि होते हैं, जो जिलाध्यक्ष का चुनाव करते हैं। हमने इसको संगठन पर्व नाम दिया है। सामान्य भाषा में चुनाव कह सकते हैं। आज जिले के



चुनाव का अंतिम दिन है। बीजेपी में निष्पक्षता ही रहती है। दिलावर ने विड्रॉल फॉर्म साथ में लेने के सवाल पर कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में एक-दूसरे पर पक्का विश्वास है। ऐसा नहीं है कि सरपंच का चुनाव है और खड़े हैं।
यह एक परिवार है। परिवार में एक पद के लिए व्यक्ति चुना जाता है। नामांकन करने वालों ने सभी ने कहा कि भाजपा जो निर्णय कर लेगी वो हम सबको निर्णय स्वीकार है। बाड़मेर 150-200 कार्यकर्ताओं में जिलाध्यक्ष बनने की क्षमता है और संचालन ठीक प्रकार से कर सकते हैं।

## चाय पीकर रोड क्रॉस कर रहा था, कार ने उड़ाया

### हादसे में व्यक्ति की मौत, कृषि मंडी गेट के सामने हादसा

**बाड़मेर।** नेशनल हाइवे क्रॉस करने के दौरान फोर्ड फिगो कार ने 57 साल के व्यक्ति को टक्कर मार दी। इससे गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग हॉस्पीटल लेकर पहुंचे। वहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बाड़मेर कोतवाली थाने के कृषि मंडी गेट के सामने बीती रात की है। फिलहाल पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। वहीं परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। आपको बता दें कि नेशनल हाइवे 68 शहर के बीचोंबीच से निकलता है। पुलिस के अनुसार गंगाई नगर मोहल्ला निवासी दौलतराम पुत्र प्रहलादराम रविवार रात को करीब 11 बजे कृषि मंडी गेट पर चाय पीकर रवाना हुआ। नेशनल हाइवे क्रॉस कर रहा था। इस दौरान सर्किट हाउस की तरफ से आ रही फोर्ड फिगो कार ने टक्कर मार दी।



इससे गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को बाड़मेर हॉस्पीटल पहुंचाया। वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को कब्जे में लेकर हॉस्पीटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया। कोतवाली एएसआई दुर्गाराम ने बताया- परिजनों ने रिपोर्ट दी है कि दौलतराम मंडी से घर आ रहा था। कार ने टक्कर मार दी। इससे मौत हो गई। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। वहीं कार को सदर थाने में खड़ी करवाई गई है। वहीं पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# पीएम सूर्यघर योजना में प्रगति लाने पर जोर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जिले में सप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर प्रतापसिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि जो आंगनवाड़ी केन्द्र विद्युत कनेक्शन से बकाया रह गई है, उनको भी शीघ्र ही विद्युत कनेक्शन से जोड़ने की कार्यवाही करें। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की समीक्षा की तो देखा कि बहुत ही कम जिले में प्रगति हुई है। उन्होंने इसे गंम्भीरता से लिया एवं अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि वे इसमें प्रगति लायें एवं विशेष रुप से शहरी क्षेत्रों में बड़ी-बड़ी कॉलोनियों में नगरपरिषद एवं नगरपालिका के सहयोग से कैम्पों का आयोजन करवा कर लोगों का पंजीकरण करावें एवं उनके घरों पर सूर्यघर योजना के पेनल लगवाने की व्यवस्था करावें। साथ ही उन्हें सरकार द्वारा जो अनुदान दिया जा रहा है उसके बारे में भी लोगों को अवगत करावें ताकि वे इस योजना का लाभ लें। उन्होंने आयुक्त नगरपरिषद जैसलमेर एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका पोकरण को निर्देश दिए कि वे इस योजना में घरों पर सौलर पेनल लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करें एवं इसमें अच्छी प्रगति हासिल करें। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना 2.0 प्रथम चरण की प्रगति की भी समीक्षा की एवं निर्देश दिए कि इसमें भी कार्यों को समय पर कराएं। इसके साथ ही बैठक में अन्य विभागीय गतिविधियों पर भी चर्चा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर पवन कुमार, उपखण्ड अधिकारी फतेहगढ़ श्रीमति शिवा जोशी के साथ ही विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



# "सरहद से समंदर" बाइक रैली पहुंची जैसलमेर

**▶▶ स्कूली बच्चों से मिले, 2300 किमी की यात्रा कर 1 फरवरी को मुंबई पहुंचेंगे**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** भारतीय तटरक्षक के 49वें स्थापना दिवस समारोह के तहत (सेंटीनेल्स ऑफ द सी) "सरहद से समंदर" मोटरसाइकिल अभियान जैसलमेर पहुंचा। बाइकर्स ने जैसलमेर स्थित राजकुमारी रत्नावती गर्ल्स स्कूल का दौरा किया। इस दौरान पर्व राज परिवार सदस्य रासेश्वरी राज्य लक्ष्मी व चैतन्य राज सिंह मौजूद रहे। स्कूल में कमांडेंट श्याम सुंदर ने तिरंगा झण्डा फहराया। इस मौके पर डिप्टी कमांडेंट गौरव आचार्य ने सभा को संबोधित करते हुए भारतीय तटरक्षक बल के मिशन और अभियानों की एक प्रेरक झलक प्रस्तुत की। दरअसल, भारतीय सेना के प्रति आम लोगों में विश्वास और उत्साह बढ़ाने के लिए "सरहद से समंदर" बाइक रैली 22 जनवरी को अटारी बॉर्डर से शुरू हुई, जो 2300 किमी की यात्रा कर एक फरवरी को मुंबई पहुंचेगी। वहां गेटवे ऑफ इंडिया पर भारतीय तट रक्षक दल का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने राजकुमारी रत्नावती स्कूल के कर्मचारियों को उनके गर्मजोशी भरे स्वागत और थार रेगिस्तान क्षेत्र की बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए उनके समर्पण के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। वहीं, कमांडेंट संदीप शुक्ला ने छात्रों को प्रेरणादायक शब्दों के साथ प्रोत्साहित किया और उन्हें ऊंचे लक्ष्य तय करने और सशस्त्र बलों में करियर बनाने पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए छात्रों द्वारा एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें राजस्थान की समृद्ध परंपराओं और उत्साह को दर्शाया गया। ऐसे संवाद और कार्यक्रम न केवल भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के प्रति तटरक्षक बल की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, बल्कि देश की सांस्कृतिक धरोहर और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए फिट इंडिया मूवमेंट, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और स्वच्छ भारत अभियान जैसे प्रयासों को भी बल प्रदान करते हैं।

### राजस्थान के कई शहरों से गुजरेगी बाइक रैली

रैली राजस्थान के विभिन्न शहरों और गांवों से होकर गुजरेगी, जिससे ग्रामीण भारत के साथ जुड़ाव को और मजबूत किया जा सकें। यात्रा के दौरान टीम लोगों के दिलों से जुड़ने के लिए कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। यह जुड़ाव विश्वास, आपसी सम्मान और बड़े राष्ट्रीय ताने-बाने के प्रति अपनत्व की भावना को बढ़ावा देता है।

# पश्चिमी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा की बैठक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** माहेश्वरी प्रदेश सभा की बैठक जोधपुर के माहेश्वरी छात्रावास रसाला रोड मे रविवार को संपन्न हुई। प्रदेश मंत्री सत्यनारायण भट्टड़ ने सभी सदस्यों का स्वागत किया व जैसलमेर में हुई बैठक की रुपरेखा बताई। जोधपुर जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम मूंदड़ा ने अपने विचार रखे व कहा की महासभा की योजनाओं का लाभ लेने के लिए ABMM सम्पर्क एकप के आईडी नंबर होने अनिवार्य हैं। प्रदेश अध्यक्ष रतनलाल डागा द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि प्रदेश के सभी जिलों मे समाज बंधुओं तक महासभा की योजनाओं का लाभ मिले व सालाना एक लाख से कम आय वाले परिवारों को महासभा से सहयोग दिलाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। महासभा सभापति संदीप काबरा ने बताया कि महासभा की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ समाज बंधु उठा सकें, ऐसे कार्य करें। सभापति काबरा ने बताया कि मार्च में आगामी प्रदेश अंचल का अधिवेशन जोधपुर में होगा। सभापति संदीप काबरा ने बताया कि अगला अखिल भारतीय अंतराष्ट्रीय माहेश्वरी अधिवेशन जोधपुर में जनवरी 2026 में होगा। जोधपुर बैठक में जैसलमेर जिले से जिला अध्यक्ष देवकिशन भूतड़ा, मंत्री अनिल भूतड़ा, उपाध्यक्ष शिवनारायण कपुरिया, विशेष आमंत्रित रमनलाल बिसानी, संगठन मंत्री जितेन्द्र भूतड़ा, कोषाध्यक्ष संतोष गिगल, जैसलमेर तहसील अध्यक्ष रमेश चांडक, मंत्री प्रवीण सारदा, पोकरण तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर टावरी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमार राठी, प्रदेश सदस्य कमल बिसानी व सुरेश राठी, जुगल गांधी ने भाग लिया।



# व्यापार जगत

### सरकार ने सेबी चीफ के आवेदन मांगे

## मौजूदा प्रमुख माधबी बुच 28 फरवरी को रिटायर

**▶▶ विवादों में रहा पहली महिला चीफ का कार्यकाल**

**मुंबई।** स्टॉक मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया की चीफ माधबी पुरी बुच का कार्यकाल अगले महीने समाप्त हो रहा है। ऐसे में वित्त मंत्रालय ने नए चेयरमैन की नियुक्ति के लिए एप्लिकेशन मांगी है। बुच का कार्यकाल तीन साल का था। उन्होंने 2 मार्च 2022 को अजय त्यागी की जगह ली थी। बुच 2017 से 2022 तक SEBI में होल-टाइम मेंबर थीं। माधबी पुरी बुच अपने सख्त स्वभाव के लिए जानी जाती हैं।




### नए सेबी चीफ को 5,62,500 सैलरी मिलेगी

अगले सेबी चीफ का कार्यकाल मैक्सिमम 5 साल या 65 साल की उम्र तक का होगा। इसके लिए उन्हें केंद्र सरकार के सेक्रेटरी के बराबर सैलरी और बाकी सुविधाएं मिलेंगी या बिना कार और घर के 5,62,500 रुपए हर महीने सैलरी मिलेगी। बुच ने अपना करियर 1989 में ICICI बैंक से शुरू किया था। 2007 से 2009 तक ICICI बैंक में एग्जीक्युटिव डायरेक्ट थीं। वे फरवरी 2009 से मई 2011 तक ICICI सिक्योरिटीज की मैनेजिंग डायरेक्टर और CEO थीं। 2011 में सिंगापुर चली गईं और वहां उन्होंने ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल में काम किया। माधबी के पास फाइनेंशियल सेक्टर में 30 सालों का लंबा अनुभव है और वे सेबी की तमाम कमेटियों में पहले भी रह चुकी हैं। वे अभी इसकी एडवाइजरी कमेटी में भी थीं।

# झारखंड : अशोक लेलैंड को तीन डीलरशिप आउटलेट का उद्घाटन

**रायपुर।** हिंदुजा समूह की भारतीय प्रमुख कंपनी और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता, अशोक लीलैंड ने आज झारखंड में साहू एंड संस ट्रकिंग्स के तीन नए एमएंडएचसीवी डीलरशिप आउटलेट का उद्घाटन किया। इनमें रांची में दो और सेरेंगदाग में एक आउटलेट शामिल हैं। इन आउटलेट के साथ, अशोक लीलैंड के अब राज्य भर में 30 एमएंडएचसीवी टचपॉइंट हैं। रांची में यह 3एस डीलरशिप, एनएच20 (जमशेदपुर को बरही से जोड़ते हुए) पर रणनीतिक रूप से स्थित है, जो 60,000 वर्ग फुट में फैली है और इसमें दस बे हैं। यह नई लॉन्च की गई डीलरशिप रांची, हजारीबाग, गुमला, चतरा, कोडरमा, रामगढ़, खूंटी और सिमडेगा जिलों में सेवा प्रदान करेगी। यह आउटलेट एम एंड एचसीवी वाहनों की सेवा करेगा और आधुनिक उपकरणों से लैस है, जिसमें व्हील एलाइनमेंट मशीन, न्यूमैटिक सिस्टम और आधुनिक मरम्मत प्रणाली सुविधाओं के साथ चार समर्पित दुर्घटना के शिकार वाहनों की मरम्मत के लिए विशेष बे शामिल हैं। रांची में जिस दूसरे आउटलेट उद्घाटन किया गया वह एक डीलरशिप बिक्री (1 एस) आउटलेट है। तीसरा आउटलेट, एक अत्याधुनिक 2 एस इकाई है और चतरा जिले के सेरेंगदाग में स्थित है। 25,000 वर्ग फुट में फैली, इस इकाई एन सात सर्विस बे हैं और यह चतरा कोयला खदानों और एनटीपीसी, टंडवा के पास रणनीतिक रूप से स्थित है, जो राज्य के पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों में जाने वाले वाहनों के लिए कुशल पहुंच सुनिश्चित करता है। नई लॉन्च की गई ये सभी डीलरशिप अशोक लेलैंड को पूर्वी क्षेत्र में विस्तार करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।



**अशोक लेलैंड की राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख**-एमएचसीवी, सुश्री माधवी देशमुख ने कहा, "हम इस क्षेत्र की बढ़ती आर्थिक गतिविधि, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का विस्तार और वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती मांग का लाभ उठाना चाहते हैं। हमारे भागीदार साहू एंड संस ट्रकिंग्स इन नए आउटलेट के ज़रिये इस क्षेत्र में हमारे ग्राहकों की विशिष्ट मांगों को पूरा करने में हमारी मदद करेंगे। हम विकास का हिस्सा बनना चाहते हैं और अपने ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद उपलब्ध कराना चाहते हैं। हम हमेशा की तरह ग्राहक सेवा और संतुष्टि को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने उपभोक्ताओं को उनके सपने पूरे करने में मदद करेंगे क्योंकि हमारा मानना है कि कोई मंजिल दूर नहीं है।" साहू एंड संस ट्रकिंग्स के निदेशक, विवेक विशाल ने कहा, हम अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी में झारखंड में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रोमांचित हैं।

# एयरलाइंस प्रयागराज की फ्लाइट्स बढ़ाएं

- किराया भी उचित रहना चाहिए
- कुंभ के चलते बढ़े टिकट के दाम

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने एयरलाइंस कंपनियों से महाकुंभ (प्रयागराज) के लिए हवाई किराया न बढ़ाने (तर्कसंगत बनाने) को कहा है। कई यात्रियों ने फ्लाइट्स के किराए में भारी बढ़ोतरी की शिकायत की थी, जिसमें दिल्ली से प्रयागराज के लिए किराया 25,000 रुपए तक बढ़ गया है, जो सामान्य तौर पर 5,000 रुपए रहता है। इसके अलावा DGCA ने एयरलाइंस को अधिक उड़ानें बढ़ाने को भी कहा है। DGCA ने जनवरी के लिए 81 अतिरिक्त उड़ानों को मंजूरी दी है, जिससे पूरे भारत से प्रयागराज के लिए उड़ानों की कुल संख्या 132 हो गई है। प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी को समाप्त होगा। स्पाइसजेट और अकासा एयर ने प्रयागराज के लिए फ्लाइट्स बढ़ाईं 24 जनवरी को स्पाइसजेट ने महाकुंभ के लिए प्रयागराज के लिए विशेष उड़ानें शुरू करने की घोषणा की, जिसमें गुवाहाटी, चेन्नई और हैदराबाद से नई सीधी उड़ानें शुरू की गईं। 25 जनवरी को अकासा एयर ने मुंबई से अपनी डेली सीधी फ्लाइट्स के अलावा, पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और बेंगलुरु से दिल्ली के रास्ते विशेष उड़ानों के साथ प्रयागराज के लिए अपनी कनेक्टिविटी बढ़ाई है। अंतरिक्ष से धरती पर सिर्फ महाकुंभ जगमग दिख रहा नासा के अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) से महाकुंभ की 2 तस्वीरें X पर शेयर की हैं। तस्वीरों में अंतरिक्ष से धरती पर सिर्फ महाकुंभ रोशनी से जगमग दिख रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज महाकुंभ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज प्रयागराज महाकुंभ में रहेंगे। संगम स्नान करेंगे। साथ में सीएम योगी और कई केंद्रीय मंत्री भी डुबकी लगाएंगे। साधु-संतों से भी मिलेंगे।



### सोने-चांदी के दाम में गिरावट

## सोना 300 रुपए गिरकर 80048 रुपए पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 27 जनवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 300 रुपए गिरकर 80,048 रुपए हो गया है। इससे पहले सोना 80,348 रुपए पर था। वहीं 24 जनवरी को सोने ने 80,430 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट है। ये 1,355 रुपए गिरकर 89,856 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 91,211 रुपए पर थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।



### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,400 रुपए है। **मुंबई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,250 रुपए है। **कोलकाता** : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 82,250 रुपए है। **चेन्नई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,250 रुपए है। **भोपाल** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,300 रुपए है।

## आपका राशिफल 28 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-4-6

भारत बनाम इंग्लैंड

# तीसरा टी20 आज, बढ़त कायम रखना चाहेगी टीम इंडिया



**राजकोट।** पहले दो मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव फॉर्म में लौटना चाहेंगे। पिछले साल सूर्यकुमार ने जब टीम की कमान संभाली तो भारत ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन कप्तान स्वयं रन बनाने के लिए जूझते रहे। टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार ने इस बीच 17 पारियों में 26.81 की औसत से 429 रन बनाए। सूर्यकुमार को खराब फॉर्म के कारण चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में भी नहीं चुना गया। वह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 श्रृंखला के पहले दो मैच में भी नहीं चल पाए और अब समय आ गया है, जबकि उन्हें खुद को साबित करना होगा। सूर्यकुमार की खराब फॉर्म और संजू सैमसन की शॉर्ट पिच गेंद के सामने कमजोरी के कारण भारत चेन्नई में खेले गए दूसरे मैच में मुश्किल स्थिति में फंस गया था, लेकिन तिलक वर्मा ने एक छोर संभाले रखकर टीम को दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन करने वाले सैमसन पिछले दो मैच में जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट पिच गेंद पर आउट हुए। उन्हें जल्द से जल्द इस कमजोरी से पार पाना होगा। राजकोट की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। आर्चर और मार्क वुड ने अभी तक अपनी शॉर्ट पिच गेंद से भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की है। लेकिन तिलक के सामने उनकी यह रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। तिलक ने दूसरे मैच में आर्चर पर चार छक्के लगाकर अपनी प्रतिभा का अच्छा परिचय दिया था। रिंकू सिंह और नीतीश रेड्डी चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह शिवम दुबे और रमनदीप सिंह में से किसी एक को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। दुबे को टी20 विश्व कप के दौरान बीच के ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और वह आदिल राशिद की लेग स्पिन के सामने कारगर साबित हो सकते हैं। भारत ने पहले दो मैच में अर्शदीप सिंह के रूप में एक मात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज उतारा था। हार्दिक ने उनके साथ नई गेंद संभाली थी। भारत के इस संयोजन में बदलाव करने की संभावना नहीं है। भारत ने अभी तक आठ बल्लेबाजों के साथ उतरने को प्राथमिकता दी है क्योंकि बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती ने अच्छी गेंदबाजी की है। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो उसे पांच मैच की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखने के लिए इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

**इंग्लैंड क्रिकेट टीम**
जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल रशीद, साकिब महमूद, फिलिप साल्ट, मार्क वुड।

**भारत क्रिकेट टीम:**
- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रमनदीप सिंह, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल।

# बुमराह ने जीता आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड



भारत के धाकड़ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को साल 2024 का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया है। उन्होंने इंग्लैंड के जो रूट, हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस को पछाड़कर आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता है। 2018 में टेस्ट डेब्यू करने वाले बुमराह ने पहली बार यह पुरस्कार अपने नाम किया है। वह आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतने वाले छठे भारतीय क्रिकेटर हैं। उनसे पीले राहुल द्रविड़, गौतम गंभीर, वीरेंद्र सहवाग, रविचंद्रन अश्विन और विराट कोहली को भी यह पुरस्कार मिल चुका है।

## बुमराह ने चटकाए 71 टेस्ट विकेट

बुमराह ने पिछले साल अपनी घातक गेंदबाजी से विपक्षी टीमों की नाक में जमकर दम किया। उन्होंने 2024 में 13 टेस्ट मैचों में 14.92 की औसत और 30.16 के स्ट्राइक रेट से 71 विकेट चटकाए। वह पिछले साल सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 बार चार विकेट हॉल जबकि 5 बार पांच विकेट हॉल लिया। दाएं हाथ के गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भी गदर काटा। उन्होंने पांच टेस्ट में 32 विकेट हासलि किए। भारत को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 1-3 से हार का मिली थी लेकिन 31 वर्षीय बुमराह प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

## मुंह ताकते रह गए रूट, ब्रूक और मेंडिस

वहीं, दिग्गज बल्लेबाज रूट ने पिछले साल 17 टेस्ट में 55.57 की औसत से 1556 रन बनाए, जिसमें छह शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने अपने करियर में पांचवीं बार एक कैलेंडर वर्ष में एक हजार रन का आंकड़ा पार किया। वह 2024 में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले क्रिकेटर रहे। ब्रूक ने 12 टेस्ट में 55.00 की औसत से 1100 रन बटोरे। उन्होंने चार शतक और तीन अर्द्धशतक ठोके। वहीं, मेंडिस ने 9 टेस्ट में 74.92 की औसत से 1049 रन बनाए थे। श्रीलंकाई प्लेयर के बल्ले से पांच शतकीय और तीन अर्धशतकीय पारियां निकलीं।

## ओली पॉप रहे बुमराह का स्पेशल शिकार

बुमराह ने अवॉर्ड जीतने के बाद कहा, "आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार मिलने पर बहुत खुश हूं। टेस्ट फॉर्मेट हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है। मैं, हमेशा इस फॉर्मेट में खेलना चाहता हूं। ऐसे में आईसीसी से यह सम्मान मिलना खुशी की बात है। पिछला साल स्पेशल था। बहुत सारी सीख और जीत मिली।" बुमराह के इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के विकेट को सबसे खास करार दिया। बुमराह ने विशाखापट्टनम में पोप को खतरनाक यॉर्कर पर बोल्ड किया था। बुमराह ने कहा, "पिछले साल कई विकेट स्पेशल रहे लेकिन पोप का विकेट बेहद खास था।

# वेस्टइंडीज ने घर में घुसकर पीटा



▸▸ 35 साल बाद पाक टीम ने घुटने टेके

**मुल्तान।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला मुल्तान में खेला गया। मेहमान टीम ने इस मुकाबले में इतिहास रचते हुए 35 साल बाद पाकिस्तान को उसी के घर में टेस्ट मैच हराया। वेस्टइंडीज 120 रन से मुकाबला अपने नाम करने में सफल रही। वेस्टइंडीज के स्पिनर जोमेल वारिकन इस मैच टीम की जीत के हीरो रहे। उन्होंने पूरे मैच में 9 विकेट झटके और पाकिस्तान को घुटनों पर ले आए। तीन दिन के अंदर ही कैरेबियाई टीम ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। वेस्टइंडीज की इस जीत के साथ 2 मैच की यह सीरीज 1-1 से ड्रॉ हो गई। सीरीज का पहला मुकाबला 127 रन से जीता था। पाकिस्तान के अनुभवी स्पिनर नोमान अली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में हैट्रिक ली थी। वह पाकिस्तान के लिए टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले पहले स्पिनर बने थे। उन्होंने लगातार तीन गेंदों पर जस्टिन ग्रीव्स, टेविन इमलाच और केविन सिंक्लेयर को आउट किया था। हालांकि उनकी हैट्रिक भी पाकिस्तान को इस मुकाबले में जीत नहीं दिला पाई। स्पिन फ्रेंडली विकेट पर वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने पाकिस्तान से अच्छी बैटिंग की। पाकिस्तान ने जो गड्ढा कैरेबियाई टीम के लिए खोदा था, वे उसमें खुद गिर गए। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। लेकिन वह सिर्फ 163 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गए थे। गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 55 रन बनाए थे। इसके अलावा जोमेल वारिकन ने भी 36 रन का अच्छा योगदान दिया था।

# अजमतुल्लाह ने रचा इतिहास

▸▸ अफगानी खिलाड़ी ने जीता पहली बार आईसीसी अवॉर्ड



**दुबई।** अजमतुल्लाह उमरजई ने पहली बार आईसीसी का सालाना अवॉर्ड जीता है। ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई साल 2023 के बेस्ट वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गए हैं। अफगानिस्तान के युवा ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई ने एक बड़ा आईसीसी अवॉर्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ वे पहले अफगानिस्तानी क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्हें आईसीसी का कोई सालाना अवॉर्ड मिला है। हालांकि, पहला आईसीसी अवॉर्ड अफगानिस्तान के लिए ऑलराउंडर राशिद खान ने जीता था। अजमतुल्लाह उमरजई आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 बने हैं। अजमतुल्लाह उमरजई से पहले राशिद खान ने आईसीसी अवॉर्ड अफगानिस्तान के लिए जीता था। वे 2010-19 के आईसीसी टी20आई प्लेयर ऑफ द डिकेड बने थे। अजमतुल्लाह उमरजई ने 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2024 में दुनिया के सबसे बेहतरीन वनडे इंटरनेशनल खिलाड़ियों में से एक बनने का गौरव हासिल किया है। उन्होंने दाएं हाथ की तेज गेंदबाजी और बल्लेबाजी से अफगानिस्तान की टीम और खेल को नए स्तर पर पहुंचाया।

# स्मृति को दमदार बैटिंग का इनाम



आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को साल 2024 में दमदार बैटिंग का इनाम दिया है। मंधाना को आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 चुना गया है। उन्होंने एक धांसू कीर्तिमान रचा है। वह दो बार आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीतने वाली दूसरी क्रिकेटर बन गई हैं। उनके अलावा यह कारनामा न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स ने अंजाम दिया है। मंधाना ने 50 ओवर फॉर्मेट में गजब का प्रदर्शन किया। उन्होंने पिछले साल 13 वनडे मैचों में 57.86 के प्रभावशाली औसत और 95.15 के स्ट्राइक रेट से 747 रन बनाए। बाएं हाथ की ओपनर ने इस दौरान चार शतक और 3 अर्धशतक जमाए। वह 2024 में महिला वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली प्लेयर रहीं। उनके बाद लिस्ट में वोल्वार्ड्ट (697), इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट (554) और वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज (469) का नाम है। मंधाना ने जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-0 की सीरीज जीत में लगातार दो शतक लगाए। उन्होंने अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के निर्णायक मैच में शानदार शतक ठोका। 28 वर्षीय मंधाना ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में सेंचुरी लगाकर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। उन्होंने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वह एक कैलेंडर वर्ष में वनडे फॉर्मेट में चार शतक जमाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन चुकी हैं।

## म नो रं ज न

# माधवन संग कंगना की फिल्म शुरू





बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल पाई। भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर बनी इस फिल्म को ऑडियंस ने उतना नहीं सराहा जितनी उम्मीद कंगना कर रही थीं। लेकिन इससे कंगना का हौसला कम नहीं हुआ। अब, 'इमरजेंसी' के बाद वो अपने अगले प्रोजेक्ट में जुट गई हैं। कंगना इन दिनों तमिलनाडु के एक शहर में हैं जहां वो एक्टर आर. माधवन के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। उन्होंने सेट से फिल्म के क्लैप की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसमें उन्होंने लिखा है- फिल्म के सेट पर होने से ज्यादा मजेदार और कुछ भी नहीं है। एक्ट्रेस की फिल्म के क्लैप पर, फिल्म से जुड़ी कुछ बातें भी लिखी हैं। कंगना की आने वाली फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं किया गया है। फिल्म को साउथ डायरेक्टर विजय बना रहे हैं। तो वहीं इसे प्रोड्यूस ट्रायडेंट आर्ट्स प्रोडक्शन के मालिक आर. रविंद्रन कर रहे हैं, जो साउथ के एक बड़े फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर भी हैं। उनकी फिल्म को हिंदी भाषा में ही बनाया जा रहा है। कंगना पिछले काफी समय से एक बड़ी हिट फिल्म की तलाश में हैं। उनकी पिछली 11 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल पाई है। उनकी आखिरी हिट फिल्म आर. माधवन के ही साथ थी। साल 2015 में आई डायरेक्टर आनंद एल राय की फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्नस' ही कंगना की आखिरी बड़ी हिट फिल्म थी। हालांकि इस बीच उनकी फिल्म 'मणकिर्णिका' ने कुछ हद तक बॉक्स ऑफिस पर कमाई की थी। लेकिन वो एक बड़ी हिट साबित नहीं हो पाई थी। आर. माधवन के साथ कंगना दो फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। साल 2011 में 'तनु वेड्स मनु' और साल 2015 में उसके सीक्वेल 'तनु वेड्स मनु रिटर्नस'। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खूब चली भी थीं। कंगना को साल 2015 में 'तनु वेड्स मनु रिटर्नस' में अपनी एक्टिंग के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। अब कंगना एक बार फिर अपने लकी चार्म एक्टर आरमाधवन के साथ फिल्म कर रही हैं। ऐसे में क्या वो इस बार एक हिट फिल्म दे पाएंगी? या उनका एक हिट फिल्म का इंतजार अभी और लंबा होगा?

# उर्वशी रौतेला फिर ट्रोल



सैफ अली खान पर हाल ही में उनके घर पर हमला हुआ। ऐसे में उर्वशी रौतेला ने भी सैफ पर हुए हमले को लेकर किए गए सवाल पर रिएक्ट किया था, लेकिन वो बुरी तरह से ट्रोल हो गई थीं। ऐसे में अब उर्वशी ने ट्रोलर्स को जवाब देते हुए पीएम मोदी और बॉलीवुड के खान्स का नाम लिया। बस फिर क्या था वो एक बार फिर से निशाने पर हैं। उर्वशी रौतेला ने इंस्टा बॉलीवुड को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान उर्वशी से उनके ट्रोल होने को लेकर सवाल पूछा गया। उनसे पूछा गया, 'आप ट्रोलिंग पर क्या कहेंगी। लोग कह रहे हैं, सुंदर है लेकिन दिमाग कम है।' इस पर उर्वशी ने कहा, 'इसमें क्या है ना... अब आप बोलेंगे दोबारा कुछ सवाल का सही उत्तर नहीं दे रही हैं। लेकिन हमारे देश के जो प्रधानमंत्री भी हैं, माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी, मेरे सबसे ज्यादा फेवरेट सुपरस्टार शाहरुख खान, सलमान खान... तो लोग जो हैं वो तो उनको भी नहीं बख्शते हैं। तो अब आप ही बताए फिर इसमें क्या किया जाए।' इस बयान के बाद अब उर्वशी एक बार फिर से ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। दरअसल, उर्वशी से सैफ अली खान पर हुए हमले के बारे में सवाल किया गया था। इस पर उर्वशी ने कहा था, 'ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। अब डाकू महाराज ने बॉक्स ऑफिस पर 105 करोड़ पार कर लिए हैं और मेरी मां ने मुझे ये डायमंड जड़ी हुई रोलेक्स गिफ्ट की है। वहीं, मेरे पिता ने मुझे ये मिनी वॉच गिफ्ट की है, लेकिन हम इसे बाहर नहीं पहन सकते।

# स्वरा भास्कर ने तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर हमेशा ही सुर्खियों में बनीं रहती हैं। वो हर बात को बड़ी ही बेबाकी से कहती हैं, लेकिन कई बार इसकी वजह से उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना भी करना पड़ता है। इसी बीच अब स्वरा एक बार फिर से अपने एक इंटरव्यू को लेकर चर्चा में आई हैं। इस इंटरव्यू में स्वरा ने मौलाना सज्जाद नोमानी संग अपनी वायरल तस्वीर पर जवाब दिया है। स्वरा भास्कर ने एक चैनल को अपना इंटरव्यू दिया है। इस दौरान एक्ट्रेस ने कई सवालों के खुलकर जवाब दिए। इंटरव्यू में स्वरा से महाराष्ट्र चुनाव में पति फहाद अहमद को सपोर्ट के दौरान मौलाना सज्जाद नोमानी संग उनकी वायरल हुई तस्वीर पर सवाल किया गया। उनसे पूछा गया कि आपके पहनावे को कंजर्वेटिव कहते हुए सवाल उठाया गया था। इस पर स्वरा ने इसके पीछे की पूरी कहानी बताई। उन्होंने बताया, 'चुनाव में बहुत ज्यादा उथल-पुथल रहता है। वो मीटिंग दरअसल काफी दिन पहले हो चुकी थी। फहाद ने हमारे सोशल मीडिया मैनेजर को कहा कि वो फोटो पोस्ट कर देना। लेकिन उन्होंने न मुझे दिखाया न फवाद को दिखाया। किसी को ये एहसास ही नहीं था कि इतना बड़ा बवाल हो जाएगा।' स्वरा ने आगे कहा, 'बताना चाहती हूं कि सज्जाद नोमानी साहब तो एक शख्स थे जिनसे हम मिले जो एक पोलराइजिंग थे। उस वक्त हम ऐसे बहुत सारे लोगों से मिले जो पोलराइजिंग हो सकते हैं दोनों पक्ष के। मैं बता दूं कि मैं उनसे पहली बार मिली थी। तो मेरे पास उस तरीके का कॉन्टेक्स्ट नहीं था। ये मैंने बाद में पढ़ा जब बवाल होने लगा ।' स्वरा ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा,'ऑफकोर्स मैं इससे अग्री नहीं करती, मैं अपनी सारी बात खुलकर रखती हूं। मैं एक फेमिनिस्ट हूं, लेकिन किसने कहा कि फेमिनिस्ट दूसरों की आस्थाओं का आदर नहीं करते या अदब नहीं दिखाते हैं अपने से बड़े लोगों को। हम लोग जब मंदिर में जाते हैं तो अपना सिर ढकते हैं, गुरुद्वारे में जाते हैं तो अपना सिर ढकते हैं तो अब आप मौलाना से मिलने जा रहे थे , मस्जिद के सामने से जा रहे थे तो सिर ढक लिया...मुझे लगता है इससे ज्यादा इंडियन चीज कुछ हो नहीं सकती।'

# छावा से हटेगा विवादित सीन



विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म छावा को लेकर विवाद हो रहा है। मराठा शासक छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म के ट्रेलर में एक डांस सीन को लेकर मराठा संगठन संभाजी ब्रिगेड ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह सीन मराठा सम्राट की गरिमा को ठेस पहुंचाता है और इससे उनके सम्मान की कमी होती है। इस मामले में फिल्म के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर ने मनसे नेता राज ठाकरे से मुलाकात की। डायरेक्टर ने राज ठाकरे को आश्वासन दिया कि विवादित सीन को फिल्म से हटा दिया जाएगा। ठाकरे ने फिल्म प्रोड्यूसर्स से मराठा इतिहास और संस्कृति का सम्मान बनाए रखने की अपील की है। हाल में महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने फिल्म छावा को लेकर एक ट्वीट किया था। इस ट्वीट में कहा गया गया कि मेकर्स को ये फिल्म थिएटर में रिलीज करने से पहले किसी एक्सपर्ट को दिखानी होगी। उदय सामंत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा, 'यह गर्व की बात है कि छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म बनाई जा रही है। हालांकि, यह जरूरी है कि फिल्म को रिलीज से पहले इतिहास के जानकार और एक्सपर्ट देख लें। अगर कोई भी आपत्तिजनक सामग्री पाई जाती है, तो इसे तुरंत हटा दिया जाए। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस फिल्म में छत्रपति की गरिमा और सम्मान की रक्षा हो।'

# 'सितारे जमीन पर' टिकी आस



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान पिछले काफी समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आए हैं। साल 2022 में उनकी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' के फ्लॉप हो जाने के बाद, उन्होंने कुछ समय के लिए ब्रेक लिया था। अब वो नए प्रोजेक्ट 'सितारे जमीन पर' से जुड़ गए थे। उनकी नई फिल्म बहुत जल्द रिलीज होनी थी, लेकिन किसी कारण से उसे पोस्टपोन किया गया। अब आमिर ने खुद मीडिया के सामने अपनी आने वाली फिल्म पर अपडेट दिया है। उन्होंने कहा है कि वो फिल्म को क्रिसमस 2025 पर रिलीज करने का प्लान कर रहे हैं। एक्टर संडे यानी 26 जनवरी के मौके पर गुजरात में मौजूद दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैचू ऑफ यूनिटी पर थे। वहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा- मेरी अगली फिल्म बतौर लीड एक्टर 'सितारे जमीन पर' है। हम फिल्म को इस साल के अंत तक क्रिसमस के मौके पर रिलीज करने का प्लान कर रहे हैं। ये काफी एंटरटेनिंग फिल्म है, मुझे इसकी स्टोरी पसंद है। आमिर खान ने आगे बताया कि उनकी फिल्म सितारे जमीन का क्लाइमैक्स गुजरात के वडोदरा शहर में शूट हुआ है। एक्टर ने कहा, 'तारे जमीन पर का जो सीक्वेल है सितारे जमीन पर, इसका क्लाइमैक्स वडोदरा शहर में शूट किया गया है।'

# महाराष्ट्र में 'मोबाइल फॉरेंसिक वैन' शुरू

- सीएम फडणवीस ने किया लोकार्पण
- 'मोबाइल फॉरेंसिक वैन' वाला पहला राज्य
- सह्याद्री अतिथि गृह में आयोजित कार्यक्रम

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत, सात साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराधों के लिए फॉरेंसिक साक्ष्यों का उपयोग अनिवार्य किया गया है। इसी के तहत महाराष्ट्र ने 'मोबाइल फॉरेंसिक वैन' की शुरुआत की है, जिससे वह यह सुविधा प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कही। सह्याद्री अतिथि गृह में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मोबाइल फॉरेंसिक वैन का फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया।



### वैन में होगी हर सुविधा

▪ वैन में डीएनए सैंपल, खून और अन्य फॉरेंसिक साक्ष्य एकत्र करने की सुविधा होगी। इसके अलावा, बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में भी यह मददगार होगी। वैन में फॉरेंसिक विशेषज्ञ और सहायक कर्मचारी मौजूद रहेंगे। सायबर अपराधों की जांच के लिए विशेष किट्स और सीसीटीवी कनेक्टेड सिस्टम भी उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तकनीक से साक्ष्य एकत्र करने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और सटीक होगी। यह सुनिश्चित करेगा कि साक्ष्यों में कोई छेड़छाड़ न हो। इस पहल से अपराधियों पर लगाम लगेगी और अपराध सिद्धि की दर बढ़ेगी।

### राज्य में शुरू की जाएंगी कुल 259 वैन

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि राज्य में कुल 259 मोबाइल फॉरेंसिक वैन शुरू की जाएंगी, जिनमें से 21 पूरी तरह से सुसज्जित वैन पहले ही कार्यरत हैं। इन वैन का उपयोग अपराध स्थलों पर जाकर फॉरेंसिक जांच और साक्ष्य जुटाने में किया जाएगा। ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग करते हुए क्राइम सीन एप्लिकेशन के माध्यम से जांच की जाएगी, जिसमें साक्ष्य एकत्र कर बारकोड से सुरक्षित किए जाएंगे।

### खिलाड़ियों को अधिक सुविधाएं प्रदान की जाएं : सीएम

▪ मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। क्रीडा व युवक कल्याण विभाग द्वारा शंभर दिनों में किए जाने वाले कार्यों का आढावा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सह्याद्री अतिथि गृह में आयोजित बैठक में लिया। मुख्यमंत्री श्री. फडणवीस ने कहा, "आंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को आवश्यक सेवाएं और सुविधाएं मिलनी चाहिए, इसके लिए क्रीड़ा विभाग को आवश्यक कार्यवाही करनी चाहिए।

# समृद्ध व्यापार करने को संगठन जरूर : पुरोहित

राजस्थानी व्यापारी एसोसिएशन मंडल का उद्घाटन

सुरेश पाडीव /जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** चेम्बूर के वैभवनगर स्थित हनुमान मंदिर में राजस्थानी भाइयों में व्यापार कुशलता कूट-कूट कर भरी हुई है, जिसके बलबूते वे जहां भी पहुंचे अपनी अलग पहचान बनाई है। उक्त विचार महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री राज के.पुरोहित ने चेम्बूर में आयोजित राजस्थानी व्यापारी एसोसिएशन मंडल, मुंबई के उद्धघाटन समारोह में व्यक्त किए। पुरोहित ने कहा कि आज मुंबई महानगर में जितने बड़े राजस्थानी व्यापारी क्यों न हो हर कोई मुश्किल हालातों के वजह से ही अपना गांव छोड़कर यहां आया है। यदि उन्होंने स्वयं नहीं तो उनके दादा,परदादा ने मुम्बई में बड़ी ही मुश्किल हालात में अपने शुरुवाती दिन बिताएं हैं। आज भी हमें कई सारे मोर्चों पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके लिए हमें एकजुट होने की जरूरत है। ऐसे में संगठन होने से हमें काफी मदद



मिलती है। आज हमारे सामने प्रत्यक्ष के साथ-साथ अमेजन, फ्लिपकार्ट, जोमाटो और स्विगी जैसी परोक्ष चुनौतियां हैं, जिनसे हमें लड़ना और जितना है। इसी क्रम में विधायक तुकाराम काते ने अपने संबोधन में व्यापारियों को अपनी ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। समारोह के दौरान अध्यक्ष भवरसिंह पिलोवनी, कांतिलाल पुरोहित, राजुभाई दासपा आदि गणमान्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्था अध्यक्ष भवरसिंह राजपुरोहित पिलोवनी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे संगठन को मज़बूत बनाने के लिए तन-मन-धन का सहयोग करने की जरूरत है। हमारी संस्था प्रतिवर्ष एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन करेगी। उस कार्यक्रम में संस्था की ओर से प्रतिभावान बालक-बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अपने इस संगठन के माध्यम से हम व्यापारियों में एकजुटता लाने का प्रयास करेंगे।





▪ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशती के अवसर पर मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र द्वारा संपादित पुस्तक अटल चेतना का विमोचन भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष के हाथ से किया गया ।सोमवार को महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा कार्याध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की उपस्थिति में प्रदेश कार्यालय में हुए एक समारोह में श्री संतोष व श्री मिश्र के अलावा पूर्व विधायक सुनील राणे,प्रदेश संगठनमंत्री रवि अनासपूरे,प्रदेश महामंत्री विधायक विक्रम पाटिल, राजेश पांडे, संजय केनेकर व माधुरी नाईक के अलावा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 31 को राजस्थानी कलाकार देंगे प्रस्तुति

**मीरा-भायंदर।** श्री बाबा रामदेवपीर ट्रस्ट, मुंबई द्वारा माही बीज के अवसर पर श्री बाबा रामदेवपीर भजन सत्संग का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 31 जनवरी को प्रातः आठ बजे से ही इस कार्यक्रम का शुभारंभ हो जाएगा। लोकमान्य तिलक महानगर पालिका हॉल, सरस्वती नगर, नवघर रोड, गुरुद्वारा के पास, भायंदर (पूर्व) जिला ठाणे में आयोज्य यह कार्यक्रम प्रातः वरघोड़ा, आरती-पूजा, मंदिर स्थापना, दीप प्रज्ज्वलन सहित विभिन्न धार्मिक गतिविधियों के साथ दिनभर मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रघुनाथपीर धुणी ट्रस्ट अध्यक्ष मुन्नालाल मेंशन, सालरिया से सूरज नगाराम गहलोत, अखिल मेघवाल विकास संस्था प्रदेश (दिल्ली) मुख्य संरक्षक नारायाण लाल राठौड़, मेघवाल एवं कंपनी वाणगांव (घणसोली) से गोविंदराम घीसाराम वामणिया (धामणी), सफाल (पालघर) के रे. स्टेशन मास्टर चुन्नीलाल मनाराम आगलेचा (भागली), पीराराम दलाराम चौहान मेवीकला एवं लखाराम रूपाराम परमार जैला (सिरोही) उपस्थित रहेंगे।




### पप्पू मारवाड़ी प्रस्तुत करेंगे भव्य झांकियां

▪ इस अवसर पर भजन सम्राट एंड पार्टी सुमेरपुर किशोर पालीवाल, शीतल वैष्णव एवं मुकेश चौहान भजनों से भक्ति की सरिता बहाएंगे। वहीं वायोसा म्यूजिकल ग्रुप आहोर के मदनसिंह राठौड़ एवं डांसर टीना प्रजापत शानदार प्रस्तुतियां देंगे। पप्पू मारवाड़ी अपनी भव्य झांकियां प्रस्तुत करेंगे।

# गणपत पुरोहित के निवास पर भंसाली सम्मानित



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के वीपी रोड़ स्थित मेटल एंड स्टेनलेस स्टील मर्चेंट्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गणपत डी.पुरोहित के निवास पर स्नेह मिलन का आयोजन रखा गया था। जिसमे मासमा के अध्यक्ष चंदन भंसाली को गणपति बप्पा की तस्वीर भेंटकर सम्मान करते धुडाराम पुरोहित, प्रतापभाई दाता, अमृतलाल चित्तलवाना, बाबूलाल खींयाणी,हरीश जोशी,मिश्रीमल खिरोड़ी, दिनेश बालेरा,हजाराम हिन्डवाड़ा,फूलचंद तातडा,हमीराराम केरिया,विमल पालड़ी, जबराराम खिरोड़ी, डायालाल मेड़ा,पुरुषोत्तम मेड़ा,अरविंद सिंह बारवा समेत सैकड़ो प्रवासी मौजूद थे।

# बोरीवली के वीर सावरकर उद्यान में लहराया तिरंगा

- गणतंत्र दिवस पर देशप्रेम के गीतों से झूम उठा परिसर
- डा. योगेश दुबे मुख्य अतिथि के रूप में रहे उपस्थित

**बोरीवली।** 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बोरीवली (पश्चिम) स्थित वीर सावरकर उद्यान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त भाजपा नेता डा. योगेश दुबे प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन की अध्यक्षता उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद जनसेवक गोपाल शेट्टी ने की। वीर सावरकर उद्यान के प्रशासक अजय राज पुरोहित तथा उनकी टीम ने इस अवसर पर समाज और साहित्य सेवा में लिप्त रहने वाले अनेक गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाले हैं प्रमुख व्यक्तियों के नाम हैं बाबूलाल जैन , डाक्टर वसंत खटाव, दिलीप मायावंशी, रमेश पालीवाल, पत्रकार लालजी पटेल, सी.ए. चेतन शाह, फिल्म अभिनेता सन्नी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नारायण मुंडले, रामू पालीवाल तथा टी सिरीज के सुनील तिवारी मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अजयराज पुरोहित की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मलाबेन पुरोहित को उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने विशेष रूप से सम्मानित करते हुए, उन्हें सामाजिक कार्यों में हमेशा तत्पर रहने वाले अजयराज पुरोहित की 'प्रेरणा' बताया और उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की।



# संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के कैलेंडर का प्रकाशन

**मुंबई।** संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, बोरीवली का वार्षिक कैलेंडर का प्रकाशन रविवार को आयोजित एक समारोह में किया गया। डा. वी. क्लेमेंट बेन ने इस कैलेंडर का प्रकाशन किया। नेशनल पार्क के बारे में जानकारी देने वाला यह कैलेंडर हर साल प्रकाशित किया जाता है। इस वर्ष भी इस कैलेंडर को प्रकाशित करते समय आकर्षक तस्वीरों के साथ नेशनल पार्क के बारे में जानकारी भी दी गई है। यह एक विशेष कैलेंडर है जो मुंबई के उपनगर बोरीवली में स्थित इस नेशनल पार्क की जैव विविधता के बारे में जानकारी प्रदान करता है। इसमें पार्क में रहने वाले जानवरों और प्रकृति की सुंदरता की तस्वीरें शामिल हैं। इस कैलेंडर की अवधारणा वन रेंज अधिकारी योगेश महाजन, कृष्णगिरी उपवन और कर्मचारियों की है। इस कैलेंडर में शामिल तस्वीरें राजू बांदेकर और नयन खानोलकर द्वारा ली गई हैं। यह कैलेंडर शहरी संयुक्त वन प्रबंधन समिति, बोरीवली के सहयोग से प्रकाशित किया गया है।



# धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



- काशीनाथ गाडिया सभागार में कार्यक्रम
- प्रमुख अतिथि श्रीमती डा. मंजू लोढ़ा शामिल
- आदर्श शिक्षक पुरस्कार से संतोष पांडे सम्मानित

**मुंबई।** एम.सी.एच.स्कूल एवं जूनियर कॉलेज द्वारा रविवार को 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह काशीनाथ गाडिया सभागार में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि श्रीमती डा. मंजू लोढ़ा तथा विशेष अतिथि ओमप्रकाश चमडिया, हिन्दुस्थान चेम्बर के अध्यक्ष सुशील गाडिया,चेंबर के उपाध्यक्ष गोविंद शराफ,चेंबर संरक्षक बैजनाथ रुंगटा विद्यालय के प्रबंध समिति अध्यक्ष देवीचंद चोपडा, मंत्री विनोद लोढ़ा , मोहनलाल अग्रवाल, निर्मल गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजीव बूबना, विशिष्ट सदस्य अशोक पारेख तथा प्रधानाचार्या श्रीमती कुसुम पाठक उपस्थित थे। हिन्दुस्थान चेम्बर एवं चिकित्सालय के कई गणमान्यो की उपस्थिति से कार्यक्रम सुशोभित हुआ। विद्यार्थियों ने बेहद ही शानदार रंगारंग कार्यक्रम, देशभक्ति नृत्य, राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। दसवीं कक्षा में प्रथम अंक प्राप्त करने वालों छात्रों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किये गए। प्रमुख अतिथि डा. मंजू मंगल प्रभात लोढा ने बहुत ही शानदार उदबोधन दिया तथा नवीन स्मार्ट बोर्ड का शुभारंभ डा. मंजू के कर कमलों द्वारा किया गया। आदर्श शिक्षक पुरस्कार संतोष पांडे को प्रदान किया गया। सभी ने छात्रों की प्रस्तुति की बहुत प्रशंसा की तथा सभी शिक्षकों को गणतंत्र दिवस की ढेर सारी बधाइयाँ दी।

# बिड़ला महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



मुंबई। बी.के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण द्वारा अंतरमहाविद्यालयीन साइंस फेस्टिवल 'प्रवाह-2025' का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में 'न्यू एज साइंस-आवर विजन आवर फ्यूचर' विषय को केंद्र में रख कर विज्ञान प्रदर्शनी एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में मुंबई विश्वविद्यालय के अनेक महाविद्यालयों के विज्ञान की 12 शाखाओं के लगभग ढाई हजार छात्रों एवं प्राध्यापकों को सहभागिता रही। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रूचि जागृत करना और लोककल्याणी संसाधनों की खोज करना था। इस आयोजन के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में 'द नेशनल अकादमी ऑफ़ साइंस, इंडिया (मुंबई विभाग) के चेयर मैन प्रो. ए. के. सिंह, सम्मानित अतिथि के रूप में बायो जिनोमिक्स, ठाणे के निदेशक डा. संजय सोनार तथा विशेष अतिथि के रूप महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुबोध दवे एवं निदेशक डा. नरेश चन्द्र उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अविनाश पाटील ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन के संयोजक डा. विलास खैरनार ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अंतर्विद्यालयीन विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था जिसमें आस-पास के अनेक विद्यालयों के छात्रों ने अपनी प्रदर्शनी लगाई थी। इस आयोजन में सेंट जेवियर कॉलेज, सोमैया कॉलेज, सिद्धार्थ कॉलेज, आर. जे. झुनझुनवाला कॉलेज, एस आई ई एस कॉलेज और जे. वी. आचार्य टेक्नीकल इंस्टिट्यूट आदि संस्थानों के छात्रों की सहभागिता रही। समारोह का समापन महाराष्ट्र स्टेट स्किल यूनिवर्सिटी की कुलगुरु डा. अपूर्वा पालकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



# डोंबिवली में 13वीं मंजिल से गिरी दो साल की बच्ची



**ठाणे।** महाराष्ट्र के डोंबिवली के देवीचापाड़ा इलाके में एक चमत्कारिक घटना घटी। 26 जनवरी की सुबह 13 मंजिला इमारत के तीसरे मंजिल से दो वर्षीय बच्चा नीचे गिरने लगा, जैसे ही बच्चा गिरने लगा इमारत में रहने वाले भावेश म्हात्रे नामक युवक ने भागकर उसकी जान बचा ली। इस घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है। घटना देवीचापाड़ा इलाके में हुई और बच्चे को केवल मामूली चोटें आईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि भावेश म्हात्रे बच्चे को पकड़ने के लिए दौड़ रहे हैं। हालांकि वह उसे पूरी तरह से पकड़ने में विफल रहते है, जिसकी वजह से बच्चे को मामूली चोट आती है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बच्चा अपने 13वीं मंजिल के फ्लैट की बालकनी में खेलते समय कुछ देर तक लटकी रहीं और फिर गिर गईं। म्हात्रे ने बताया कि वह इमारत के पास से गुजर रहे थे और उन्होंने आगे बढ़ने से पहले दो बार नहीं सोचा क्योंकि वह बच्चे की जान बचाने के लिए प्रतिबद्ध थे। साहस और मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

# पोईसर जिमखाना में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित



▶▶ जनसेवक गोपाल शेट्टी सहित भारी संख्या में समाजसेवी और नागरिक रहे उपस्थित

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कांदिवली।** कांदिवली ( पश्चिम) स्थित पोईसर जिमखाना में गणतंत्र दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद जनसेवक गोपाल शेट्टी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ समाजसेवी नारायण मुंडले ने इस अवसर पर ध्वजारोहण किया। तिरंगे को सलामी देने के उपरांत जनसेवक गोपाल शेट्टी ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं, जो 26 जनवरी, 1950 को हमारे संविधान को अपनाने का गौरवशाली प्रतीक है। यह दिन इसलिए भी बहुत खास हो जाता है क्योंकि इस दिन ही हमने अंग्रेजों के नियम-कायदों से हटकर अपना अलग संविधान तैयार करने के बाद उसे लागू किया था। भारत में हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस बहुत गर्व और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जो प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए महत्वपूर्ण है। आजादी के लगभग 3 साल बाद 26 जनवरी 1950 को हमारा देश एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य बना था । गणतंत्र दिवस के दिन लोग अपना धर्म, जाति, लिंग भूल कर इस दिवस को मनाते हैं। यह पूरे देश को एक साथ लाता है। यह सचमुच हमारे देश की विविधता को दर्शाता है। आज पोईसर जिमखाना में इसी उद्देश्य से जाति, भाषा और धर्म को भुलाकर सच्चे देशभक्त नागरिक के रूप में हम सब एकत्रित हुए हैं।

# ठाणे के मैंगो घोसले झील में मिला शव

**ठाणे।** ठाणे के कोपरी इलाके के कोलीवाड़ा निवासी 50 वर्षीय परेश पोतदार का शव सोमवार सुबह करीब 11-17 बजे राबोडी इलाके के केसलमिल स्थित अंबे घोसले तालाब में मिला। शव को बाहर निकालकर राबोडी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। मृतक परेश पोतदार (50) धनलक्ष्मी सोसायटी, चेंदनी कोलीवाड़ा, कोपरी, ठाणे (पूर्व) का शव सोमवार को मैंगो घोसले झील, कैसलमिल नाका, राबोडी, ठाणे में एक झील में मिला। घटना की जानकारी मिलने पर राबोडी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी, आपदा प्रबंधन सेल के कर्मचारी, दमकल कर्मी शव वाहन के साथ मौके पर मौजूद थे. मौके पर आपदा प्रबंधन कर्मचारियों ने अग्निशमन कर्मियों की मदद से शव को झील से बाहर निकाला और राबोडी पुलिस को सौंप दिया। राबोडी पुलिस ने शव को आगे की कार्रवाई के लिए कलवा के छत्रपति शिवाजी अस्पताल भेज दिया है। परेश पोतदार सदर झील कैसे आए यह पता नहीं चल पाया है कि उन्होंने आत्महत्या की या दुर्घटनावश उनकी मृत्यु हो गई या फिर उनकी हत्या की गई। उनकी मौत पीछे कई सवाल छोड़ गई है? पुलिस जांच करने में जुटी है ।



# महाकुंभ में अदाणी और इस्कॉन की महाप्रसाद सेवा

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** अदाणी समूह और इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) ने इस साल प्रयागराज में महाकुम्भ मेले में श्रद्धालुओं को भोजन परोसने के लिए हाथ मिलाया है। महाप्रसाद सेवा 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले की पूरी अवधि के दौरान की जाएगी। इस्कॉन को धन्यवाद देने के लिए अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी इस्कॉन शासी निकाय आयोग (जीबीसी) के चेयरमैन गुरू प्रसाद स्वामी से मुलाकात की। महाप्रसाद सेवा' में इस्कॉन के सहयोग पर अदाणी ने कहा, कुम्भ सेवा का एक पवित्र स्थान है, जहां हर भक्त भगवान की सेवा में शामिल होता है। यह मेरा सौभाग्य है कि हम इस्कॉन के सहयोग से महाकुम्भ में भक्तों के लिए 'महाप्रसाद सेवा' शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से लाखों श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। आज मुझे इस्कॉन के गुरु प्रसाद स्वामी जी से मिलने का अवसर मिला और मैंने सेवा के प्रति समर्पण की शक्ति को गहराई से अनुभव किया। सच्चे अर्थों में सेवा ही देशभक्ति का सर्वोच्च रूप है। सेवा ही ध्यान है, सेवा ही प्रार्थना है और सेवा ही ईश्वर है। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी के प्रमुख प्रचारकों में से एक गुरु प्रसाद स्वामी ने कहा अदाणी समूह हमेशा से कॉरपोरेट जिम्मेदारी और सामाजिक सेवा का एक शानदार उदाहरण रहा है।




### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उदयपुर के घाटारानी माता ( चामुंडा माता ) मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

# गृहमंत्री अमित शाह ने संगम में लगाई डुबकी

## साधु संतों के साथ की सूर्य उपासना, पांच को पीएम मोदी लगाएंगे संगम में डुबकी





**प्रयागराज।** गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को प्रयागराज पहुंचे हैं। उन्होंने परिवार सहित संगम में डुबकी लगाई। गृहमंत्री के साथ उनके बेटे जय शाह, बाबा रामदेव भी मौजूद हैं। इसके अलावा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य सहित प्रदेश सरकार के कई मंत्री भी साथ मौजूद हैं। बाद वो साधु संतों से भी मिले। सोमवार को ही प्रयागराज में साधु संतों की धर्म संसद भी हुई।

### मौनी अमावस्या पर बन रहे दुर्लभ संयोग

*मौनी अमावस्या को माधी और माघ अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन का शाही स्नान बहुत ही खास माना जा रहा है। इस दिन कई सारे दुर्लभ संयोग बनने जा रहे हैं। दरअसल, 29 जनवरी को चंद्रमा, सूर्य और बुच मकर राशि में त्रिवेणी संयोग बनाएंगे। पांच फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रयागराज जाएंगे। रविवार को ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी संगम में डुबकी लगाने प्रयागराज पहुंचे थे।*

### जयपुर के जोबनेर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# ब्लड की तस्करी करने वाले गिरोह पर कसा शिकंजा

## तीन लोगों को हिरासत में लिया, 255 यूनिट रक्त किया बरामद

**जयपुर।** जिले के जोबनेर थाना पुलिस ने रविवार रात नाकाबंदी के दौरान एक कार से भारी मात्रा में ब्लड यूनिट्स बरामद कर तीन युवकों को हिरासत में लिया है। इसके बाद पुलिस ने इस मामले की जानकारी औषधि नियंत्रण विभाग जयपुर को दी। सोमवार को विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने ब्लड यूनिट्स की जांच की और उन्हें जयपुरिया अस्पताल जयपुर भेज दिया।




### कार से जब्त किया रक्त

*जोबनेर थानाधिकारी सोहेल खान के अनुसार नाकाबंदी के दौरान एक कार को रुकवाया गया, जिसमें कार्टन में बड़ी संख्या में ब्लड यूनिट्स के पैकेट पाए गए, जब पुलिस ने कार में सवार लोगों से ब्लड के दस्तावेज मांगे, तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद पुलिस ने कार को जब्त कर तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में युवकों ने बताया कि मकराना में पूर्व विधायक के भाई की स्मृति में आयोजित ब्लड कैंप से 255 यूनिट ब्लड लेकर सवाईमाधोपुर जा रहे थे, लेकिन दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने इनका ट्रांसपोर्टेशन संदिग्ध पाया।*

### अवैध तरीके से ले जा रहे थे रक्त

*औषधि नियंत्रण विभाग के अतिरिक्त ड्रग कंट्रोलर विजय सिंघल ने बताया कि जोबनेर थाना पुलिस से सूचना मिलने के बाद उनकी टीम मौके पर पहुंची और 255 ब्लड यूनिट्स की जांच की। जांच के बाद ये ब्लड यूनिट्स जयपुरिया अस्पताल भेजे गए, जहां इनकी जांच की जाएगी। विभाग की टीम द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मकराना में आयोजित ब्लड कैंप से एकत्रित अधिक संख्या में ब्लड यूनिट्स को बिना किसी उचित दस्तावेज के सवाईमाधोपुर भेजा जा रहा था, जो नियमों के खिलाफ है।*

# 'गांव बंद' आंदोलन कल

## किसान महापंचायत ने प्रदेश के 45,537 गांवों में 29 जनवरी को बंद का आह्वान किया

**जयपुर।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ किसानों ने 29 जनवरी को गांव बंद आंदोलन का आह्वान किया है।

किसान महापंचायत ने प्रदेश के 45, 537 गांवों में बंद का आह्वान किया है। इस दिन गांव के लोग और उत्पाद गांव में ही रहेंगे। आपातकालीन स्थिति को छोड़कर बस, जीप, रेल या अन्य किसी यातायात के साधन का उपयोग नहीं किया जाएगा।

गांव से किसान मंडियों में बेचने के लिए अनाज या फल-सब्जी बेचने नहीं जाएंगे। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि गांव बंद आंदोलन पूरी तरह स्वेच्छा पर आधारित होगा। 15 से ज्यादा संगठन इस आंदोलन में किसान महापंचायत को समर्थन दे चुके हैं।

## राजस्थान हाईकोर्ट : तीन नवनियुक्त जजों ने ली शपथ

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में 3 नव नियुक्त जजों ने शपथ ग्रहण की है। हाईकोर्ट की मुख्य पीठ जोधपुर में मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने नव नियुक्त जज चंद्रशेखर शर्मा, प्रमिल कुमार माथुर और चंद्र प्रकाश श्रीमाली को शपथ दिलाई। इसके साथ ही राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। तीनों 1992 बैच के न्यायिक अधिकारी हैं। इससे पहले गत वर्ष अक्टूबर माह में भी राजस्थान हाईकोर्ट को तीन और न्यायाधीश मिले थे।



चंद्रशेखर शर्मा | प्रमिल कुमार माथुर | चंद्रप्रकाश श्रीमाली

## पुलिस मुख्यालय में बम की सूचना से हड़कंप मचा

### पुलिस ने एक को दबोचा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजधानी स्थित पुलिस मुख्यालय और जयपुर के अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बम की




सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया और बम की तलाश शुरू की। हालांकि, तलाशी में पुलिस को बम जैसी कोई वस्तु नहीं मिली। इधर, कॉल करने वाले शख्स की तलाश में जुटी पुलिस ने आखिरकार झूठी सूचना देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब उससे पूछताछ में जुटी है। दरअसल, पुलिस कंट्रोल रूम पर रविवार रात को एक शख्स ने कॉल किया और जयपुर स्थित पुलिस मुख्यालय व अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर बम होने की जानकारी दी। इसके बाद एकबारगी महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने कॉल करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम निरंजन है। वह आदतन शराबी है और शराब के नशे में उसने पुलिस कंट्रोल रूम में कॉल कर बम की सूचना दी थी।

### पीएम मोदी ने की ट्रम्प से बातचीत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की। ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहली बार है, जब उनकी पीएम मोदी से उनसे बात की। दोनों के बीच भारत-अमेरिका के रिश्तों को लेकर चर्चा हुई।

## एक नजर

### स्व. सुशील मोदी को पद्म भूषण

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व डिप्टी मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी का निधन 13 मई 2024 को नई दिल्ली स्थित एम्स में हुआ। 72 वर्षीय सुशील मोदी कैंसर से पीड़ित थे और हाल ही में उन्हे भारत सरकार के द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया हैं। सुशील कुमार मोदी ने 3 अप्रेल 2024 को एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट के जरिए कैंसर से अपनी लड़ाई की जानकारी साझा की थी।

### विदेश सचिव ने की चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात

**बीजिंग।** भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने सोमवार को चीनी विदेश मंत्री वांग यी से बीजिंग में मुलाकात कर द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा



की। मिसरी भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के सिलसिले में दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। मिसरी की यात्रा पिछले महीने विशेष प्रतिनिधि तंत्र के तहत वांग और डोभाल के बीच वार्ता के बाद हुई है।

### अयोध्या में दो श्रद्धालुओं की मौत

अयोध्या। अयोध्या में सोमवार को हरियाण निवासी दो बुजुर्ग श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दोनों बुजुर्ग श्रद्धालु बेहोश हो गए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। दोनों की ही उम्र 60 साल से अधिक बताई जा रही है। दोनों मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। दोनों भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आए थे।

### साउथ में मशहूर फिल्म निर्माता का निधन

**चेन्नई।** साउथ सिनेमा से एक बड़ी दुखद खबर सामने आई है जहां मलयालम फिल्म निर्माता शफी के चले जाने पर स्टार्स शोक व्यक्त कर रहे हैं। मशहूर फिल्म निर्माता शफी का 26 जनवरी को कोच्चि में निधन हो गया। वे 56 वर्ष के थे। उन्हें 16 जनवरी को स्ट्रोक आया था और तब से वे अस्पताल में भर्ती थे। फिल्म मेकर के अचानक निधन से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में मातम पसरा हुआ है।

### जगन मोहन रेड्डी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। आय से अधिक संपत्ति मामले में रेड्डी के खिलाफ ट्रायल ट्रांसफर की मांग सुप्रीम कोर्ट ने ठुकरा दी है। ट्रायल को आंध्र प्रदेश के बाहर दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग की गई थी। इस मामले में जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, हाई कोर्ट इस मामले की निगरानी कर रहा है।

### लुकाशेंको सातवीं बार बने बेलारूस के राष्ट्रपति

**मिंस्क।** रूस के सहयोगी अलेक्जेंडर लुकाशेंको सोमवार को फिर से बेलारूस के राष्ट्रपति चुने गए हैं। वह वर्ष 1994 से इस पद पर बने हुए हैं। पश्चिमी देशों ने इस चुनाव को दिखावा करार दिया है। देश के केंद्रीय चुनाव आयोग के प्रमुख इगोर कारपेंको ने सोमवार तड़के कहा कि हमने राष्ट्रपति चुन लिया है। आयोग के आधिकारिक अकाउंट पर जारी प्रारंभिक परिणामों के अनुसार, लुकाशेंको ने 86.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए।

### पादरी अंतिम संस्कार मामला

## सुप्रीम कोर्ट के जजों का फैसला अलग-अलग

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के पादरी के अंतिम संस्कार पर सुप्रीम कोर्ट की 2 जजों की बेंच ने अलग-अलग फैसले दिए। मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एससी शर्मा की बेंच के सामने हो रही थी। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि कन्वर्ट होकर क्रिश्चियन बने पादरी को परिवार की खेती की जमीन पर दफनाया जाए। जस्टिस शर्मा ने कहा कि उनका अंतिम संस्कार क्रिश्चियन कम्युनिटी के कब्रिस्तान में किया जाए। दरअसल, रमेश नाम के व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी कि उसके पिता सुभाष पादरी थे। 7 जनवरी को बीमारी के कारण उनका निधन हो गया था। वे गांव के कब्रिस्तान में पिता का शव दफन करना चाहते हैं, लेकिन ग्रामीण इससे इनकार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने उसकी याचिका 9 जनवरी को खारिज कर दी थी। याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये दुखद है कि किसी व्यक्ति को अपने पिता के अंतिम संस्कार के लिए सुप्रीम कोर्ट आना पड़ रहा है।

### शिमला गुड़िया हत्याकांड

# आईजी जैदी सहित आठ पुलिसकर्मियों को उम्रकैद

## कोर्ट ने सभी पर लगाया एक-एक लाख जुर्माना



**शिमला।** 2017 में शिमला जिले के कोटखाई में हुए गुड़िया दुष्कर्म व हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी सूरज की लॉकअप में हत्या के मामले में सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा हुई है। सीबीआई कोर्ट ने दोषियों से उनकी आखिरी अपील सुनी। मामले में दोषी आईजी आईपीएस जहूर हैदर जैदी व डीएसपी समेत आठ पुलिस जवानों को तीन अलग-अलग धाराओं के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। वहीं सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। बीती 18 जनवरी को सीबीआई कोर्ट ने गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर दोषी करार देने के बाद पुलिस ने जैदी के अलावा तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी, पुलिस सब इंस्पेक्टर राजिंद्र सिंह, एएसआई दीप चंद शर्मा, मानक मुख्य आरक्षी मोहन लाल व सूरत सिंह, मुख्य आरक्षी रफी मोहम्मद और कांस्टेबल रनीत सतेता को गिरफ्तार कर लिया था जो के अभी बुड़ैल जेल बंद है।


### क्या था गुड़िया हत्याकांड

*शिमला जिले के कोटखाई में चार जुलाई 2017 को लापता हुई 16 वर्षीय छात्रा का शव कोटखाई के तांदी के जंगल में निर्वस्त्र मिला था। मामले की जांच के लिए शिमला के तत्कालीन आईजी जैदी की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की थी, जिसने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिनमें नेपाल मूल का एक युवक सूरज भी शामिल था। नेपाली युवक सूरज की कोटखाई थाने में पुलिस हिरासत के दौरान लॉकअप में मौत हो गई थी। मौत का यह मामला जांच के लिए बाद में हिमाचल पुलिस ने सीबीआई को सौंप दिया था। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ कि सूरज की मौत पुलिस प्रताड़ना के कारण हुई थी।*

# सोलापुर में 'जीबीएस' के 101 मरीज

## 'गुइलेन-बैरे सिंड्रोम' पीड़ित एक मरीज की मौत

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में 'गुइलेन-बैरे सिंड्रोम' (जीबीएस) से 100 से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से एक की मौत भी हो चुकी है। इस




बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाशराव अबितकर ने कहा है कि संक्रमण रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग अच्छे से काम कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही विशेषज्ञ टीम इस पर अपनी राय रखेगी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पुणे में रोग प्रतिरोधी क्षमता संबंधी इस विकार से संक्रमित लोगों की संख्या 101 पहुंच गई है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाशराव अबितकर ने कहा, हमें जल्द ही जीबीएस (गुइलेन-बैरे सिंड्रोम) रोगियों के बारे में डाक्टरों की हमारी विशेषज्ञ टीम की राय मिल जाएगी। पुणे नगर निगम और महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग अच्छे से काम कर रहे हैं ताकि रोगियों की संख्या न बढ़े। वर्तमान में, 101 संदिग्ध रोगी हैं, जिनमें से 73 रोगियों में जीबीएस का निदान किया गया है। एक मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि यह महाराष्ट्र में जीबीएस के कारण हुई मौत का संभवत: पहला मामला है। सोलापुर का रहने वाला 40

## प्रयागराज महाकुंभ 2025

# लंदन से दोगुना प्रयागराज का किराया, केंद्र सरकार ने बुलाई मीटिंग

**नई दिल्ली।** 144 साल बाद लगे प्रयागराज में 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, तीन फरवरी को बसंत पंचमी और 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा जैसे प्रमुख स्नान को देखते हुए एयरलाइन कंपनियों ने प्रयागराज की टिकट का किराया कई गुना बढ़ा दिया है।

आमतौर पर दिल्ली से प्रयागराज की फ्लाइट टिकट 10 से 15 हजार रुपए की पड़ती है। जबकि मुंबई से प्रयागराज का किराया भी लगभग इतना ही पड़ता है। लेकिन शाही स्नान की तारीखों के लिए प्रयागराज जाने का किराया 50 से 60 हजार रुपए तक पहुंच गया है।



### लंदन की फ्लाइट से भी काफी महंगी

तीन फरवरी को दिल्ली से लंदन जाने वाली फ्लाइट का किराया 30,000 से 37,000 रुपए है। दिल्ली से प्रयागराज का एयर डिस्टेंस करीब 578 किमी है जबकि दिल्ली और लंदन की दूरी करीब 6744 किमी है। तीन फरवरी को ही दिल्ली से सिंगापुर जाने वाली फ्लाइट का किराया 24 से 25 हजार रुपए के आसपास है। दिल्ली से सिंगापुर का एयर डिस्टेंस 4155 किमी है। तीन फरवरी को दिल्ली से प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट की टिकट 50,000 रुपए में मिल रही है तो मुंबई से प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट की टिकट की कीमत 50,000 से 60,000 रुपए के बीच है।

### सरकार ने बुलाई अहम मीटिंग

प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट का किराया जानकर डीजीसीए के साथ-साथ सरकार भी हैरान है। जहां एक तरफ डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों से उचित किराया लेने की अपील की है तो वहीं दूसरी ओर, सरकार ने इस पूरे मामले को ध्यान में रखते हुए एक अहम मीटिंग बुलाई है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर जबरदस्त डिमांड की वजह से कई एक्स्ट्रा फ्लाइट्स अरेंज की गई हैं। डीजीसीए ने हाल ही में प्रयागराज के लिए 81 एक्स्ट्रा फ्लाइट्स को मंजूरी दी है।


स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com